डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
बुधवार
14.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 06
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-60 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

केवल एक भावी लक्ष्य के लिए जिंदगी जीना एक साधारण बात है। वर्तमान में रहने से ही जीवन सार्थक बनता है, न कि बस चोटी पर पहुंचने की आशा में रहने से।

## न्यूज गैलरी

### माओवादियों ने दो जेसीबी को फूंका

**चतरा।** प्रतिबंधीत भाकपा माओवादी उग्रवादियों ने बीते देर रात चतरा सदर थाना क्षेत्र के बरौनी पंचायत के करमाही गांव में सड़क निर्माण कार्य में लगे दो जेसीबी को फूंक दिया। घटना का कारण संवेदक द्वारा लेवी नहीं दिया जाना बताया जा रहा है। वहीं घटना के बाद पुलिस ने उग्रवादियों के धरपकड़ को लेकर अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर मंगलवार को एसडीपीओ अविनाश कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार माओवादियों की संख्या 20 से 25 के आसपास थी। जेसीबी में आग लगाने के बाद माओवादी नारेबाजी करते हुए जंगल की ओर निकल गए। एसडीपीओ ने बताया कि उग्रवादियों के धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

### शहीदों की बहादुरी, बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा : मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनकी सेवा, बहादुरी और बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा। मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि 2001 के संसद हमले के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। हम उनकी सेवा, बहादुरी और बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने संसद हमले की वर्षगांठ पर संसद भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा भी लिया। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़ी तस्वीरें भी साझा की। गौरतलब है कि 13 दिसम्बर 2001 को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। इस हमले में आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए दिल्ली पुलिस के पांच जवान, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कर्मी और संसद के दो कर्मी शहीद हुए थे।

### त्रिकूट पहाड़ हादसे में हाईकोर्ट सरकार के जवाब से असंतुष्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को देवघर के त्रिकूट पहाड़ में हुए ट्रॉली हादसे में तीन लोगों की मौत मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई 14 जनवरी, 2023 को होगी। इससे पहले राज्य सरकार द्वारा दाखिल जवाब से कोर्ट असंतुष्ट नजर आया। कोर्ट ने सरकार को मामले में फिर से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि मामले में बीआईटी मेसरा व सिम्फर की ओर से कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी गयी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार से एक कमेटी बनाकर रिपोर्ट सौंपने को कहा था। इस वर्ष अप्रैल महीने में त्रिकूट पहाड़ पर रोप-वे हादसे में तीन लोगों की जान चली गयी थी। इस पर कोर्ट में स्वत संज्ञान लिया था।

### मोदी ने मन की बात के लिए लोगों से मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसम्बर को आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों से मन की बात करेंगे और इसके लिए उन्होंने लोगों से सुझाव मांगे हैं। श्री मोदी रेडियो और दूरदर्शन पर प्रसारित होनेवाले अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिये देशवासियों से रूबरू होंगे। श्री मोदी का आगामी रविवार को प्रसारित होनेवाला यह कार्यक्रम वर्ष 2022 का अंतिम है। इसके लिये उन्होंने देशवासियों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट करके कहा कि 2022 की आखिरी मन की बात इस महीने की 25 तारीख को होगी। मैं कार्यक्रम के लिए आपका सुझाव प्राप्त करने के लिए उत्सुक हूं। मेरा आपसे आग्रह है कि नमो ऐप, माईगोव पर लिखें या 1800-11-7800 पर अपना संदेश रिकॉर्ड करें।

### अरुणाचल में एयर फोर्स की हवाई गश्त

**तवांग (एजेंसी)।** तवांग में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प के बाद इंडियन एयरफोर्स ने अरुणाचल सीमा पर कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग, यानी जंगी उड़ानें शुरू कर दी हैं। नौ दिसम्बर को तवांग में हुई झड़प से पहले भी चीन ने अरुणाचल सीमा में अपने ड्रोन भेजने की कोशिश की थी। इसके बाद भारतीय वायुसेना ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान अरुणाचल सीमा पर तैनात किये थे। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार तवांग के करीब यांगत्से में एलएसी के पास दो इलाकों होलीदीप और परिक्रमा एरिया में चीन भारतीय चौकियों का विरोध कर रहा है।

## लोहरदगा-गुमला जिला की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा -

# किसी भी भूमि पर अवैध खनन कार्य बिल्कुल बर्दाश्त नहीं

- मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी की जांच कर कार्रवाई का निर्देश
- हिंडाल्को द्वारा अवैध खनन की शिकायत सही तो कंपनी पर करें एफआईआर
- योजनाओं को शोकेस नहीं बनाये प्रशासनिक अमला, गांव के विकास को करे फोकस
- गुमला उपायुक्त के परफॉर्मेंस से नाराज सीएम ने सुनाई खरी-खोटी, दिया सुधार का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को जिला परिषद, लोहरदगा परिसर में लोहरदगा और गुमला जिला में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगति व निपटारे की समीक्षा की। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मनरेगा योजना, छात्रवृति योजना, से संबंधित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों, राजस्व न्यायालय, विधि व्यवस्था अंतर्गत अपराध की स्थिति (चोरी, अपहरण, हत्या, लूट, दंगा, बलात्कार, आर्म एक्ट, नक्सल आदि अनुसंधान की स्थिति, वारंट-कुर्की के निष्पादन की स्थिति समेत अन्य पहलुओं की समीक्षा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंडाल्को द्वारा अवैध रूप से खनन कार्य करने की शिकायत मिल रही है। तथ्यपरक व ईमानदारी से जांच कर दोषी मिलने पर कंपनी पर एफआईआर करें। अवैध खनन कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कुडू के चिरी में अनामृत फाउंडेशन द्वारा संचालित मध्याह्न भोजन की अव्यवस्था एवं गड़बड़ी की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान गुमला और लोहरदगा में योजनाओं के परफॉर्मेंस से नाराज दिखे सीएम ने 31 दिसम्बर तक सुधार का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर शेष पृष्ठ 11 पर

### अपराध को नियंत्रित करें वरना कार्रवाई को तैयार रहें : डीजीपी

मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा ने लोहरदगा और गुमला जिले में उग्रवाद और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कई थाना क्षेत्रों में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही है। आपराधिक कांडों के अनुसंधान में विलंब हो रहा है। आपराधिक मामलों का जितना निष्पादन हो रहा है उससे तेज गति से आपराधिक घटनाएं थानों में हो रही हैं। वारंटो और कुर्की जब्ती के मामले में भी शिथिलता बरती जा रही है, उन्होंने कहा कि यह पुलिस की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि अपराध को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठायें, वरना कार्रवाई को तैयार रहें। जिस थाना क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं बढ़ेगी, वहां के पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी।

### मुख्य सचिव ने दोनों जिलों के अधिकारियों की कार्यशैली पर जतायी नाराजगी

मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट से जुड़ी योजनाओं की संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर दोनों जिलों के अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का इन योजनाओं पर सबसे ज्यादा जोर है, लेकिन इन योजनाओं के क्रियान्वयन में भी आपके द्वारा लापरवाही बढ़ती जा रही है। जो लक्ष्य निर्धारित है, उसके विपरीत उपलब्धियां नगण्य हैं। सिर्फ आंकड़ों में बात करने से काम नहीं चलेगा। हकीकत में लाभुकों को इन योजनाओं से जोड़ने की पहल में शिथिलता बरती जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि 15 दिनों के अंदर फोकस वाली योजनाओं के सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## सीएम हेमंत सोरेन ने खतियानी जोहार यात्रा में कहा -

# आदिवासियों के डीएनए में डर शब्द नहीं




**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के समाहरणालय मैदान में मंगलवार को आयोजित खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी के डीएनए में डर शब्द नहीं है। अलग राज्य बनने के बाद लगभग 20 साल शासन करनेवाले लोगो का साथ जब यहां के मूलवासी और आम जनता साथ छोड़ दी, तो वे लोग बौखलाकर साजिश करना शुरू कर दिये हैं। इन साजिशों से यहां का आदिवासी डरनेवाले नहीं है। सीएम ने कहा कि वर्तमान में जबसे गठबंधन सरकार बनी है तब से मुख्यमंत्री आवास में जनता की भीड़ मुख्यमंत्री को मिठाई खिलाने और फूल माला पहनाकर आभार जताने के लिए आती है। 1932 का खतियान विधानसभा में पास करने का काम किया तो विपक्षी दलों के नेताओं के सीने पर सांप लोट गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजना अब सीधा गांव की जनता के पास जायेगी। अलग राज्य बनने के बाद से झारखंड की सरकारी भूमि आवंटन का राजस्व केंद्र सरकार के पास एक लाख 30 हजार करोड़ रुपये बकाया है। यह पैसा झारखंड को मिलेगा तो देश का विकसित राज्य के रूप में बनेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छात्राओं से कहा कि आप खूब मन लगाकर पढ़ें। शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करें। इसके लिये राज्य सरकार की ओर से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी बेहतर शिक्षा के लिए सरकार सभी समुचित कदम उठा रही है। आप अगर मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ जैसे क्षेत्रों में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो सरकार आपको मदद करेगी। इसके अलावा यूपीएससी, जेपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता देने की योजना सरकार ने शुरू की है। इसके साथ छात्रवृत्ति की राशि में भी इजाफा किया गया है, ताकि आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चे पढ़ाई से अलग-थलग नहीं हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलितों और अल्पसंख्यकों को अब विदेशों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने में आर्थिक तंगी आड़े नहीं आयेगी। सरकार विदेशों में उच्च शेष पृष्ठ 11 पर

# पलामू में युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार

## मामला जमीनी विवाद का, डीएसपी के समझाने पर सड़क जाम से मिली मुक्ति

**मेदिनीनगर।** नावाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाजयपुर निवासी नीरज कुमार विश्वकर्मा को अपराधियों ने बीती रात गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी संजय कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार हत्या का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। हत्या के विरोध में सड़क जाम होने की सूचना मिलने पर डीएसपी सुरजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। डीएसपी के आश्वासन पर ग्रामीणों ने सड़क को जाम से मुक्त किया। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बारे में मृतक के चचेरे भाई अविनाश विश्वकर्मा ने बताया कि मृतक नीरज विश्वकर्मा सोमवार की सुबह पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम कंडा अपने फूफा के घर गया हुआ था। शाम के समय घर लौटने के दौरान गांव से तीन किलोमीटर दूर दरी नदी के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा नीरज को सिर में गोली मार कर हत्या कर दी। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या में शामिल गांव के उदित महतो उनके पुत्र, दिलीप महतो, प्रदीप महतो, दिलीप के मामा दिनेश महतो, गांव के पूर्व मुखिया टीपी महतो और गांव के ही एक व्यक्ति सीताराम महतो के खिलाफ नावा जयपुर थाना में मामला दर्ज कराया है। इस घटना के बाद यह सभी आरोपी फरार हैं।

# अस्पताल में भर्ती पूजा और पंकज की गतिविधियों पर रखें नजर

- ईडी ने रिम्स और सीआईपी निदेशक को भेजा पत्र
- डीजीपी नीरज सिन्हा को भी भेजा गया पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ईडी ने राज्य सरकार की निलंबित सचिव पूजा सिंघल व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया है। पूजा सिंघल के मामले में रिम्स निदेशक जबकि पंकज मिश्रा के मामले में सीआईपी निदेशक को ईडी ने पत्र लिखा है। ईडी ने पत्र के जरिये दोनों पर नजर रखने का निर्देश दिया है। वहीं, इस मामले में डीजीपी नीरज सिन्हा को भी पत्राचार कर न्यायिक हिरासत में अस्पताल में इलाजरत दोनों आरोपियों की गतिविधि पर नजर रखने को कहा गया है।

**पंकज मिश्रा को लेकर क्यों सचेत है ईडी :** पंकज मिश्रा ने हिरासत में रिम्स में रहने के दौरान 27 जुलाई से 20 अक्टूबर तक 300 से अधिक कॉल किये थे। जबकि गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा कई लोगों से रिम्स में मिले थे। इस मामले में ईडी जांच कर रही है। पंकज मिश्रा को अब रिम्स से सीआईपी के नशामुक्ति केंद्र भेजा गया है, जहां वह इलाजरत है। ईडी ने ऐसे में सीआईपी निदेशक को पत्र लिखा है कि पंकज मिश्रा एक हजार करोड़ के मनी लाउंड्रिंग के मामले में आरोपित हैं, रिम्स में रहने के दौरान उनकी गतिविधियां काफी संदिग्ध रही थी। ऐसे में सीआईपी निदेशक को कहा गया है कि वह पंकज मिश्रा को जेल मैनुअल के अधीन रखते हुए मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने दें, साथ ही किसी भी व्यक्ति को उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी जाये। जेल मैनुअल शेष पृष्ठ 11 पर

# गोला गोलीकांड में रामगढ़ विधायक ममता देवी को पांच साल की सजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गोला गोलीकांड के आरोपी रामगढ़ विधायक ममता देवी को पांच साल की सजा सुनायी गयी है। हजारीबाग जिला जज चतुर्थ कुमार पवन की अदालत ने सजा सुनायी है। विधायक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आठ दिसम्बर को विधायक ममता देवी दोषी करार दिये जाने के बाद पुलिस हिरासत में ले लिया गया था। विधायक ममता देवी की सजा पर 12 दिसम्बर को फैसला होना था, लेकिन कोर्ट के एक वकील की निधन होने के बाद सजा नहीं सुनायी जा सकी थी। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने विधायक ममता देवी को 307, आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन धाराओं में दोषी करार दिया था। इस केस में विधायक ममता देवी, राजीव जायसवाल, मनोज पुज्जर, अभिषेक सोनी, बालेश्वर भगत, कुवंर महतो, जादू महतो, आदिल इनामी, दिलदार हुसैन, बासुदेव प्रसाद, सुभाष महतो, कुलेश्वर महतो को दोषी करार दिया गया था।

**फायरिंग में हो गयी थी कई लोगों की मौत :** 29 अगस्त 2016 को रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में आइपीएल कंपनी को बंद कराने को लेकर कंपनी के सामने ममता देवी के नेतृत्व में नागरिक चेतना मंच के बैनर तले शेष पृष्ठ 11 पर

## अपराधियों ने महिला को दिनदहाड़े मारी गोली, गंभीर



**रांची।** राजधानी के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के समीप मंगलवार को दिनदहाड़े बाइक सवार तीन अपराधियों ने सुषमा बड़ाइक नामक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये। वहीं, महिला को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सुषमा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सुषमा बड़ाइक अपने बॉडीगार्ड के साथ बाइक पर बैठकर अपने घर की तरफ जा रही थी, उसी दौरान अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की।

**क्या है पूरा मामला :** सुषमा बड़ाइक झारखंड का चर्चित नाम है। पुलिस के द्वारा सुषमा बड़ाइक को एक बॉडीगार्ड भी उपलब्ध करवाया गया था, लेकिन अपराधियों ने बॉडीगार्ड के सामने ही सुषमा बड़ाइक को गोली मार दी। हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने बताया कि अपने बॉडीगार्ड के साथ सुषमा बाइक पर बैठकर हाईकोर्ट जा रही थी। इसी दौरान तीन की संख्या में अपराधियों ने पीछे से आकर फायरिंग शुरू कर दी। बाइक के पीछे बैठी सुषमा को गोलियां लगी जिसके बाद वह नीचे गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जब जुटने लगे, तो अपराधी तेज गति से बाइक चलाकर मौके से फरार हो गये। वहीं, स्थानीय लोगों की सहायता से बॉडीगार्ड ने ही सुषमा को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## भारत-चीन सैनिकों के बीच तवांग सेक्टर में नौ दिसम्बर को हुई झड़प

# 71.1 बिलियन डॉलर है भारत का रक्षा बजट

### चीन का रक्षा बजट है भारत से साढ़े तीन गुना 261 बिलियन डॉलर

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के सैनिकों के बीच नौ दिसम्बर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एक बार फिर झड़प हुई। भारतीय सेना के मुताबिक, चीनी सैनिक तवांग सेक्टर में घुस आये थे। इसके बाद भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि चीनी सैनिकों की संख्या 300 के आसपास थी। इस बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा है कि चीनी सैनिकों ने यथास्थिति बदलने की कोशिश की और हाथापाई की। हमारे सैनिकों ने बहादुरी से जवाब दिया है। हमारा कोई सैनिक गंभीर रूप से घायल नहीं है न तो किसी जवान की जान गयी है। चीन पिछले कुछ सालों से लगातार अपने रक्षा बजट में इजाफा करता जा रहा है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत से गलवान और लद्दाख में झड़प के ठीक बाद इसी साल चीन ने अपना सालाना बजट बढ़ाकर 261 बिलियन डॉलर कर दिया है जो, साल 2021 में 209 बिलियन डॉलर था। दूसरी तरफ, भारत का सालाना रक्षा बजट 71.1 शेष पृष्ठ 11 पर

### तवांग में अचानक घुस आये तीन सौ चीनी सैनिक, 80 भारतीय सैनिकों ने किया मुकाबला

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत-चीन के सैनिकों में झड़प हुई, जिसमें दोनों तरफ के कई सैनिक जख्मी हैं। दोनों तरफ के सैनिकों ने एक-दूसरे को लाठी-डंडों से पीटा। जून 2020 में पूर्वी लद्दाख में गलवान की घटना के बाद से भारतीय और चीनी सैनिक नौ दिसम्बर की सुबह अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भिड़ गये। अरुणाचल प्रदेश में झड़प नौ दिसम्बर 2022 की सुबह लगभग तीन बजे पूर्वी तवांग में यांग्त्से के पास हुई थी। सैन्य सूत्रों के अनुसार, लाइन ऑफ कंट्रोल का यह हिस्सा दोनों पक्षों के बीच विवादित क्षेत्रों में से एक है। लाइन ऑफ कंट्रोल के पास एक नाले के दोनों ओर भारतीय और चीनी सैनिक तैनात हैं, लेकिन उस रात लगभग 300 चीनी सैनिक भारतीय पक्ष में आ गये। सीमा उल्लंघन के बारे में कोई चेतावनी नहीं दी गयी थी। अचानक संतरी पर हमला होने की आवाज सुनकर लगभग 80 भारतीय सैनिक घुसपैठियों को पीछे धकेलने के लिए रात के अंधेरे में तेजी से जुट गये। चर्चा है कि झड़प के दौरान कई घंटे लाठी-डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों के कुछ सैनिकों को मामूली चोटें आने की बात कही जा रही है। कहा जाता है कि इसके बाद दोनों पक्ष तुरंत ही विवादित क्षेत्र से हट गये। घटना के बाद क्षेत्र में भारतीय कमांडर ने सुरक्षा और शांति बहाल करने के लिए और इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए समकक्ष चीनी अधिकारियों के साथ एक फ्लैग मीटिंग की। झड़प की खबरों के बाद भारतीय सेना ने बयान जारी कर कहा कि नौ दिसम्बर को दोनों देशों के बीच झड़प हुई थी। चीनी सैनिक भारतीय चौकी को हटाना चाह रहे थे। हमने उन्हें खदेड़ा। इस दौरान दोनों देशों के सैनिकों को हल्की चोटें आयी हैं। सेना ने अपने बयान में कहा कि भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों का बहादुरी से मुकाबला किया और उनकी शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड हाईकोर्ट का निर्देश

# जेपीएससी का मार्क्स स्टेटमेंट वेबसाइट पर करें अपलोड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) को सातवें से दसवें बैच की सिविल सर्विस परीक्षा के अभ्यर्थियों के कटऑफ मार्क्स की लिस्ट, मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट सहित अन्य ब्यौरे वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। सोनू कुमार रंजन एवं अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने यह निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि सातवें से दसवें बैच के लिए संयुक्त रूप से ली गयी जेपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा की मेरिट लिस्ट वर्ष मई 2022 में जारी हो गयी है। सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति भी हो गयी, लेकिन टॉपर, सफल और असफल अभ्यर्थियों को अब तक कट ऑफ मार्क्स, मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट, अपनी कॉपी की छाया प्रति देखने का अवसर नहीं मिल पाया है। अभ्यर्थियों ने इसे लेकर जेपीएससी को रिप्रेजेंटेशन भी दिया था। आरटीआई के तहत अपनी कॉपियों की छाया प्रति भी मांगी थी। जेपीएससी के खुद के कार्यालय आदेश में यह जिक्र है कि अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट और उनकी कॉपी की प्रतिलिपि जल्द से जल्द दी जाती है। इसके बावजूद पांच-छह बाद भी आयोग ने अब तक यह सेवा उपलब्ध नहीं करायी है। मार्क्स अपलोड शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### पांकी विधायक ने अपने समर्थकों के साथ दिया धरना

**पांकी।** मेदिनीनगर मुख्य पथ का निर्माण कर रही संवेदक कंपनी सिलदीलिया कंस्ट्रक्शन द्वारा घटिया निर्माण कराये जाने के विरोध में क्षेत्र की सम्मानित जनता व साथी कार्यकर्ताओं के साथ नीलांबर-पितांबर पुर के इंजीनियरिंग कॉलेज बसौरा के समीप धरना दिया। लगातार शिकायत करने के बावजूद उपरोक्त सड़क का घटिया निर्माण संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। इतनी खराब गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य हो रहा है कि यह सड़क बनने के साथ ही टूटती भी जा रही है। हमारी शिकायत पर कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग ने भी अभियंताओं की रिपोर्ट पर संवेदक को गुणवत्तापूर्ण नही होने पर लिखित चेतावनी दी थी। इसके बाद भी सीलदिलिया कंस्ट्रक्शन द्वारा घटिया निर्माण कार्य जारी रहा। यह सड़क क्षेत्र की लाइफ लाइन है जो पांकी को राँची, हजारीबाग, छत्तीसगढ़ और बिहार से जोड़ती है। ऐसे में इस मुख्यपथ का घटिया निर्माण कार्य किसी भी हाल में बर्दाश्त नही किया जायेगा।

### केंद्र सरकार व अटॉर्नी जनरल समाज से माफी मांगे : अमित चंदेल



**मेदिनीनगर।** अटॉर्नी जनरल के दिये गये बयान पर चंद्रवंशी समाज गुस्से में हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी के मामल में सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणि ने काला धन को जरासंध की तरह बताया था। इस बयान से चंद्रवंशी समाज गुस्से में है। ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन के पूर्व झारखंड प्रदेश संयोजक अमित चंदेल ने कहा की केंद्र सरकार को शायद मगध के गौरव के इतिहास का अंदाजा नहीं है। अटॉर्नी जनरल चक्रवर्ती सम्राट जरासंध महाराज का अपमान किया गया है। चंद्रवंशी समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व अटॉर्नी जनरल को जल्द से जल्द माफी मांगनी चाहिए। साथ ही कोर्ट की करवाई से इस बयान को हटाने की मांग की है। ऐसा नही हुआ तो चंद्रवंशी समाज केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार तरीके से आंदोलन करेंगे।

### युवक की हत्या, आक्रोशितों ने किया रोड जाम

**पाटन।** पलामू जिले के नावाजयपुर थाना के हरैया खुर्द गांव के बिनय विश्वकर्मा के पुत्र 28 वर्षीय नीरज विश्वकर्मा की हत्या 12 दिसम्बर को रात्रि में कर दिया गया है। मृतक युवक के माथे पर गहरी निशान एवं चोट है। परिवारजनों एवं मृतक के पत्नी काजल देवी के अनुसार घर लौटने के क्रम हत्या की अंजाम दिया गया है। स्थानीय लोगो ने मृतक के परिवारजन एवं उसकी पत्नी काजल देवी के साथ मिलकर पाटन – नावाजयपुर हाइवे रोड को चार घण्टा से अधिक समय तक जाम रखा। पुलिस इंस्पेक्टर विष्णुदेव पासवान एवं नावाजयपुर थाना प्रभारी संजय रजक सूचना के उपरांत सदलबल घटना स्थल पर सुबह में पहुच कर शव को कब्जे में कर हत्या से जुड़ी जांच पड़ताल शुरू कर दिया था। लेकिन आक्रोशित स्थानीय लोग हत्या के आरोपियों के गिरफ्तारी, मृतक के पत्नी को सहायता राशि दिलाने की मांग को लेकर आक्रोशितों ने रोड जाम कर दिया। डीएसपी सुरजीत कुमार ने घटना स्थल पर पहुँचकर मृतक युवक के परिवारजनों एवं जाम स्थल पर उपस्थित लोगों से हत्या की घटना की जानकारी लिया तथा हत्यारे को अविलम्ब गिरफ्तारी करने की आश्वासन देकर जाम को हटवाया। थाना प्रभारी संजय रजक ने बताया है की घटना स्थल पर परिवारजनों ने हत्या के कारण जमीन विवाद बताया है। थाना प्रभारी के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट होगा की हत्या में गोली मारा गया अथवा धारदार हथियार का प्रयोग किया है

### हैदरनगर में अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर पंसा मुख्य पथ पर इस्लामगंज गांव के समीप पुलिस ने अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा ने बताया कि कोयल नदी से अवैध रुप में खनन कर बालू लेकर बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के दोनों ट्रैक्टर हैदरनगर की ओर आने की गुप्त सूचना पर उक्त कार्यवाई की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त बालू हैदरनगर थाना क्षेत्र के पंसा घाट से उठाव किया गया था। अग्रेतर कार्यवाई के लिए इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दे दी गयी है।

# औषधीय पौधे, फलदार पौधे व जैविक खेती की दिशा में अग्रसर हो किसान : आयुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू आयुक्त जटा शंकर चौधरी आज पंडवा प्रखंड के झरी गांव पहुंचे। वहीं गांव की टेढ़ी-मेढ़ी पगडंडियों को पारकर किसानों द्वारा लगाये गये लेमन ग्रास की खेती को देखा। किसानों को लेमनग्रास, पिपरमिंट, तुलसी आदि औषधीय पौधों एवं फलदार पौधों की खेती के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों द्वारा बनाए जा रहे जीवामृत के प्रोसेसिंग को भी देखा। इसे व्यापक तरीके से करने और इसके लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। ताकि पलामू प्रमंडल के अधिक-से-अधिक किसानऔषधीय पौधों, फलदार पौधे एवं जैविक खेती करने की दिशा में अग्रसर हो सके। झरी गांव में ओंकार नाथ एवं अन्य 5 किसानों द्वारा 4 एकड़ की भूमि पर लेमन ग्रास की खेती की जा रही है। आयुक्त ने खेती को देख खुशी जाहिर की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लेमनग्रास का ऑयल एक्सट्रैक्शन के लिए प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने को लेकर प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया। ताकि लेमन ग्रास की खेती करने वाले किसानों को उनके इस उत्पाद का बेहतर फायदा मिल सके। उन्होंने कहा कि पलामू जैसे कम बारिश वाले स्थान पर औषधीय पौधे, फलदार एवं रसदार फलों की खेती की बेहतर संभावनाएं हैं। किसानों ने इस दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्हें सफलता मिलेगी। उन्होंने किसानों को भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ऐसी खेती को किसी मवेशी या अन्य जानवर से नुकसान की भी संभावना कम रहती है। इसमें फायदा- ही- फायदा नजर आता है। लेमन ग्रास की खेती का अवलोकन के दौरान आयुक्त जटा शंकर चौधरी के साथ पंडवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, थाना प्रभारी सहित किसान ओंकार नाथ, दुर्गेश पाठक, भीम मेहता बासु, अभिमन्यु मेहता आदि बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। किसानों ने अपनी समस्याएं भी आयुक्त के समक्ष रखी। आयुक्त ने उन्हें भरोसा दिया कि खेती को विस्तार दें। सरकार द्वारा किसानों को हर संभव मदद की जा रही है।

## ग्रामीण क्षेत्र में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हो : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** विधुत पावर सबस्टेशन का निरीक्षण नावा बाजार बीडीओ मोहम्मद अमीर हमजा, उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम प्रमुख प्रतिनिधि पटेल दुबे, पुलिस अवर निरीक्षक अलोक सोरेन संयुक्त रूप से मंगलवार को किया। मौके पर नावा बाजार बीडीओ विद्युत कर्मी से कहा की ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिली है कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली का सही आपूर्ति नियमित रूप से नहीं की जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रिड से 11000 मेन लाइन का तार जर्जर स्थिति में है। इसे सुधार की आवश्यकता है तथा विद्युत पावर सब स्टेशन से शाम 5:00 बजे से लेकर रात 9:00 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहती है। सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक बाधित रहती है। ग्रामीण क्षेत्र की लाइन काटकर नावा बाजार क्रेशर प्लांट माइंस में दे दी जा रही है। जबकि ग्रामीण बिजली बिल हमेशा समय पर भुगतान कर रहे हैं। बिजली की आपूर्ति ऐसी स्थिति में रही तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जायेंगे तथा विद्युत पावर सब स्टेशन में ताला बंद करने पर मजबूर हो जायेंगे। इस गंभीर समस्या पर विभाग को संज्ञान लेने की जरूरत है। जिससे बिजली की समस्या उत्पन्न ना हो।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 200 मरीजों का इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर सरईडीह मोड़ स्थित मां ललिता हॉस्पिटल के द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 200 मरीजों का इलाज निः शुल्क हुआ। इस दौरान निः शुल्क दवा का भी वितरण किया गया। शिविर का आयोजन स्वर्गीय रघुराज साहू के द्वितीय पुण्यतिथि पर किया गया था। हेल्थ कैंप के आयोजक डॉ. मुरली प्रसाद ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कई जरूरतमंदों को सेवा का अवसर मिलता है। उन्होंने आगे बताया कि छतरपुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करना हमारा लक्ष्य है। बेहतर सुविधाओं के लिए अस्पताल प्रबंधक प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के द्वारा इलाज किया जा रहा है। कैंप में आये लोगों ने बताया कि यहां इलाज के दौरान जांच, दवा, चेकअप का कोई शुल्क नहीं देना पड़ा। कैंप में मुख्य चिकित्सक डॉ. संतोष प्रसाद, डॉ. एम एम प्रसाद, डॉ. तोहिद अहमद, डॉ. सत्यम, एवं डॉ मनोज कुमार ने मरीजों की इलाज की। चिकित्सकों ने बताया कि यहां अधिकांश लोगों को जोड़ों के दर्द से संबंधित एवं बैक पेन, स्किन समस्या , मौसमी बीमारी का इलाज किया गया। इस हॉस्पिटल के तरफ से इलाज के लिए लाए आयुष्मान कार्ड धारकों को लॉटरी के जरिये पुरस्कार भी दी गई।

### ब्रांड क्लब मिनी मॉल का क्षेत्रीय विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**पांकी।** प्रखंड के टीवीएस शोरूम के समीप में ब्रांड क्लब मिनी मॉल रेडीमेड शोरूम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता ने फीता काटकर किया। ब्रांड क्लब मिनी मॉल के संचालक आशीष कुमार ने बताया कि हमारे यहां नये फैशन के कपड़े उचित दाम पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। हमारे यहां बच्चों एवं महिलाओं के लिए भी सभी प्रकार के फैंसी परिधान उपलब्ध रहेंगे।

## पांकी में विधानसभा स्तरीय 51 सदस्य कमेटी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा के पांकी प्रखंड में आगम सिंह के आवास पर राजद के प्रदेश प्रवक्ता प्रदेश महासचिव डॉ.अरुण प्रसाद यादव को विधानसभा स्तरीय एक कमिटी गठन कार्यक्रम में बुलाया गया। डॉ. अरुण के समर्थन में 200 से अधिक महिलाओं और परुषों ने भाग लिया। डॉ. अरुण के निर्देश में पांकी प्रखंड स्तरीय 51 सदस्यों वाली टीम गठित की गयी। जिसके अध्यक्ष-सतानन्द सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष-प्रमोद सिंह, उपाध्यक्ष - किरण सिंह, वीरेंद्र सिंह, महासचिव- पूजा कुंवर, सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष -आगम सिंह तथा आशा कुमारी, कुंज बिहारी सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, शम्भू राम,शम्भू सिंह, आदि लोग सहित 151 सक्रिय सदस्यों को भी कमिटी से जोड़ा गया।

## अधिग्रहित भूमि पर बने मकान को गिराने के दौरान अधेड़ पर गिरी दीवार, हालत गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब कला गांव में एनएच 98 फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि पर बने मकान को हटाने के दौरान 55 वर्षीय श्रवण विश्वकर्मा पर घर की दीवार गिर गयी। इससे वे बुरी तरह घायल हो गये। लोगों ने तत्काल उन्हें सीएचसी लाकर इलाज कराया। जहां उनकी गंभीरावस्था को देखते हुए प्राथमिक चिकित्सा के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उधर इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर एनएच 98 को जाम कर दिया है। गौरतलब कि हरिहरगंज सीओ बासुदेव राय की उपस्थिति में एनएच 98 फोरलेन निर्माण कर रही शिवालया कंपनी द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बने मकान को जेसीबी से गिराया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रभावित लोग कुछ दिन का मोहलत की भी मांग कर रहे थे। अपने घर को टूटता देख मोहवश श्रवण विश्वकर्मा घर के नजदीक चले गये। इस दौरान जेसीबी की धक्का से दीवार का पिलर उन पर गिर पड़ा। घायल की पत्नी जीरमनी देवी ने बताया कि वे लोग सिर्फ एक दिन की मोहलत मांग रहे थे। परंतु उनकी एक न सुनी गयी और मकान में जेसीबी लगा दिया गया। जिससे यह हादसा हुआ। उधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा की मांग को लेकर लगभग अपराह्न 3 बजे एनएच 98 को जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गयी। राजद के वरिष्ठ नेता ने कहा है कि शिवालया कंपनी द्वारा पीड़ित परिवार को मुआवजा नहीं दिया गया तो वे ग्रामीणों के साथ निर्माण कार्य को भी रोकेगें। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी है। जाम स्थल पर एसआई निरंजन कुमार, अनूप कुमार, नितीश कुमार, महावीर एक्का पुलिस बल के साथ ग्रामीणों से बातचीत कर जाम हटाने का प्रयास कर रहे हैं।

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय:-प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वन पदार्थों पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 28.12.2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेख के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वन पदार्थों एवं वन वाद से संबंधित अधिहरण वादों की विवरणी निम्नांकित है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ एवं अन्य सामग्री | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 38/2022 | सखुआ प्रजाति के चौकठ (7 फीट X 4 इंच X 3 इंच–6 पीस; 3.5 फीट X 4 इंच X 3 इंच–3 पीस) | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 284936 Forest, Environment and Climate Changes(22-23).D

## डीलर अवैध राशन गबन कर बेच रहा है : जिला परिषद् सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने डीएसओ पलामू को आवेदन देकर कहा है कि पाटन प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत नौडीहा के ग्राम नौडीहा में जन वितरण प्रणाली दुकानदार विनित सिंह के द्वारा मरे हुए लोगों और नौकरी करने वाले लोगों का राशन ऑफ लाईन अपवाद के द्वारा लगातार अनाज का गबन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत के विनित सिंह जन वितरण प्रणाली दुकानदार के द्वारा प्रत्येक माह जितना भी कार्डधारी है। उनका 50 प्रतिशत कार्डधारी का गलत तरीके से अनाज का गबन किया जा रहा है। जिसमें मरे हुए बहुत लोग है और कई लोग सरकारी नौकरी में भी है। उनका वर्षों से ऑफलाईन अपवाद में राशन गबन किया जा रहा है। मरे हुए लोगों एवं सरकारी नौकरी वाले एवं जो करीब 10-12 वर्षों से बाहर रहते है उसके अनाज का भी उठाव हो रहा है। यह डीलर वर्ष 2021 के नवम्बर माह एवं दिसंबर माह का राशन किसी भी कार्डधारी को नहीं दिया है। इसके विरूद्ध में अनेको बार प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी को ग्रामीणों ने लिखित आवदेन दिये फिर भी अभी तक काई कार्यवाई नहीं हुआ है। यह जनवितरण प्रणाली दुकानदार के अनियमिता से प्रखण्ड आपुर्ति पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदधिकारी के द्वारा एक बार जनवितरण प्रणाली दुकान का लाइसेन्स भी रद्द किया जा चुका है।

### नगर उपाध्यक्ष ने किया कंबल का वितरण

**हुसैनाबाद।** शहर के वार्ड-नबंर दो में नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी के आवासीय परिसर में मंगलवार को बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि गरीब असहाय की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि शहर के लोगों के हर सुख-दुख में कंधे से कंधा मिलाकर चलें। इस मौके पर लाभुक ढेमल साव, सुखदेव प्रजापति, कृष्णा चौधरी,चंद्रावती देवी,जसमतिया देवी,चंद्रदेव गुप्ता,रफीक कुरैशी,मदन चौधरी,नाशिम साह, शकील हाशमी,बसीर खां, हसबुन निशा आदि मौजूद थे।

Govt. of Jharkhand
Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa

Notice Inviting Tender

e-Tender Reference No. : GNP/04/2022-23 Dated : 13.12.2022, 2nd Call

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| S.No. | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of tender paper (Rs.) | Time of completi on | Name of the Concerned Office |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of RCC drains with slab From Puranchand Chauk to Danro River in Ward No. -21. | 8138200.00 | 163000.00 | 10000.00 | 06 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |

Note : Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender on line for bidding | | Document Submission Date | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| | | | From | To | | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Place of the Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Date-19.12.2022 Time 11:00 A.M | Date-27.12.2022 Time 5:00 P.M. | 28.12.2022 Time 12:00 P.M. | N.P.G , Garhwa Date 30.12.2022 Time 03:00 P.M |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 9113726492, 8409053313

EXECUTIVE OFFICER
NAGAR PARISHAD GARHWA

PR 284959 (Urban Development) 22-23 (D)

Govt. of Jharkhand
Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa

Notice Inviting Tender

e-Tender Reference No. : GNP/05/2022-23 Dated : 13.12.2022

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| S. No. | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of tender paper (Rs.) | Time of completion | Name of the Concerned Office |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Vending Market Shop Front Of Sadar Hospital Garhwa Left Side , Under Nagar Parishad Garhwa | 2442700.00 | 48900.00 | 5000.00 | 03 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 2 | Construction of Vending Market Shop Front Of Sadar Hospital Garhwa Right Side , Under Nagar Parishad Garhwa | 2442700.00 | 48900.00 | 5000.00 | 03 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 3 | Construction of Vending Market Shop Near Dadai Dubey Houses Right Side, Under Nagar Parishad Garhwa | 2442700.00 | 48900.00 | 5000.00 | 03 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 4 | Construction of Vending Market Shop Near Bus Stand, North Side, Part A Under Nagar Parishad Garhwa | 2442700.00 | 48900.00 | 5000.00 | 03 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 5 | Construction of Vending Market Shop Near Bus Stand, South Side, Part B, Under Nagar Parishad Garhwa | 2442700.00 | 48900.00 | 5000.00 | 03 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 6 | Construction of Vending Market Shop Near Bus Stand, North Side, Part C, Under Nagar Parishad Garhwa | 2442700.00 | 48900.00 | 5000.00 | 03 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 7 | Construction of Numbers Water Recharging Pit (Rain Water Harvesting) in Ward No 01 to 10 Under Nagar Parishad Garhwa | 1626000.00 | 32600.00 | 5000.00 | 03 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 8 | Construction of Numbers Water Recharging Pit (Rain Water Harvesting) in Ward No 11 to 21 Under Nagar Parishad Garhwa | 1626000.00 | 32600.00 | 5000.00 | 03 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |
| 9 | Community/Public Toilet Repairing Under Garhwa Nagar Parishad | 1283300.00 | 25700.00 | 5000.00 | 03 माह | Executive Officer, Nagar Parishad Garhwa |

Note : Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender on line for bidding | | Document Submission Date | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F | G |
| | | | From | To | | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Place of the Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa | Date-19.12.2022 Time 11:00 A.M | Date-27.12.2022 Time 5:00 P.M. | 28.12.2022 Time 12:00 P.M. | N.P.G , Garhwa Date 30.12.2022 Time 11:00 A.M |

Note : 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 9113726492, 8409053313

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 284958 Urban Development(22-23)#D

## न्यूज गैलरी

### मिशन समृद्धि ने किया कपड़ों का वितरण



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था रोटी, शिक्षा और महिलाओं तथा बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में हमेशा प्रयासरत रहती है। उसी प्रकार किसी भी मौसम में कपड़ों का वितरण दोना- पत्तल- दातून बेचने वालों से लेकर सूदूर गांवों तक में जाकर करती रहती है। इस बार संस्था के द्वारा मुट पुरही केवाल टोला मेदिनीनगर में बुजुर्गों बच्चों और महिलाओं के बीच ऊनी और सभी प्रकार के कपड़ो का वितरण किया गया। इसके लिए डॉ देव प्रकाश का सहयोग रहा। जिनके सौजन्य से जरूरतमंदों के पास संस्था के लोग पहुंच पाये। संस्था को कपड़ा देने वाले में श्वेता सिन्हा, सरिता कुमारी, पूनम पाठक का योगदान रहा। इस कार्य में अहिल्या गिरी बैजन्ती गुप्ता, वीणा रंजीता, डॉ. देव प्रकाश ने सहयोग दिया।

### 29 दिसंबर से होगा सीटेट परीक्षा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन 29 दिसंबर से 25 जनवरी के बीच किया जाएगा। परीक्षा सीबीटी मोड़ में लिया जाएगा। देश के 20 भाषाओं में परीक्षा आयोजित किया जाएगा। सीबीएसई सीटीईटी एडमिट कार्ड का डाउनलोड करने के लिए लिंक को परीक्षा पोर्टल पर एक्टिव होगा। जिसके माध्यम उम्मीदवार अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। गौरतलब है कि ीटीईटी दिसंबर के लिए आवेदन प्रक्रिया 31 अक्टूबर से 24 नवंबर तक संचालित की थी। इस बार सीटीईटी के लिए 30 लाख से अधिक उम्मीदवारों से आवेदन किया है। जिनमें से 10 लाख उम्मीदवार यूपी और बिहार राज्यों से हैं। परीक्षा केंद्र देश के अलग-अलग राज्यों में आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों को नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक बनने का मौका मिलता है।

### आज से आयोग करेगा प्रमाण पत्र की जांच

**मेदिनीनगर।** पलामू से हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में हाई कोर्ट में मूल याचिकाकर्ता बने अभ्यर्थियों का आज जेएसएससी में प्रमाणपत्रों की जांच शुरू किया जाएगा। याचिकाकर्ता को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रमाणपत्रों के जांच का कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक डीवी किया जाएगा। आज और कल दो दिनों में 245 याचिकाकर्ताओं का डीवी किया जाना है। गौरतलब है कि सोनी कुमारी वाद में हाई कोर्ट में बने मूल याचिकाकर्ता को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया में समायोजित करने का अंतिरम आदेश 2 दिसंबर को सोनी कुमारी द्वारा किये गये। अवमानना वाद में दिया गया है। ज्ञात हो कि हाई स्कूल में लगभग 18 हजार की नियुक्ति होनी है।

### देवरी कलां, पतरा खुर्द, व रानी देवा ने जीत हासिल की

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को भी तीन मैच खेला गया। पहला मैच देवरी कलां बनाम जपला के बीच खेला गया। जिसमें देवरी कलां ने शानदार खेल के दम पर जपला को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दूसरा मैच पतरा खुर्द बनाम कुकही के बीच खेला गया। जिसमें पतरा खुर्द ने कुकही को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ अपनी यात्रा खत्म किया। तीसरा मैच लंगरकोट बनाम रानी देवा के बीच खेला गया। जिसमें रानीदेवा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए लंगरकोट को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज किया। इस हार के साथ लंगरकोट की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। आज के मैच में पूर्व मुखिया राजीव रंजन सिंह उर्फ डबल सिंह, चंचल सिंह, परमेंद्र सिंह गणेश प्रजापति, लालधन ठाकुर, भोला पासवान, प्रह्लाद ठाकुर, विकास सिंह, सुभाष कुमार एवं हजारों दर्शक उपस्थित थे। आज का मैच डंडीला बनाम हैदरनगर, सबानो बनाम जमुआ तथा दरुआ बेनी बनाम बेनी कलां के बीच खेला जायेगा। जिसकी जानकारी क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने दी।

### बरातियों की विदाई में लागू करना होगा पौधा पानी देने की परंपरा : कौशल



**मेदिनीनगर।** जमशेदपुर के शितगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने 200 बारातियों को विदाई के समय गिफ्ट स्वरूप फलदार, पूजनीय व औषधि पौधा देकर सम्मान पूर्वक विदाई किया। वहीं निमंत्रण में वर -बधू को थाईलैंड का बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जीवन के हरेक महत्वपूर्ण मौके पर पौधरोपण कर उसे यादगार बनाना चाहिए। इससे जीवन और पर्यावरण दोनों की रक्षा होती है। कोरोना का कहर और प्रदूषण की जहर ने सभी लोगों को बता दिया है कि ऑक्सीजन का जीवन में कितना महत्व है। मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रकृति ने कोई जाति या धर्म नहीं बनाया उन्होंने केवल नर -नारी की परिकल्पना की है। उसी तरह दुनिया में जितना भी मानव जाति है प्रकृति और सृष्टि को बचाने के लिए अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिन चार्य में शामिल करना ही होगा। उक्त कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में माधुरी देवी, प्रिंसिपल कुमारी ज्योति जायसवाल,धनंजय सिंह, धानिया देवी, अविनाश कुमार राय, सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, सुचित कुमार, ,आनंद कुमार, अनजता देवी कार्तिकप्रसाद, अवधेश प्रसाद, बृज किशोर प्रसाद, ललन प्रसाद, शीला देवी, मनोज प्रसाद, प्रीति देवी, नवीन कुमार, चंचल देवी, उर्मिला देवी, आशा देवी, मणिकांत प्रसाद, लीला देवी, रविंदर प्रसाद, मधु देवी ,कमलेश प्रसाद, देवराज भी शामिल थे।

# छात्र का कमाल, देश के किसी भी कोने से वोट देने वाला बनाया सिस्टम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला के रहने वाले नौंवी क्लास के एक छात्र ने एक ऐसा सिस्टम तैयार किया है। जिससे वोटिंग प्रक्रिया बायोमैट्रिक्स सिस्टम से जुड़ जाएगा। छोटे उम्र में बड़ी सोच रखने वाले पलामू के उमाशंकर सिंह को टीवी डिबेट और खबरों में वोटिंग सिस्टम को लेकर कई खबरें देखने को मिलती थी। उसके दिमाग में आईडिया आया और प्रोग्राम को डेवलप किया है। प्रोग्राम को डेवेलप करने के बाद उमाशंकर ने इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) को मेल किया है और प्रोग्राम की जानकारी भी दी है। वह आईडिया को पेटेंट करवाने की प्रक्रिया भी शुरू किया है। आईडिया को लेकर एक कोर्ट बांड भी तैयार किया है। उमाशंकर सिंह ने करीब 25 दिनों में इस प्रोग्राम को तैयार किया




है। उमाशंकर सिंह को उम्मीद है कि भारतीय निर्वाचन आयोग सुझाव को स्वीकार कर लेगा। उमाशंकर सिंह ने कुछ दिनों पहले रांची में आयोजित सीबीएसई द्वारा रीजनल साइंस एग्जीबिशन में भाग लिया था। एग्जीबिशन में उसने बायोमैट्रिक्स वोटिंग सिस्टम के बारे में लोगों को बताया था। जहां उसके आईडिया को अप्रूव किया गया था। उमाशंकर सिंह बताते हैं कि बायोमैट्रिक्स वोटिंग एक प्रोग्राम है। इस सिस्टम के माध्यम से पूरी वोटिंग प्रक्रिया बायोमैट्रिक्स सिस्टम से जुड़ जाएगी। इस प्रोग्राम के माध्यम से कोई भी व्यक्ति भारत के किसी भी कोने से वोटिंग कर सकता है। पूरी प्रक्रिया में एक मिनट से भी कम समय लगेगा। उमाशंकर सिंह बताते हैं कि वोटिंग प्रक्रिया को पूरी तरह से और पारदर्शी बनाने के लिए उसके दिमाग में आइडिया आया था। इस प्रोग्राम को विकसित करने में उमाशंकर के फुफेरे भाई ने काफी मदद की है। उनके फुफेरे भाई लाल कमलेश नाथ शाहदेव लोहरदगा के रहने वाले हैं और यूएसए में एक बड़ी कंपनी से जुड़े हुए हैं। उमाशंकर सिंह पलामू के अतिनक्सल प्रभावित इलाका पांकी के बोरोदीरी के रहने वाले है। उमाशंकर सिंह के पिता अजित सिंह मूल रूप से किसान है। बोरोदीरी झारखंड की राजधानी रांची से करीब 170 किलोमीटर जबकि पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर से 45 किलोमीटर दूर है।

## पलामू ने गटका प्रतियोगिता में जीता 16 पदक




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बरही में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय गटका प्रतियोगिता में पलामू के 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें सभी खिलाड़ियों ने पलामू का नेतृत्व करते हुए बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। पलामू के लिए 16 पदक हासिल किए। मौके पर पलामू गटका संघ के सचिव सुमित वर्मन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एक हजार से भी अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पलामू से द कराटे एकेडमी के 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें आयुषी शोर्या और अनसीखा प्रिया ने गोल्ड मेडल जीता। सम्यक स्मीतिक और कार्तिक्या ने सिल्वर मेडल तो वहीं अगरिया प्रियदर्शनी और प्रत्यूष चौबे ने ब्राउज मेडल हासिल किया। इस प्रतियोगिता में ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए कुमार मोहित ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं आशुतोष कुमार ने ब्राउज मेडल हासिल किया। ओरिंट पब्लिक स्कूल छात्र-छात्राओं इस खेल में भाग लेकर अपना बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए अनामिका मेहता, अपराजिता पाल, रीतिक राज तिवारी ने गोल्ड मेडल हासिल किया। सचिन कुमार मेहता, खुशबू कुमारी, रविरंजन ने सिल्वर मेडल हासिल किए, तो वहीं रिशु राज दांगी, उमंग दुबे और उज्वल कुमार ने ब्राउज मेडल हासिल किया। विजेता हुए सभी खिलाड़ी 23 से 25 दिसंबर को चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली नेशनल गटका प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय के डाकबंगला मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी नावा बाजार के तत्वधान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नावा बाजार सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजबली महरा, राजहारा मुखिया चंदन कुमार, सोहदाग खुर्द मुखिया कमला देवी, इटको पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सफिर आलम, कुंभी कला मुखिया प्रतिनिधि छोटू सिंह, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार टुटीने संयुक्त रूप से फीता काटकर व संचालन शिक्षक सरफराज अनवर ने की। मौके पर अतिथियों को बीआरसी द्वारा बुके व माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के आठ पंचायत के आठ टीम भाग ली। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के लिए मेडिसिन का कोई स्टॉल उपलब्ध नहीं थी। शुरूआती प्रतियोगिता में सोहदाग खुर्द बनाम कुंम्भी कला के खिलाड़ियों से परिचय के साथ सांसद प्रतिनिधि टॉस कराकर फुटबॉल को किक मारी जहां प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई। मौके पर उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, प्रमुख प्रतिनिधि पटेल दुबे, प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार बच्चन दामोदर चौधरी उप मुखिया मिस्टर अंसारी, निर्मल यादव, शिक्षक बिनय कुमार वीरेंद्र सिंह, वीआरपी कुमारी, अंजना रानी, रूबी कुमारी, विगु कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ठंड बढ़ते ही अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या, रहें सावधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ठंड बढ़ने के साथ ही जिले के सदर अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अस्पताल में आनेवाले मरीज बुखार, सर्दी व खांसी से काफी पीड़ित हैं। वहीं अस्पताल में जरूरत की दवा नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज के परिजन बाहर से दवा लेने को विवश हैं। माने तो सदर अस्पताल में हमेशा ही दवा का अभाव रहता है। मौसम विभाग की मानें तो आनेवाले दिनों में ठंड में और इजाफा होगा। तीन दिनों में तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी है। ठंड ने लोगों की दिनचर्या को काफी प्रभावित किया है। मौसम के बदलते मिजाज के कारण जिले में मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। सदर अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की लंबी भीड़ लग रही है। इससे अस्पताल प्रशासन पर अचानक बोझ बढ़ गया है। इलाज के लिए मरीज निजी क्लिनिकों में भी पहुंच रहे हैं। इससे निजी क्लिनिकों में भी मरीजों की संख्या



काफी बढ़ गयी है। अस्पतालों में मरीजों की सुबह से ही लंबी कतार लग रही है। वहीं ठंड से बचने के लिए सिविल सर्जन डॉक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि ठंड में गर्म भोजन का करें। बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें। बुखार होने पर डॉक्टर से सलाह लें। पीने में गर्म पानी का प्रयोग करें। सुबह में टहलना बंद कर दें। बदन को खुला नहीं रखें सावधानी बरतें। बदलते मौसम के कारण लोग काफी संख्या में बीमार पड़ रहे हैं। इसके लिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। अस्पताल में मरीजों की संख्या को देखते हुए पूरी व्यवस्था कर ली गयी है। मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। वहीं घर से निकलने के पहले लोग गर्म कपड़े के साथ टोपी और मफलर का इस्तेमाल करें। ऐसे में घर के बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखना जरुरी है। ठंड के कारण अस्पताल में सबसे अधिक जुकाम, खांसी और बुखार वाले मरीज आ रहे हैं। उनमें भी सबसे ज्यादा बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। इससे बचाव के लिए रोज की दिनचर्या में पहनावे से लेकर खान-पान में खास ख्याल रखने की जरूरत है। यदि आपने ऐसा नहीं किया तो यह सर्दी आपको परेशान कर सकती है।

## पलामू के पांच बच्चे राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में पढ़ाई के साथ खेल में बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में पलामू जिले के पांच बच्चों का चयन 60वीं आरएसएफआई राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है। 11 से 22 दिसंबर तक बेंगलुरु में आयोजित होने वाली इस रास्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के कई बच्चे भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट में झारखंड से कुल 41 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। स्पीड रोलर स्केटिंग के लिए पलामू से 5-7 वर्ष आयु के बालक वर्ग में अद्वैत रंजन, 7-9 वर्ष आयु के बालक वर्ग में केशव भिवानिया व मयंक कुमार सोनी, 9-11 वर्ष आयु के बालक वर्ग आदित्य मोदी और अनिमेष रंजन का चयन हुआ है। जिले से चयनित सभी बच्चे डालटनगंज स्केटिंग ट्रेनिंग सेंटर से ट्रेनिंग ले रहे हैं। डालटनगंज स्केटिंग ट्रेनिंग सेंटर के कोच चंदन कुमार ने बताया कि डालटनगंज स्केटिंग ट्रेनिंग सेंटर के 5 बच्चों का चयन 60वीं आरएसएफआई राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। हाल ही में हुए स्टेट चैंपियनशिप में ये बच्चे गोल्ड व सिल्वर समेत कुल 14 मैडल लाए थे। स्केटिंग एक ऐसा गेम है। जिसमें बच्चों को काफी आनंद आता है। जिले के खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने कहा कि पलामू के बच्चे खेल के क्षेत्र में सीमित संसाधनों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में झारखंड स्टेट चैंपियनशिप में बच्चों ने संसाधनयुक्त रांची, जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो के बच्चों को पछाड़कर पलामू जिले का परचम लहराया है। यह अपने आप में गौरवान्वित करने वाली बात है। बता दें कि राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए झारखंड से बालक वर्ग में 27 और बालिका वर्ग में 10 स्केटर्स को चुना गया है। वहीं, स्केटिंग फ्रीस्टाइल में दो लड़की, स्केट बोर्डिंग के लिए एक लड़का और एक लड़की का चयन हुआ है।

## पीजीटी में उम्र छूट की याचिका खारिज

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित अन्य जिलों के छात्रों के उम्र में छूट मिलने की संभावना को झटका लगा है। झारखंड हाईकोर्ट ने पीयूष कुमार के द्वारा उम्र सीमा में छूट की मांग को लेकर दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने इस मामले में फैसला सुनाया है। इससे पहले सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीयूष कुमार ने रिट याचिका दाखिल कर अदालत से यह गुहार लगाई थी कि उम्र सीमा में छूट दी जाए, लेकिन अदालत ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि जेएसएससी के द्वारा पीजीटी शिक्षको के नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। जिसका परीक्षा भी 21 दिसम्बर से लिया जाएगा। सुनवाई में आयोग की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा।

## वार्ड आयुक्त ने निगम बोर्ड में रखी अपनी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 27 के वार्ड आयुक्त कमर यास्मीन ने मंगलवार को नगर निगम के बोर्ड बैठक में अपने वार्ड से संबंधित कई मांगों को रखा। जिसमें पोल पर लगा एलईडी लाइट जो महीनों से खराब पड़ा है। इसे बदलने और नई लाइट लगाने पर विचार करने की मांग रखी। घी आहत मोड़ से स्वर्गीय लल्लू के घर तक रोड के दोनों साइड नली और लैब का निर्माण करने। खान साहब के घर से खादी रिक्शा गैरेज मोड़ तक नाली निर्माण करने, मुताज लाइन के घर से नजीर साह के घर तक सड़क के कालीकरण की मांग, सरफराज मास्टर के घर से आमदिया स्कूल तक नाली और स्लैब के निर्माण की मांग, स्वर्गीय अफजल के घर से स्वर्गीय अलवर के घर तक दोनों साइड नाली व स्लैब के निर्माण, बसंत के घर से कासिम मिस्त्री के घर तक सड़क मरम्मती के निर्माण, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने की मांग वार्ड आयुक्त के द्वारा किया गया। इसके अलावा राधा भवन से अजीज खलीफा के घर तक पीसीसी पथ निर्माण और रिक्शा मोड़ से मोही अंसारी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का भी मांग वार्ड आयुक्त के द्वारा बैठक में किया गया।

# पीएम आवास की लंबित राशि को आयुक्त ने सामने कराया भुगतान

## आमलोगों की सुनी समस्यायें, तत्काल निदान करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने मंगलवार को नावाबाजार प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक ओर जहां उपस्थिति पंजी में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले 10 कर्मियों की हाजिरी काटी। वहीं प्रखंड नाजिर, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को उनके कार्यों के प्रति उदासीनता/लापरवाही बरतने को लेकर निलंबित करने का निर्देश दिया। साथ ही अंचल के प्रधान लिपिक एवं राजस्व कर्मचारी से शो-कॉज करने का निर्देश दिया। वहीं प्रखंड कार्यालय की सहायक मंजू देवी के कार्यों की सराहना की। मंजू देवी ने आयुक्त द्वारा मांगे गए 5 निर्गत पत्रों को 10 मिनट के अंदर खोजकर आयुक्त के समक्ष उपस्थापित की। प्रखंड नाजिर सह कैशियर सुशील कुमार सिंह द्वारा दो सहायक रोकड़ बही को उपस्थापित किया गया। एक में मार्च 2022 तक एवं दूसरे में अप्रैल 2022 तक ही प्रखंड विकास पदाधिकारी से हस्ताक्षरित पाया गया। उसके बाद कोई हस्ताक्षर नहीं कराया गया है। आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि यह कैशियर की घोर लापरवाही है। उन्होंने इसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आज ही सहायक रोकड़ बही की जांच



करने और हस्ताक्षर करने का सख्त निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास एवं 15 वीं वित्त के कार्यों एवं कार्य उपरांत भुगतान की धीमी प्रगति पर पंचायत सचिव सरयू प्रसाद यादव को निलंबित करने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा के तहत 5 योजनाओं की स्वीकृति नहीं देने को लेकर रबदा के रोजगार सेवक रमाकांत तिवारी, राजहरा के रोजगार सेवक विद्यापति राम एवं तुकबेरा के रोजगार सेवक गोविंदा पांडेय को निलंबित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत कम से कम 5 योजनाओं को लिया जाना है, लेकिन इन पंचायतों में नहीं ली गई है। पलामू प्रमंडल में सुखाड़ की स्थिति के मद्देनजर एवं सरकार के निर्देश के बावजूद योजनाओं की स्वीकृति नहीं होना गंभीर बात है। आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्ती से 5 योजनाओं को लेने का निदेश दिया। औचक निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका की खोज की गई। पर्यवेक्षिका के रूप में निशी किरण चार्ज में हैं, लेकिन वे उपस्थित नहीं पाई गई। आयुक्त ने एलपीसी के प्राप्त आवेदनों की स्पष्ट जानकारी नहीं होने को लेकर अंचल के प्रधान लिपिक राजकिशोर सिंह से शो-कॉज करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अंचल के राजस्व कर्मचारी द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक के रुप में कार्यरत श्रीकांत दास से स्पष्टीकरण की मांग करने का निर्देश दिया। उन्होंने अन्य पर्यवेक्षकों को भी अपने प्रगति में सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की एकुरेशी में लापरवाही बरतने पर पर्यवेक्षकों को निलंबित करने संबंधित कार्रवाई की जाएगी।आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को अपने कार्यालय कर्मियों पर नियंत्रण रखने का निर्देश दिया। आयुक्त ने सोहदाग पंचायत के राजदीरिया मल्लाह टोली के जन वितरण प्रणाली दुकानदार राजदेव यादव से स्पष्टीकरण पूछने एवं उनकी अनुज्ञप्ति निलंबित करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सोहदाग पंचायत के कुंभी कला गांव की सुनीता देवी द्वारा आयुक्त के समक्ष शिकायत की गई कि प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किये 3 माह बीत गये हैं, लेकिन उन्हें मनरेगा के तहत लेबर का पैसा एवं आवास का फाइनल किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। आयुक्त ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपने सामने उस महिला के बैंक खाते में पैसा का स्थानांतरण कराया। इसके अलावा आयुक्त ने अन्य लोगों की समस्याएं सुनी और उसका तत्काल निदान का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को दिया। आयुक्त के औचक निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. अमीर हम्जा, अंचल अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे।

**दो प्रखंड कर्मी सस्पेंड :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण पलामू प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने मंगलवार को किया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड के नाजिर सुशील कुमार सिंह एवं पंचायती राज पदाधिकारी सरजू प्रसाद यादव को गड़बड़ी के कारण सस्पेंड कर दिया गया। मौके पर आयुक्त जनता से रूबरू होकर कहा कि प्रखंड अंचल के कोई भी कर्मी अगर कार्य नहीं करते हैं तो मुझे बताये, उनकी छुट्टी तय है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में बिचौलिया गिरी दलाल भी सावधान हो जायें कोई भी कार्य सरकारी कर्मी ही करेंगे। अगर दलाल हावी होते हैं तो उन पर भी कार्रवाई निश्चित है। प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मी से मुलाकात कर निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ मोहम्मद अमीर हमजा, अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव ,मनरेगा बीपीओ आशीष कुमार ,कनीय अभियंता लवकुश कुमार गुप्ता पंकज पासवान, प्रधान सहायक सुधीर पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक अलोक सोरेन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक बुका शाखा में नये शाखा प्रबंधक ने दिया योगदान



**भवनाथपुर।** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक बुका शाखा के कर्मियों के नहीं रहने से ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खबर मंगलवार को प्रमुखता से छपने के बाद नय शाखा प्रबंधक दिव्या कुमारी ने अपना योगदान दे दिया व सुचारू रूप से ग्राहकों का कार्य भी हो रहा है। बताते चलें कि सोमवार को दर्जनों महिला पुरुष व स्कूली छात्र बैंक में अपने कार्ययोजना के लिए पहुंचे थे। जहां शाखा प्रबंधक सहित अन्य कर्मियों के नहीं रहने के कारण काम नहीं हो से ग्रामीणों ने हंगामा भी किया था। ग्राहक अनिल राम, रामु मेहता, बुधन कुमार गुप्ता, विद्यावती देवी, रंजीता देवी, कलावती देवी, गुड्डी देवी ने कहा कि 15 दिनों से प्रतिदिन हम लोग बैंक में आ रहे हैं। मैनेजर के नहीं रहने के कारण हमारे बच्चों का पैसा नहीं निकासी हो पा रहा है। हम लोग टैंपू भाडा कर बैंक में आते हैं। बैंक मैनेजर के नहीं रहने के कारण हम लोग का पैसा का निकासी सहित अन्य कार्य नहीं हो पा रहा है।

### जेई के द्वारा एमबी बुक करने के बदले पैसा मांगने की बीडीओ से की शिकायत

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के बुका निकासी निवासी शम्भू प्रसाद यादव ने बीडीओ जयपाल महतो को आवेदन दे कर जेई के द्वारा एमबी बुक करने के बदले पैसा मांगने का शिकायत की करते हुए जेई पर कारवाई की मांग की है। दिए आवेदन में कहा है कि मेरा कूप निर्माण जिसका कोड संख्या 88355 है जिसका एमबी बुक करने के एवज में जेई प्रेमचंद गुप्ता के द्वारा 16हजार रुपए मांगा जा रहा है नही देने पर एमबी बुक नही किया जा रहा है।जिसके वजह से मेरा मास्टर रोल एक बार जीरो हो चुका है और दुबारा दूसरा भी जीरो होने वाला है। इस संबंध में पूछे जाने पर जेई प्रेमचंद गुप्ता के द्वारा कहा गया कि हम पैसा नही मांगे हैं लाभुक झूठा आरोप लगाया है।

### अजगर सांप के डसने से 15 वर्षीय बच्चे की मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के ताली गांव निवासी दीपक साह का 15 वर्षीय पुत्र सुदीप कुमार की मौत सोमवार की देर शाम में हो गई। जिससे गांव का माहौल गमगीन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम चार बजे सुदीप को अजगर सांप घर के आंगन में डस लिया था। इसके बाद आनन फानन में परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़ फुक के लिए ले गये। लेकिन झाड़ फुक से कोई फायदा नहीं हुआ और सुदीप का पैर में सूजन होने लगा तब सोमवार को आनन फानन में परिजनों ने इलाज के लिए गढ़वा के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। युवक का शव रात्रि में पैतृक गांव ताली लाया गया जहां अंतिम संस्कार किया गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पुलिस ने चोरी के मोटरसाइकिल खरीदने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**गढ़वा।** पुलिस ने चोरी के मोटरसाइकिल खरीदने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है गिरफ्तार व्यक्ति गढ़वा थाना क्षेत्र के मदरसा रोड मुहल्ला निवासी स्वर्गीय रामवृक्ष राम का पुत्र अशोक राम बताया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस के द्वारा उसी मोहल्ले के इसताक अंसारी गडडन अंसारी को गिरफ्तार किया गया था। उसे पूछताछ के दौरान उसके निशानदेही पर चोरी का मोटरसाइकिल अशोक राम के घर से बरामद किया गया था थाना प्रभारी ने बताया कि अशोक राम के द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल को लेकर उसे ठिकाना लगाता था उन्होंने बताया कि गढ़वा थाना क्षेत्र के हूर गांव निवासी अजीत तिवारी नामक व्यक्ति का मोटरसाइकिल की चोरी हुई थी। उसके द्वारा गढ़वा थाने में आवेदन दिया गया था पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर सहित चोरी का मोटरसाइकिल खरीदने वाला व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### बाइक दुर्घटना में एक घायल

**गढ़वा।** रमकंडा थाना क्षेत्र के मगरही गांव निवासी सनीचर राम का पुत्र इंद्रदेव राम मोटरसाइकिल टक्कर में घायल हो गए। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि इंद्रदेव राम भंडारिया से अपने घर मोटरसाइकिल से आ रहे थे। इसी दौरान तिलैया टार के पास पीछे से एक मोटरसाइकिल सवार ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दिया। परिजन ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।

# लाह उत्पादन में गढ़वा के किसानों ने मुंह मोड़ा तो विभाग ने भी ली करवट

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** कभी लाह की खेती से पहचान बना गढ़वा के किसानों ने अब लाह की खेती से मुह मोड़ लिया है। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना लाह उत्पादन जिले में दम तोड़ दी है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में एक भी किसान अब लाह की खेती नहीं कर रहे है। बताया जाता है कि 2001 एक से पहले कोरोड़ों रूपए का कोरोबार होता है। उससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बड़े पैमाने पर आर्थिक आमदनी होती थी। अब यह बंद हो गया है। वहीं अब वन विभाग की लाह उत्पादकों की वाट जोह रहा है। झारखंड में लाह के उत्पादन वाले जिले में शामिल गढ़वा लाह उत्पादन के क्षेत्र में काफी पीछे हो गया है। सरकार भले ही किसानों को लाह उत्पादन के क्षेत्र में स्वरोजगार देने की बात कहे पर जिले में यह हकीकत नहीं है। राज्य सरकार लाह उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग को राशि उपलब्ध करा रही है। उसके बाद किसानों और वनकर्मी लाह उत्पादन पर ध्यान नहीं दे रहे है। लाह उत्पादन में किसानों को दिलचस्मी नहीं लेने के कारण यह पुरी तरह से बंद हो गया है। आलम यह है कि राज्य सरकार से राज्य सरकार से मिलने वाली राशि को जिले के वन विभाग के पदाधिकारी लेने से इंकार कर रहे है। वन विभाग की ओर से वर्ष 2013 और 2015 में रंका के दोनों रेंज में लाह की खेती कराई गई थी। दुर्भाग्य से विभागीय कर्मी और किसानों की लापरवाही के कारण लाह पुरी तरह से नष्ट हो गया। उसके बाद से वन विभाग सहित किसान भी लाह उत्पादन को बंद कर दिया। मालूम हो कि लाह के खेती में गढ़वा राज्य भर में दूसरे स्थान पर था। किसान अक्टूबर महीने मं 200-300 पेड़ों पर लाह लगाते थे। जो मई महीने में निकाल लिया जा रहा था और उसे बाजार में बेच दिया जाता था। किसानों के लाह उत्पादन में दिलचस्पी नहीं लेने के कारण विभाग की ओर से भी धीरे-धीरे लाह उत्पादन पर ध्यान देना बंद हो गया। विभागीय पदाधिकारियों की मने तो लाह उत्पादन में कर्मी आने का कारण किसानों के दिलचस्मी कम लेना और लगातार पलास और बैर का काटा जाना है।



जिले में अब लाह की खेती नहीं हो रहा है। पलाश के पेड़ और बैर के पेड़ नहीं रहना और किसानों के दिलचस्मी नहीं लेने के कारण अब खेती बंद हो गया है। इस बार पुनः लाह की खेती के लिए किसानों को जागरूक किया गया है उन्हें वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण भी दिया गया है दक्षिणी प्रमंडल 4 गांव को चिन्हित किया गया है यहां के लोगों को लाहा उत्पादन की प्रशिक्षण दिया गया है गढ़वा जिले में पुनः की खेती शुरू हो इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है

**-शशि कुमार दक्षिणी वन प्रमंडल।**

## समय पर बीज वितरण नहीं होने से परेशान है भवनाथपुर के किसान

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** सरकार द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर दिए जाने वाला चना का बीज किसानों के बीच कछुवा चाल की तरह वितरण होने के कारण बुवाई का सीजन निकल रहा है। किसान को समय पर बीज नही मिलने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रहे है। अगर सही मायने में किसानों की संख्या पर गौर किया जाय तो उक्त अनुदानित बीज ऊंट के मुंह मे जीरा के बराबर साबित हो रही है। तो वही दूसरी ओर प्रखंड कार्यालय में रखे गए चना का बीज को चोरों द्वारा चोरी की जा रही है। मजे की बात यह है कि प्रभारी कृषि पदाधिकारी राजगीरा राम से पूछे जाने पर कहा कि चार पांच किलो ही चना कि चोरी हुई है तो क्या हुआ। बताते चले कि भवनाथपुर प्रखंड में किसानों के लिए 37 क्विंटल चना का बीज किसानों के बीच वितरण करने के लिए आया हुआ है। जिसमे क्लस्टर बना कर वितरण करना है बर्तमान में सिर्फ अरसली दक्षिणी पंचायत में कुछ किसानों के बीच चना का बीज वितरण किया गया है। बीटीएम ओमप्रकाश साहू ने बताया कि कुल चार क्लस्टर बनाया गया है। जिसमे असरली दोनो पंचायत दूसरा भवनाथपुर, मकरी व बनसानी, तीसरा चपरी व पंडरिया पंचायत को क्लस्टर बनाया गया है। कुछ कागजी प्रक्रिया में समय लग रहा है तीन चार दिनों में सभी किसानों को बीज वितरण किया जाएगा। तो वही किसान ब्रजेश यादव, राजेंद्र यादव, निर्मल कुमार, ददलू यादव ने कहा कि एक सप्ताह से हम लोग चना लेने के लिए प्रखंड कार्यालय में दौड़ रहे है। लेकिन कृषि पदाधिकारी द्वारा चना नहीं दिया जा रहा है सिर्फ दौड़ाया जा रहा है। हम लोग दश किलोमीटर दूर से चना लेने के लिए प्रखंड कार्यालय आ रहे हैं।

### जिला परिषद सदस्य ने उपायुक्त से भेंट कर कई समस्याओं से कराया अवगत

## सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर लोगों के क्रय-विक्रय का मार्ग प्रशस्त किया जाय

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** जिला परिषद क्षेत्र कांडी उत्तरी की सदस्य सुषमा कुमारी ने उपायुक्त से मिलकर प्रखंड की कई ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग की है। जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी ने सोमवार को जिला के उपायुक्त रमेश घोलप से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन समर्पित किया। जिसके माध्यम से कांडी की कई समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि जिला के एक प्रमुख तथा महत्वपूर्ण बाजार कांडी की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर लोगों के क्रय विक्रय का मार्ग प्रशस्त किया जाए। बाजार की जमीन का पूरी तरह अतिक्रमण कर लिए जाने के कारण सड़क पर बाजार लगता है। बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराकर



इसका सुंदरीकरण कराया जाए। आजादी के अमृत वर्ष एवं कांडी प्रखंड सृजन के 23 वर्षों के बाद भी प्रखंड मुख्यालय में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। संभवतः कांडी अपने तरह का एकलौता प्रखंड होगा जहां एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। जिस कारण लोगों को काफी कठिनाई होती है। विशेषकर महिलाओं के कष्ट व भारी परेशानी का तो वर्णन नहीं किया जा सकता। जबकि शौचालय निर्माण के लिए कालेज रोड व प्रखंड कार्यालय के सामने सरकारी जमीन उपलब्ध है। इस स्थिति में महिला व पुरुषों के लिए दस दस सीट का सेप्टिक टैंक शौचालय, मुत्रालय व स्नानागार का निर्माण कराया जाए। प्रखंड क्षेत्र के बिजली विहीन गावों का अतिशीघ्र बिजलीकरण कराया जाए। विभिन्न पंचायतों में अवस्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों में जेन्ट्स एवं लेडी डाक्टर की सेवा उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर जिप सदस्यों के साथ भी एक बैठक की गयी। जिसमें अपने क्षेत्र की अनेक समस्याओं को उठाते हुए उनके कारगर समाधान की मांग की।

## 17 दिसंबर से वॉलीबॉल जिला लीग प्रतियोगिता का होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत चितविश्राम हाई स्कूल में आगामी 17 एवं 18 दिसंबर को गढ़वा जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वधान में आयोजित होने वाली स्वर्गीय ब्रिज बिहारी पाठक स्मृति वॉलीबॉल जिला लीग प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए राजकीय मध्य विद्यालय चित्तविश्राम परिसर में मंगलवार को सेवानिवृत्त शिक्षक तेज प्रताप पांडे की अध्यक्षता में वॉलीबॉल खिलाड़ियों एवं बुद्धिजीवी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से श्री बंशीधर नगर तथा गढ़वा मुख्यालय के बाहर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय वालीबॉल लीग को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रतियोगिता को सफल संचालन एवं आए हुए अतिथियों का सम्मान, खिलाड़ियों को रहने की व्यवस्था, खाने संबंधित जिम्मेवारी तय करने हेतु कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सभी के सर्वसम्मति से चितविश्राम पंचायत के मुखिया को आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। बीडीसी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय पाण्डेय को उपाध्यक्ष, कमलेश कुमार पाण्डेय को आयोजन समिति के सचिव बनाया गया। वही तेज प्रताप पांडेय, धीरेंद्र चौबे, अमरनाथ पांडेय, द्वारकानाथ पांडेय को संरक्षक बनाया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इक्षुक टीम मोबाइल नंबर 8051216238 एवं 9689695054 पर संपर्क कर 15 दिसंबर तक अपना पंजीयन करा सकते है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय) गढ़वा**

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2022

सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–15.12.2022 (दिन–गुरुवार) को पूर्वाह्न–11.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक जिला नियोजनालय परिसर, गढ़वा में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2022" आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| 1 | Aatulyya edutech pvt Ltd. | Operator | 100 | 10th pass | ITI And Diploma | Fresher | 18-30 year | 14000 to 16000/- | - |
| 2 | Jai Bharat Maruti Limited. Gujrat Ahemdabad. | Machine Operator | 260 | 10th pass | ITI | Fresher | 18-35 year | 15300 to 17500/- | - |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर लें। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

PR.NO.284945 Labour Employment and Traning(22-23):D — जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा।


### विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर संग्रहित किया गया नमूना

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** अभिहित अधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज ने मंगलवार को विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच किया.जांच के क्रम में पन्नालाल सेल्स के दुकान से गुरुकुल ब्रांड का नमकीन व मगध ब्रांड का मूंगफली चिकि का नमूना जांच के लिये संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा द्वारा बताया गया कि खाद्य पदार्थो का सैम्पल जांच के लिये राजकीय खाद्य प्रयोगशाला रांची भेजा जायेगा. जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद सम्बन्धितों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम 2006 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई किया जायेगा। अभिहित अधिकारी सह एसडीओ द्वारा बताया गया कि सभी आम जनों को स्वस्थ व सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो इसके लिये समय समय पर खाद्य प्रतिष्ठानों व



होटलों की जांच की जा रही है तथा खाद्य पदार्थो के सैम्पल जांच के लिये प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है. उन्होंने बताया कि पूर्व में भी खाद्य पदार्थो का सैम्पल जांच हेतु भेजा गया था, जिसमें भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत खरौंधी मोड़ से लिया गया आकांक्षा हल्दी पाउडर का नमूना जांच में मिसब्रांडेड व अस्वस्थकर पाया गया है। उक्त मामले में सम्बंधित के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रतिबंधित पान मसाला बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध भी समय समय पर छापेमारी व कार्रवाई किया जायेगा।

### छहमइलवा में सड़क दुर्घटना में युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** श्रीबंशीधर नगर-भवनाथपुर रोड में छहमइलवा के समीप सड़क दुर्घटना में अशोक सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। वह श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के दहेड़िया गांव का रहनेवाला है। जानकारी के अनुसार अशोक सिंह अपनी मोटरसाइकिल से भवनाथपुर से अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान छहमइलवा के समीप अनियंत्रित होकर उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में उसका बायां पैर व कालर बोन फ्रैक्चर हो गया है। इस घटना के बाद राहगीरों ने 108 आपातकालीन सेवा पर काल कर एंबुलेंस बुलाकर घायल अशोक सिंह को अस्पताल भेजवाया।

### लातदाग गांव के समीप बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग गांव के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर राजू राम पिता स्व चंद्रकांत प्रसाद व सनन कुमार पिता कुलदीप राम गंभीर रुप से घायल हो गए। उक्त दोनों रमना थाना क्षेत्र के कोरगा गांव के रहनेवाले हैं। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार राजू राम व सनन कुमार एकही मोटरसाइकिल से मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव स्थित बहन के ससुराल से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान लातदाग के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजवाया।

### क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी एवं बीईईओ ने खरौंधी के कई विद्यालयों का किया निरीक्षण

## अध्यक्ष व संयोजिका के विवाद से बंद रहती है मध्याह्न भोजन

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** मंगलवार को एरिया ऑफिसर कैंसर राजा तथा बिईओ विजय पाण्डेय ने प्रखंड के मध्य विद्यालय बजरमरवा, मध्य विद्यालय खरौंधी तथा हाई स्कूल खरौंधी का औचक निरीक्षण किया। मध्य विद्यालय बजरमरवा में 602 छात्र छात्राओं में से 457 छात्र उपस्थित थे। विद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित हो रही थी। मध्यान भोजन भी चालू था। प्रधानाध्यापक जमालुद्दीन अंसारी ने बताया विद्यालय में 602 छात्रों पर सिर्फ चार शिक्षक है। जिससे विद्यालय की सभी कक्षाएं संचालित करने में परेशानी होती है। साथ ही बताया विद्यालय के बगल में ही एक जर्जर भवन है। जो कभी भी ध्वस्त हो सकता है। विद्यालय के छात्रों के साथ कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। इसे गिराने के लिए मैं कई बार मांग किया लेकिन किसी ने जर्जर भवन को गिरवाने का प्रयास नही किया। एरिया ऑफिसर कैंसर राजा ने प्रधानाध्यापक को दो शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का आश्वासन दिया। प्रबंधन समिति की बैठक कर जर्जर भवन को गिराने का प्रस्ताव लेकर आवेदन देने का निर्देश दिया।



वही मध्य विद्यालय खरौंधी में सभी कक्षाएं संचालित हो रही थी। मध्यान भोजन भी संचालित हो रही थी। अकसर विद्यालय के अध्यक्ष तथा संयोजिका में विवाद की वजह से मध्यान भोजन बंद रहने की सूचना पर नाराजगी व्यक्त किया। विद्यालय में मध्यान भोजन नियमित चालू रखने के लिए प्रधानाध्यापक राजनन्दन राम, प्रबंधन समिति अध्यक्ष और संयोजिका के साथ बैठक कर हर हाल में मध्यान भोजन चालू रखने का निर्देश दिया। वही प्रधानाध्यापक राजनन्दन राम तथा सहायक अध्यापक इंदल पासवान ने बताया विद्यालय का लगभग 5 एकड़ जमीन है। लेकिन चहारदीवारी नही रहने से विद्यालय की जमीन को लोग अतिक्रमण कर रहे है। अभी प्रखंड के 8 ऐसे विद्यालय को विभाग द्वारा चहारदीवारी दिया गया। जहां पहले से ही चहारदीवारी बना हुआ है। जबकि खरौंधी मध्य विद्यालय को चहारदीवारी नितांत आवश्यक है। दौरान एरिया ऑफिसर कैंसर राजा ने कहा मध्य विद्यालय में चहारदीवारी की सबसे बड़ी समस्या है। इसे दूर करने के लिए जिला कार्यालय को लिखेंगे।

अंत में मध्य विद्यालय के समीप स्थापना अनुमति प्राप्त हाई स्कूल का निरीक्षण किया। सभी कक्षाएं संचालित हो रही थी। इसमें छात्रों की उपस्थिति देखकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक का उत्साह वर्धन किया। एरिया ऑफिसर कैंसर राजा को विद्यालय के शिक्षको ने बताया इस विद्यालय में लगभग एक हजार छात्र पढ़ाई करते है। बोर्ड परीक्षा में इस स्कूल का शत प्रतिशत रिजल्ट रहता है। इस दौरान मध्य विद्यालय खरौंधी में विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, सहायक अध्यापक इंदल पासवान, मूसन पासवान, दीपक पासवान सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**

E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित्त आयोग मद | | | | | | | |
| 1 | 16 | UDD/NPB/34/22-23 | Installation of Paver Block from Police Station Bishrampur to Bhelwa River in Ward no. 16 | 689494.00 | 13790.00 | 5000 | 03 Month |
| 2 | 5,8,9 | UDD/NPB/35/22-23 | Installation of Paver Block & Grill from Madarsha Road to House of Sunil Pandey on the East Side of NH75 in the ward no 05,08,09 | 2499851.00 | 50000.00 | 5000 | 03 Month |
| 3 | 5,8,9 | UDD/NPB/36/22-23 | Installation of Paver Block & Grill from Madarsha Road to Chhaliya Nala near Mahabir Mandir on the West Side of NH75 in the ward no 05,08,09 | 2185420.00 | 43710.00 | 5000 | 03 Month |
| 4 | 16 | UDD/NPB/37/22-23 | Installation of Paver Block from Panchmukhi Mandir to R.C.I.T. College gate via Police Station Bishrampur in Ward no. 16 | 1773241.00 | 35470.00 | 5000 | 03 Month |
| 5 | 03 | UDD/NPB/38/22-23 | Installation of Paver Block from B.More to Charmuhan Untari Road in Ward no. 03 | 677222.00 | 13550.00 | 5000 | 03 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | Date Of Publication Of Tender On Website | 12.12.2022 5:30 pm |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | 12.12.2022 5:30 pm |
| 8 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 24.12.2022 05:00 pm |
| 9 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 26.12.2022 Till 01:00 pm at Bishrampur Thana |
| 10 | Date Of Bid Opening | 26.12.2022 3:30 pm |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Nagar parishad Bishrampur |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | 9525633383 |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9771761820 |

NOTE: - Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Nagar Prishad, Bishrmapur.

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

PR 284962 (District)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**बालूमाथ।** हेरहंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पप्पू पासवान के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया गया ।इस दौरान विधानसभा प्रभारी पप्पू पासवान बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष मो.आमिर हयात, प्रदेश कांग्रेस नेता मो. जुबेर, प्रिंस खान, विनोद भुइँया, अनिल ,सीताराम आदि कांग्रेसियों ने प्रखंड के रजवार, गुरतूर ,हरैयाखाड़ ,कुरियामखुर्द आदि पंचायतों में हाथों में तिरंगा झंडा ले और पार्टी का झंडा बैनर आदि लेकर काफी संख्या में हिंदुस्तान जिंदाबाद नारा लगाते हुए पैदल यात्रा करते नजर आए। इस यात्रा के दौरान देशभक्ति नारों से पूरा पंचायत गूंज उठा। मौके पर ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी के परम आदरणीय नेता राहुल गांधी के विचारों से अवगत कराया।

### शिविर में 110 लोगों का हुई नेत्र जांच

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में मंगलवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर चौपारण के बहेरा आश्रम के तत्वधान में आयोजित की गई। शिविर में 110 लोगों का नेत्र जांच नि:शुल्क किया गया। जिसमे 35 लोगों का मोतियाबिंद पाया गया। मोतियाबिंद पाए गए लोगों का नि:शुल्क इलाज बहेरा आश्रम में किया जाएगा। नेत्र जांच डॉ. जितेंद्र सोनी द्वारा किया गया। मौके पर शिवम कुमार केसरी, पवन कुमार राणा, प्रभात कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### मुखिया ने की मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की जांच

**मयूरहंड(चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत मंझगावां पंचायत के मुखिया सह दिशा के सदस्य मंजीत कुमार सिंह ने मंगलवार को पंचायत क्षेत्र में मनरेगा के तहत संचालित योजना की जांच की। इस दौरान महेशा, मंझगावां, सलैया गांव में संचालित टीसीबी, मेढबंदी एवं तालाब निर्माण का स्थल जांच. कर कार्य में लगे मजदूरों को निर्धारित माप दंड के अनुसार कार्य करने की सलाह दी। कार्य स्थल पर फर्स्ट ऐड बॉक्स समेत मजदूरों को दी जाने वाली सुविधाओं का भी जायजा लिया और रोजगार सेवक यदुनंदन राम, बिएफटी सुबोध कुमार सिंह को योजानाओं में एक सप्ताह के अंदर सुधार करने का निर्देश दिया। मुखिया श्री सिंह ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं की जाएगी। मनरेगा कर्मियों को दायित्वों को इमानदारी पूर्वक निर्वाहन करने का निर्देश दिया। ताकि आम जनमानस को योजनाओं का पुरा लाभ मिल सके।

### सांसद निधि से विभिन्न गांवों में लगाया जा रहा सोलर लाइट

**गिद्धौर(चतरा)।** जिले के गिद्धौर प्रखंड में सांसद निधि से सोलर लाइट लगाने का कार्य मंगलवार को शुरू किया गया। मंगलवार को पहरा, गंगापुर, शिव मंदिर, इचाक, पिडारकोण, गड़के, गिद्धौर, जपुआ आदि गांवों के मंडप व मंदिर परिसर सहित सार्वजानिक स्थानों पर सोलर लाइट लगाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर किया गया। इस दौरान विशेष रूप से संबंधित बुथ अध्यक्ष रामानंद दांगी, महेंद्र राम, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, स्वछता अभियान के जिला संयोजक लखन दांगी, उप प्रमुख प्रीतम यादव, सुरेश प्रसाद राणा, बबलू कुमार साव, सुनील कुमार राणा, विकास कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर युवक को कुचला, इलाज के दौरान हुई मौत



**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलांग में बीते देर शाम अवैध बालू लदे ट्रैक्टर 30 वर्षीय बिनोद कुमार साव को कुचल डाला। जिससे इलाज के दौरान रांची रिम्स में मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने मोटरसाइकिल से गेहूं पिसवा कर अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे फुलांग निवासी प्रभु साव का ट्रेक्टर युवक को अपने चपेट में ले लिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और इलाज के लिए चौपारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के हजारीबाग अस्पताल भेज दिया। उसके बाद रांची रिम्स रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनो को सौंपा दी गई। जिसके बाद शव पैतृक गांव फुलांग लाया गया और मुआवजा मिलने पर ही अंतिम संस्कार करने की बात कही। मृतक की पत्नी गुडिया कुमारी के अनुसार घर मात्र कमाउ व्यक्ती था। जो अपने पिछे बुढे मां पिता के साथ पत्नी व दो छोटे बच्चों को छोड असमय चल बसा। मृतक के परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। दुसरीओर थाना प्रभारी रामवृक्ष राम द्वारा ट्रेक्टर को जब्त करने के बाद कार्रवई के आश्वासन देने पर शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

# लक्ष्य के अनुरूप केसीसी का लाभ दें: उपायुक्त



#### बैंकों को चिन्हित करने का डीसी ने दिये निर्देश

किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी का लाभ देने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा समीक्षा क्रम में लक्ष्य के अनरूप प्राथमिकता के साथ ऋण स्वीकृति को लेकर एलडीएम को निर्देशित किया गया कि वैसे बैंक अधिकारी जो कार्य में लापरवाही कर रहे है उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई किया जाए। इसके अलावे बैठक में उपायुक्त द्वारा क्रेडिट प्लान 2023- 24 का अनावरण किया गया। बैठक में आईटीडीए निदेशक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, एलईओ, भारतीय रिजर्व बैंक रांची, जीएम, एलडीएम, जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022-23 के जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं (डीएलआरएसी) की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों केअनुपालन की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2022-2023 बैंको की उपलब्धियों पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए सी.डी. रेशियों पर चर्चा, सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दूसरी तिमाही में बैंको की कुल उपलब्धि 60.98 प्रतिशत हुई है। इस वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में 7 बैंकों की उपलब्धि 50% से अधिक है 10 बैंकों की उपलब्धि 0 एवं 50 प्रतिशत से कम है। इस पर उपायुक्त ने वैसे बैंकों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि जिन बैंकों की उपलब्धि 35% से कम है उन बैंकों को कार्य योजना बनाकर न्यूनतम 40% का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि अगले तिमाही तक अपनी उपलब्धि में सुधार किया जा सके।

सीडी रेसियो की समीक्षा में बताया गया कि मार्च 2019 तिमाही में सीडी रेश्यो 46 प्रतिशत था। जो वित्तीय वर्ष 2019-20 सितंबर तिमाही से लगातार घटकर मार्च 2021 में 29.31 प्रतिशत हो गया। सितंबर 2022 तिमाही में यह बढ़कर 38.13 प्रतिशत हो गया। जो वित्तीय वर्ष 2021 के जून तिमाही से 5.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल एसीपी लक्ष्य 21,081 निर्धारित है। इसके विरुद्ध दूसरी तिमाही में 6,282 किसानों का केसीसी ऋण दिया गया है जो लक्ष्य का 29.79 प्रतिशत है।

## नौकरी के नाम पर 1.70 लाख की ठगी, थाने में शिकायत दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहरथाना क्षेत्र के पंचायत-केड़ टोला-निवासी सुदेश उरांव ने बागोर थाना में छिपादोहर थाना में आवेदन देकर अपनी बेटी को दिलाने के नाम पर नर्स की नौकरी दिलाने के नाम पर 170000 ठगी की शिकायत और थाने में दर्ज कराते हुए आरोपी पर कार्रवाई की मांग किया है। इस संबंध में भुक्तभोगी सुदेश ने बताया कि उसके गांव में एक वर्ष पहले झोलाछाप डॉक्टर बन कर राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ग्राम+पोस्ट बरियारपुर जिला-सहारसा राज्य-बिहार निवासी मेरे गांव में घूम-घूम कर निजी प्रैक्टिस करता था। इसी बीच मेरी पुत्री को देखकर नर्स में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। इस बात पर आरोपी ने तीन किस्तों में हमसे 170000 की ठगी कर लिया। आरोपी द्वारा इसके बाद भी मुझ से पैसे की मांग की कर रहा था। जिस पर मुझे शक हुआ। एक वर्ष पूर्व छिपादोहार के तत्कालीन थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी। जिस पर थाना प्रभारी ने करवाई करते हैं आरोपी को पकड़ लिया था लेकिन पैसा मिलने का आश्वासन पर आरोपी को छोड़ दिया गया। लेकिन 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक मेरा पैसामुझे नहीं मिला है। ठगी करने वाले आरोपी पर कार्रवाई करते हुए मेरे द्वारा लिए गए पैसा वापसी करने की शिकायत दर्ज कराया है। इस संबंध में छिपादोहर के थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया यह मामला पूर्व का है, जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लड कैंसर से जूझ रहे बच्चे के परिजन ने लगाई मदद की गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना से विस्थापित कुमरांग गांव निवासी रूपलाल यादव के इकलौते पुत्र रौशन ब्लड कैंसर से जूझ रहा है। आर्थिक अभावों से जूझते परिजन 6 वर्षीय रौशन की जिंदगी बचाने के लिए लोगों से मदद की गुहार लगाई है। ज्ञात हो कि जिस उम्र में रौशन को खेलना कूदना और शरारत करना चाहिए उस उम्र में वह कैंसर जैसे गंभीर बीमारी में आकर जिंदगी और मौत का जंग लड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक महीने पहले रौशन के पिता ने हजारीबाग में जांच करवाया, बावजूद रौशन की हालात दिन ब दिन और भी बिगड़ने लगी। बिगड़ते हालात को देखकर चिकित्सकों ने उसे टाटा कैंसर हॉस्पिटल रेफर कर दिया। वहीं पैसे के अभाव में रौशन को अधूरा इलाज कराए हीं परिजन अपने घर वापस घर लौट आए। ऐसी स्थिति में नाक



और मुंह से जब बच्चे को खून गिरना शुरू हो गया तब परेशान परिजन रांची में इलाज कराया तो जा रहा है। पर, वहां आर्थिक अभाव बच्चे के जीवन के लिए संकट बन गया है।

**सरकारी सहायता के लिए किया गया है विभागीय अनुशंसा: सीओ**

इस बावत पूछे जाने पर सीओ विजय दास ने बताया कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत चार लाख रुपए की सहायता के लिए अनुशंसा की गई है। वहीं स्थानीय विधायक किसुन कुमार दास ने भी समुचित मदद का भरोसा दिया है।

## माओवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

### पूर्व से ही नक्सल गतिविधि में शामिल रहे है दोनों सहयोगी

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/सिमरिया।** माओवादी संगठन के लिए लेवी की मांग करने वाले व माओवादी को खाना पहुंचाने वाले दो अभियुक्त को पुलिस ने चतरा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने जानकारी दते हुए बताया कि सिमरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर चल रहे जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य में माओवादी द्वारा लगातार लेवी की मांग की जा रही थी। इस संदर्भ में सिमरिया थाना कांड 213/22 में धारा 385/387 भादवि ए 17 सीएलए के तहत मामला दर्ज कर, पुलिस अधीक्षक के द्वारा नक्सल संबंधित गतिविधि में शामिल लोगों के विरुद्ध सिमरिया तथा लावालौंग



थाने की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी अभियान चलाकर सुनेश यादव पिता प्रसादी यादव को लेवी मांगने वाले मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। जो पूर्व से ही नक्सल गतिविधि में शामिल रहा है। साथ ही थाना क्षेत्र से नक्सली समर्थक संतोष गंझू पिता स्वर्गीय अयोधी गंझू, ग्राम बुलबुल थाना लावालौंग जो नक्सलियों को खाना-पीना व अन्य सामग्री उपलब्ध कराता था तथा नक्सलियों के सहयोग से अफीम की खेती भी किया था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दोनों गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। छापामारी दल में सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार, लावालौंग थाना प्रभारी नंदन कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा, शशिकांत साहू व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन में मंगलवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना के संबंध में मिली जानकारी आज अहले सुबह रेलवे लाइन पार करने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति (उम्र लगभग 30 वर्ष) की गुजरती हुई मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मालगाड़ी की चपेट में आने से शव दो टुकड़े में विभक्त हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी सूचना बरवाडी स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी को दी सूचना मिलने पर स्टेशन प्रबंधक घटनास्थल पहुंचकर शव की पहचान करने की प्रयास किया लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। वही सूचना पर आरपीएफपुलिस भी शव की शिनाख्त करने में जुटी है। संबंधित जीआरपी पुलिस डाल्टनगंज आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु डाल्टेनगंज ले गई है।

### आंगनबाडी केंद्रों के मनमाने रवैये से ग्रामीण परेशान

**महुआडांड़** ।प्रखंड में बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की दयनीय स्थिति है। जो अपने उद्देश्य से भटका हुआ नजर आ रहा है, जंगल के सूदूर ग्रामीण क्षेत्र में केंद्र कब खुलता और कब बंद होता है। इसका पता आसपास के लोग को भी नहीं चलता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि केंद्रो का संचालन कागजों में किया जा रहा है। परहाटोली पंचायत के अंतर्गत उदालखाड़ गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र मनमौजी खुलता है, सोमवार से आंगनबाड़ी केंद्र बंद है, गांव के प्रशिद यादव ने कहा महीना में 15 या 10 दिन ही आंगनबाड़ी केंद्र खुलता है, कभी कभी तो सप्ताह भर बंद रहता है।

### संत जेवियर्स महाविद्यालय में एड्स जागरूकता अभियान, बोले फादर एमके जोश

## जीवन अनमोल है, एड्स बीमारी से बचें

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड।** संत जेवियर्स कॉलेज, महुआडांड़ के यूथ रेड क्रॉस के सहयोग से वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 13 दिसंबर 2022 को एड्स जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सेमेस्टर 3 के अजय उरांव और रेखा बाखला द्वारा एक भाषण दिया गया। जिसमें एड्स के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला गया। जो अब हर साल लाखों लोगों की जान ले रहा है। द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक भी किया गया। जिसमें उन्होंने दिखाया कि हमारे समाज में बीमार व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टी हेल्जा मुन्जी ने दर्शकों के सामने एड्स के अर्थ, उपचार और रोकथाम को परिभाषित करते हुए



पीपीटी प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. फादर. एमके जोस ने कुछ सावधानियों के बारे में बताया जो हर किसी को अपने जीवन में अपनानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जन जागरूकता के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के अच्छे संचालन के लिए उप प्राचार्य सिस्टर कैशलीन, प्राध्यापक शशि शेखर, शालिनी बाड़ा, मनीषा बाखला, सुभाष सामंत, कीर्ति मींस , मैक्सनसियस , जॉन विनोद कुजुर, विनय यादव एवं छात्रा- छात्राओं की सराहना की। राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं व प्राध्यापक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सानिया परवीन ने किया और धन्यवाद ज्ञापन ओम प्रकाश गुप्ता के द्वारा दिया गया।

## निदेशकों ने रॉ वाटर पंप हाउस का उद्घाटन कर किया वृक्षारोपण

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में अधिष्ठापित उत्तरी करनपुरा वृहद ताप परियोजना (एनटीपीसी) का निदेशक संचालन रमेश बाबू वी और कार्यकारी निदेशक (ईंधन व प्रबंधन) दिलीप कुमार ने परियोजना के सभी प्रबंधकों व उप-प्रबंधकों के साथ उच्चस्तरीय बैठक करने के पश्चात संयंत्र निर्माण में चल रहे कार्य प्रगति का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान कोल हैंडलिंग प्लांट, रिक्लेमर, कंट्रोल रूम, बॉयलर, स्विचयार्ड तथा देश में पहली बार जापानी तकनीक से निर्मित किए गए एयर कूल कंडेनसर जैसे विभिन्न संयंत्रों व उपकरणों का निरीक्षण कर सभी मौजूद अधिकारियों को निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं निदेशकों ने परियोजना की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त



करते हुए आने वाले महीनों में संयंत्र से बिजली उत्पादन व्यावसायिक रूप से चालू हो यह सुनिश्चित करने की बातें कही। वहीं निर्मित जलाशय तथा बैराज क्षेत्र का दौरा कर रॉ वाटर पंप हाउस का विधिवत उद्घाटन करते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। बताया गया कि इसी पंप द्वारा निर्मित जलाशय से पूरे संयंत्र में पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस दौरान निदेशकों ने युवा अधिकारियों को प्रेरित करते हुवे कई रोमांचक अनुभवों को भी साझा किया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, मरीजों की हुई जांच

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** मालहन पंचायत के लोहरसी साप्ताहिक बाजार में जन साहस संस्था एंव आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्धघाटन मालहन मुखिया जतरु कुमार मुंडा के द्वारा किया गया। शिविर में 0 से 5 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों की स्क्रीनिंग के अलावा गर्भवती महिला, धात्री माता,किशोरी बालिकाओं को गुड टच, बैड टच के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य की देखभाल के बारे में बताया गया। शिविर में लगभग दो सौ लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी गई। गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं किशोरी बालिकाओं एंव उपस्थित लोगों में वैश्विक महामारी की भयावहता व बचाव की जानकारी




भी दी गई। शिविर में मास्क,सैनिटाइजर, पैड्स इत्यादि सामग्रियों का वितरण किया गया। शिविर में डॉ तरुण जोश लकड़ा, डॉ सुनील कुमार भगत,जेनरल फिजिशियन के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मौके पर फार्मासिस्ट परमानन्द कुमार,जन साहस संस्था के स्टेट हेल्थ ऑफिसर बिनोद कुमार, जिला समन्वयक अमित बाड़ा,अवध कुमार, रंजीत प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लातेहार के खुबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक है सुगा बांध

## पर्यटकों को आकर्षित कर रही सुगा बांध

अजय सिन्हा

**लातेहार।** प्रकृति ने लातेहार जिले को कई असीम सौगातें दी है। जिले में कई ऐसे पर्यटन स्थल है। जहां सालों भर पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। उन्ही में से एक है गारू प्रखंड का सुगा बांध झरना। घने जंगल व पहाड़ियों के बीच बहती नदी की धारा जब पहाड़ी से होकर गिरती है, तो इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है। शांत वातावरण में पक्षियों के कलरव के बीच नदी के पानी के उंचाई से गिरते पानी की आवाज दिल को छू लेती है सुगा बांध झरना का अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य आपको मौहित कर देगी। प्रकृति ने इसे दो हिस्सों में बांटा है। एक हिस्सा सामने की ओर जहां पानी कम गहरा है अक्सर लोग इस हिस्से को पूरा सुगा बांध समझकर लौट जाते हैं। जबकि असली झरना



छुपा हुआ है चट्टानों के पीछे। नदी पार करने के बाद आपको पलामू टाइगर रिजर्व की रानी सुगा बांध झरने का दीदार होगा। 150 फीट की ऊंचाई से दो हिस्सों में बंटकर यह झरना नीचे गिरकर स्वीमिंग पुल के तरह बन जाती है जहां उत्साहित पर्यटक स्नान करने से खुद को रोक नहीं पाते है। जंगल की हरियाली, पत्थर की कठोरता और बलखाती लहरों की लचक आपको मत्रमुग्ध करने के लिए पर्याप्त है। फॉल के पास का नाजारा काफी मनमोहक है। नदी की धारा एक विशाल चट्टान से होकर गुजरती है। यहां बालू का नामोनिशान नहीं दिखता है। पानी का बहाव तेज रहता है, ऊंचाई से गिरने के कारण दुधिया रंग का पानी फॉल से गिरता दिखता है। पानी के बहाव के कारण चट्टान के पत्थरों का कटाव अलग-अलग आकृति का बन गई है, जो वहां की खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं। दिसंबर व जनवरी के महीने में यहां काफी भीड रहती है. पिकनिक स्पॉट के रूप में भी यह काफी प्रचलित है। यहां दूर-दराज से लोग पहुंचते हैं और प्रकृति का आनंद लेते हुए पिकनिक मनाते हैं. बरसात के दिनों में इसकी आकृति कुछ और दिखायी देती है जबकि गरमी व ठंड के मौसम में इसकी आकृति कुछ और।

**कैसे पहुंचे सुगा बांध**

लातेहार जिला मुख्यालय के गारू प्रखंड में स्थित है। लातेहार से इसकी दूरी तकरीबन 75 किमी है। लातेहार से कोटाम के रास्ते अरमु मोड़ होते हुए बारेसाढ़ पहुंचे बारेसाढ़ से लगभग 4 किमी की दूरी पर सुग्गा बांध है। सुग्गा बांध पर ठहरने का कोई उत्तम प्रबंध तो नहीं है पर पर्यटकों के लिए खाने पीने के सामान वंहा पर उपलब्ध रहते हैं।

## जर्जर पौधा संरक्षण केंद्र को कृषि विभाग के संरक्षण का इंतजार

मुबारक आलम

**चंदवा।** प्रखंड का इकलौता पौधा संरक्षण केंद्र काफी जर्जर स्थिति में चल रहा है। केंद्र को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि पौधा संरक्षण केंद्र को खुद अधिकारियों से संरक्षण का इंतेजार है। केंद्र को देखकर ऐसा लगता है कि भवन बनने के बाद से कभी इसका जीर्णोद्धार तक नही हो पाया है। मालुम हो कि पौधा संरक्षण विभाग कृषकों के फसल को मूलतः कीट ,फंगस से बचाव की जानकारी के साथ साथ केंद्र से किसान के फसल में लगने वाले बीमारियों से बचाव के लिए दवा का नाम और फसल में दवा का छिड़काव को लेकर गंटुर मशीन किराए पर उपलब्ध करवाती है। किराए से प्राप्त राजस्व सरकार के खाते में जमा की जाती है।

इस बारे में जब केंद्र में मौजूद कर्मी बिनोद भगत से पूछा गया तो उनके द्वारा कहा गया कि मैं चतुर्थ वर्गीय




कर्मचारी हूं मुझे इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं है आपको उच्च अधिकारी से बात करनी चाहिए जब अधिकारी से फोन पर बात की गई तो उन्होंन बताया कि उक्त संरक्षण केंद्र कृषि विभाग का एक उपक्रम है। फिलहाल पौधा संरक्षण केंद्र में अभी ऊपर से ही कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। बताते चलें कि उक्त केंद्र का इस्तेमाल सही तरीके से किया जाये तो इसका सीधा लाभ यहाँ के कृषकों को मिलेगा लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में किसान इससे लाभ उठाने से वंचित रह जा रहे हैं।

## न्यूज गैलरी

### खतियान, स्थानीय नीति की जागरूकता के लिए साइकल से झारखंड भ्रमण पर निकला युवक पहुंचा बानो




**बानो।** खतियान लागू करने, स्थानीय नीति लागू कराने के उद्देश्य लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाने के लिए साइकिल से झारखंड भ्रमण पर निकले धनबाद के गोविंदपुर साधुवाद गांव निवासी विकास कुमार महतो मंगलवार को बानो पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह सिंहभूम मनोहरपुर होते हुए बानो पहुंचा है। विकास कुमार महतो ने नवीन मेल संवाददाता बानो को बताया कि इसके पूर्व भी साइकिल द्वारा पूरे भारत का 145 दिन में 13000 किलोमीटर यात्रा कर वापस घर आया हूँ। पुन: 1 नवम्बर से झारखंड के सभी 24 जिला के भ्रमण के लिए निकला हूँ। लोगो के बीच जागरूकता जगाने ताकि लोग अपने भाषा संस्कृति को न भूले। उन्होंने कहा की आज लोगों के बीच हमारे संस्कृति की जानकारी नही दी जाएगी तो आने वाली पीढ़ी अपने गाँव घर के नियम भूलते जाएंगे। साइकिल पर आगे जागो झारखंड भारत यात्रा का स्टिकर लगाए मस्त गति से साइकिल से एक एक गांव प्रखंड आगे बढ़ता जा रहा था।पीछे कैरियर में शान से तिरंगा लहराता हुआ झारखंड के युवा के शरीर को ऊजार्वान बनाता जा रहा था। विकास कुमार महतो का कहना है जहां रात होती हैं वहीं वह विश्राम कर लेते हैं।

### नेहरू युवा केंद्र ने पाकरटांड प्रखंड में स्वंयसेवक नामांकन प्रक्रिया का किया आयोजन



**पाकरटांड।** नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा के तत्वावधान में पाकरटांड प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, पाकरटांड में सघन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के वैसे युवा, जो युवा मंडल सदस्य या राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नहीं है, ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्वयंसेवक की एक नई टीम तैयार करना है। स्वयंसेवकों का नामांकन 3 साल के लिए किया जा रहा है। पाकरटांड प्रखंड में कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक निरंजन साहू के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्होनें युवाओं को कोरोना महामारी के समय में स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे मे जानकारी दी। नेहरू युवा केंद्र संगठन पूरे भारत में स्वयंसेवकों की एक टीम बनाकर आगामी किसी भी समस्या या आपदा से निपटने के लिए तैयार रहना चाहता है। कार्यक्रम में स्कूल के इच्छुक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### सरस्वती शिशु मंदिर सलडेगा में पूर्व छात्र समागम 18 को

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में आगामी 18 दिसम्बर दिन रविवार को पूर्व छात्र समागम का विशाल कार्यक्रम आहुत होने जा रहा है उक्त कार्यक्रम में विद्यालय स्थापनाकाल से लेकर विगत सत्र तक में अध्ययन कर चुके समस्त भैया/बहनों का मधुर मिलन होगा।इस मिलन कार्यक्रम में पूर्ववर्ती और वर्तमान के छात्र छात्रों के इस अद्भुत समागम को अविस्मरणीय बनाने हेतु समस्त विद्यालय परिवार द्वारा व्यापक स्तर पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के द्वारा सभी विगत सत्रों छात्र छात्रों से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया है।

### घरेलू विवाद में पुत्र ने किया पिता पर जानलेवा हमला, घायल



**सेन्हा-लोहरदगा।** रामनगर सेन्हा में देर रात घरेलू विवाद को लेकर पिता पुत्र में मारपीट हुआ। जिसमे पुत्र ने अपने पिता को जख्मी कर दिया। फिलहाल पिता का ईलाज अस्पताल में चल रहा है और अब वो खतरे से बाहर बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी 40 वर्षीय राम मांझी एवं उसके पुत्र सूरज कुमार मांझी के बीच देर रात घरेलू विवाद हो गया और यह विवाद बढ़ते बढ़ते मारपीट में बदल गया। इस विवाद में पुत्र सूरज कुमार मांझी ने अपने पिता के ऊपर छोटी टांगी से प्रहार कर जख्मी कर दिया। वही राम मांझी को घायल देख सोर गुल होने लगा। जिसपर घटना की सूचना स्थानीय थाना प्रभारी को दिया गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी ऋषिकान्त रामनगर सेन्हा पहुँच कर घायल को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का इलाज करने के पश्चात घर भेज दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि घायल राम माँझी खतरा से बाहर है। वही थाना प्रभारी ने बताया कि घायल व्यक्ति का सिर पर एवं आंख के बगल में छोटी टांगी से प्रहार करने के कारण सिर फट गया है और आंख के समीप कट गया है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है। वहीं इस संदर्भ में पुलिस घटना को लेकर जाँच में जुट गई है।

### गुमला में युवक ने कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** सदर थाना के तेलगांव निवासी लगभग 34 वर्षीय युवक बरतिया उरांव ने मंगलवार की देर शाम कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वे सभी खेत में काम करने गए थे,शाम को लौट कर देखा तो बरतिया कीटनाशक खाकर गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ है। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमनाम भर्ती कराया। जहां डाक्टरों की देखरेख में पीड़ित का उपचार जारी है।

# बोलबा अंचलाधिकारी ने पंचायत के मुखियाओं के साथ बैठक कर कई बिंदुओं पर की चर्चा

## राशन दुकानों में सही मात्रा में राशन मिलने के लिए निगरानी व सतर्कता समिति का हो गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** अंचलाधिकारी बलिराम मांझी की अगुवाई में मंगलवार को प्रखंड के सभी मुखियाओं के साथ बैठक की मौके पर पांचो पंचायत की मुखिया मौजुद थे। उन्होंने सरकारी कार्यों को सही तरीके से करते हुए किस प्रकार लोगों को लाभ दिलानी है इस को लेकर चर्चा किया। सर्वप्रथम पीडीएस दुकान की देखरेख हेतु निगरानी सह सतर्कता समिति का गठन कर सुचारू रूप से कार्डधारी को राशन वितरण करवाने की बात कही। पंचायत को मिलने वाली झारखंड खाद्यान्न कोष का अक्षरस



पालन कर गरीब, असहाय को चावल देने की बात भी कहे। वही ठंड में जगह-जगह अलाव लगाने पर चर्चा हुआ एवं फसल राहत योजना के तहत वैसे किसान जिनका नाम सूची में है उन्हें चिन्हित कर उचित मुआवजा मिलें इसके लिए अच्छा पहल हो। वही प्रमुख मुद्दा हाथी प्रभावित लोगों से हमेशा संपर्क कर प्रशिक्षण हेतू उपाय पर चर्चा हुई। मौके पर खाद्य आयोग द्वारा बताई गयी बात को कादोपानी मुखिया द्वारा दुहराया गया। मालसाडा मुखिया द्वारा नव वर्ष को सामने आता देख दनगद्दी पर्यटक स्थान रख रखा, साफ-सफाई, संचालन साथ ही किसी प्रकार की दुर्घटना न घटे इसके लिए प्रबंधन समिति का गठन कर धन राशि व्यवस्था की बात कही। वही समसेरा मुखिया द्वारा बाजार, हाट की रख रखाव, साफ सफाई व संचालन हेतू प्रबंधन समिति ग्राम सभा कार्यकारणी से पारित कर देख रेख की बात कहा। साथ ही नीजी उपयोग एवं सरकार द्वारा प्रायोजित योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास,15 वें वित्त की योजना में बालू उठाव हेतू समस्या को रखा जिसपर अंचलाधिकारी द्वारा ग्राम सभा से पारित कर बालू उठाव हेतू प्रस्ताव कर उपयोग करनें को कहा। इसके अलावा कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

**मुख्यमंत्री लोक संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, सरकार की योजनाओं व कार्यो से कराया अवगत**

# सरकार की योजनाओं से खुद भी जुड़ें और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें : सीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला/लोहरदगा।** राज्य सरकार की स्पष्ट सोच है कि हर व्यक्ति की ना सिर्फ बात सुनी जाए, बल्कि उसकी समस्याओं का भी समाधान हो। इसी कड़ी में हम जिलों का दौरा कर जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं, ताकि उनकी परेशानियों को समझते हुए उसका निराकरण कर सकें। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गम्हरिया नवडीहा (पंचायत), घाघरा, गुमला में आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे खुद क्षेत्र भ्रमण कर विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को समझने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा आम जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सरकार पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही है। इस सिलसिले में मुख्यालय में पदस्थापित वरीय अधिकारी से लेकर प्रखंड स्तर के अधिकारी गांव-गांव और टोले-टोले जाकर आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम कर रहे हैं। ये अधिकारी इस दौरान जो खामियां मिल रही है, उसको भी दूर करने का कार्य कर रहे हैं। वे विकास कार्यों का भी निरीक्षण कर रहे हैं ताकि इसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश ना रहे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पुरुष, महिला, बुजुर्ग, विद्यार्थी, युवा और दिव्यांग समेत सभी तबके के गरीबों और जरूरतमंदों के लिए सरकार की योजनाएं हैं। आप इन योजनाओं से जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने में सहयोग करें। मौके पर मुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभुकों ने अपने कार्यों और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने सरकार के कार्यों, गतिविधियों और योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे बड़े तबके को लाभ मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत अभी 10 हजार की सहायता राशि दी जाती है, जिसे बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने पर सरकार विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गम्हरिया के लिए जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना का उद्घाटन किया। इस योजना के तहत इस पंचायत के 1560 घरों में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। लोक संवाद में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक भूषण तिर्की और जीगा सुशारन होरो, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री में लोहरदगा में कंडरा-बुटी-चंदवा पथ (13 किमी) पथ का शिलान्यास किया




**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन देर शाम लोहरदगा जिला पहुंचे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का लोहरदगा जिला प्रवेश करते ही मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। परिसदन पहुंचने से पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व विधायक बंधु तिर्की सेन्हा, कंडरा स्थित सरना स्थल पर रुके और सरना स्थल पर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की। सरना स्थल के बगल में आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र का शिलान्यास किया। इस कला केंद्र का निर्माण 35 लाख रुपये की लागत से हो रहा है। साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा कंडरा चौक में कंडरा-बुटी-चंदवा पथ (13 किमी) पथ का शिलान्यास किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, अंचल अधिकारी विजय कुमार, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, पूनम उरांव, सेन्हा थाना प्रभारी व ग्रामीण सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत ने आठ सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत जिला शाखा लोहरदगा ने 8 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। समाहरणालय मैदान में प्रदेश के राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के प्रदेश संयुक्त सचिव सह जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी लोहरदगा ने 8 सूत्री मांगों से संबंधित मांगपत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र में सेवा से विमुक्त किए गए चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने और 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु तत्काल अध्यादेश जारी किया जाए या झारखंड ग्राम चौकीदार संशोधन विधेयक 2022 पारित किया जाए जब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो जाता है तब तक चौकीदार दफादारो की नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकालने पर रोक लगाई जाए, झारखंड सरकार के गृह विभाग के संकल्प संख्या 25-20 दिनांक 04 जून 2011 द्वारा झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित आदेश के आलोक में 30 दिसंबर 1989 को सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार घटवार और सरदारों के आश्रितों की नियुक्ति की जाए। कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव के समय शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास को ही लागू किया जाए चौकीदार दफादार दीवारों को बंसावली के आधार पर 01/01/1990 से ही बहाली नहीं हुई है बल्कि 01/01/1990 के बाद अवकाश प्राप्त करने वाले चौकीदारों के आश्रितों को केवल एक बार अपवाद स्वरूप बॉन्ड लेकर नियुक्ति करने का एक मौका दिया गया है, बिहार के तर्ज पर चौकीदार दफादार घटवार दिग्वार और सरदार 20 वर्ष सरकारी सेवा और 55 वर्ष उम्र पूरा कर लिए उनको सेवानिवृत्ति से 1 माह पहले स्वेच्छा सेवानिवृत्ति का लाभ लेने की सुविधा दी जाए और इनके द्वारा नामित आश्रित को चौकीदार के पद पर नियुक्ति की जाए यह सुविधा बिहार में मार्च 2014 से ही लागू है, झारखंड सरकार के कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 10 167 दिनांक 1, 12, 2015 की कंडिका 4(4ii) में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति में आश्रित परिवार में पोता को भी जोड़ा जाए आश्रित परिवार में पोता शामिल नहीं रहने के कारण कई जिलों में आश्रित नियुक्ति से वंचित हो रहे हैं और अनुकंपा का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है अनुकंपा के आधार पर होने वाली नियुक्ति में अभ्यर्थियों की परीक्षा लेने पर रोक लगाई जाए कई जिलों में परीक्षा लेने की शिकायत मिली है अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु परीक्षा लेने से अनुकंपा का उद्देश्य पूरा नहीं होगा, वर्दी भत्ता प्रतिवर्ष 10000 दिया जाए और इस बाबत अधिसूचना जारी की जाए कई जिलों में लगभग 10 वर्षों से वर्दी भत्ता नहीं मिला है। अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु नियुक्ति पदाधिकारी जिला स्तरीय उपायुक्त को दिया जाए ताकि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति का उद्देश्य पूरा हो सके, लोहरदगा जिला में चौकीदारों से भी चुनाव ड्यूटी कराया गया है लेकिन चुनाव भत्ता नहीं दिया गया है जबकि चौकीदारों को अपने क्षेत्र से कोसों दूर दूसरे क्षेत्र में ड्यूटी कराया गया है, अन्य कर्मचारियों को चुनाव भत्ता दिया जाता है तो चौकीदारों को भी चुनाव भत्ता भुगतान कराने का आदेश दिया जाए।

## आठ वर्षीय बच्ची के बलात्कारी इमाम को हो फांसी की सजा : लक्ष्मण बड़ाईक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा में एक मदरसा में इमाम द्वारा एक नाबालिक का दुष्कर्म की घटना होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की दोषी इमाम को फांसी की सजा होनी चाहिए। जिन पर समाज को दिशा दिखाने की जिम्मेवारी होती है वैसे लोग इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं तो यह बहुत ही गंभीर बात है। इसका मैसेज समाज में अच्छा नहीं जाता। साथ ही प्रशासन वैसे लोगों पर भी कार्रवाई करें जो मामले को दबाना चाह रहे थे और रफा-दफा करने के चक्कर में थे। आगे प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा की हेमंत सरकार के साढ़े 3 वर्षों के शासन में झारखंड जंगलराज की ओर बढ़ चला है बहू बेटी सुरक्षित नहीं है। गठबंधन सरकार के गठन के बाद अब तक छ हजार से भी अधिक झारखंड में दुष्कर्म की घटनाएं हो चुकी है। लॉयन ऑर्डर पूरी तरह फेल है उग्रवादियों की घटनाएं बढ़ गई है और मुख्यमंत्री घूमने में अपना समय बर्बाद कर रहे है।

## एनडब्ल्यू जीईएल चर्च सेंट्रल डायोसिस के बिशप निस्तोर कुजूर का संत अगस्तुस उवि किनकेल में हुआ स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** एनडब्ल्यू जीईएल चर्च सेंट्रल डायोसिस के बिशप निस्तोर कुजूर मंगलवार को संत अगस्तुस उवि किनकेल पहुंचे। बिशप के विद्यालय परिसर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। बिशप का स्वागत करने किनकेल पेरिसर के चैयरमेन अजहर मिंज, कोचेडेगा पेरिसर के चैयरमेन जस्टिन एक्का, सीएनआई चर्च के चेयरमेन मरकस मुखी, जिप सदस्य जोसिमा खाखा पहुंचे थे। सभी ने बिशप का जोरदार तरीके से स्वागत किया। बिशप ने उपस्थित शिक्षकों, बच्चों एवं अभिभावकों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के परिजन भी अपने बच्चों की शिक्षा में अपनी सक्रिय सहभागिता दे। कहा कि बच्चे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। नियमित रूप से विद्यालय आएं और अपने शिक्षक, माता पिता के प्रति आदर भाव रखें। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केसरी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, मुंस खेस, विजय बेक, शीतल तिर्की, एरिक, मुखिया बसंती लकड़ा, राजेश आदि उपस्थित थे। वहीं पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि बच्चे हमारा भविष्य हैं, उन्हें बेहतर शिक्षा देने के लिए विधायक भूषण बाड़ा और सरकार द्वारा हर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। लक्ष्य के बिना मनुष?य का जीवन व्यर्थ होता है। सभी बच्चे जीवन में एक ही लक्ष्य बनाओ और दिन-रात उसी लक्ष्य के बारे में सोचो। स्वप्न में भी तुम्हें वही लक्ष्य दिखाई देना चाहिए। फिर जुट जाओ, उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए। धुन सवार हो जानी चाहिए आपको। सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी।कहा कि स्कूल प्रबंधक और अभिभावक बेटियों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करें। क्योंकि बेटियां हमारी आत्मा हैं। इनकी उन्नति ही समग्रता में समाज की उन्नति है।

**उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की हुई समीक्षा बैठक, कहा-**

# मेन्यू के आधार पर स्कूलों में बच्चों को मिले पोषाहार के रूप में अंडा और फल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने पोषाक वितरण, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, स्मार्ट शाला, ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर शिक्षक एवं बच्चों उपस्थिति, शिक्षा पदाधिकारीयों का स्कूल भ्रमण, बीआरपी/सीआरपी का स्कूल भ्रमण, पारा शिक्षकों का प्रमाण पत्र जाँच, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, मॉडल स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं जाति प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1-8 तक कुल 48741 विद्यार्थियों की पोशाक वितरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक शत प्रतिशत बच्चों के बैंक खाता में डी.बी.टी. के माध्यम से राशि भुगतान नहीं कराया गया है, जिसके तहत उपायुक्त ने बी.ई.ओ. एवं अकाउंटेंट पर कार्रवाई करते हुए अगले आदेश तक वेतन



स्थगित करने का निर्देश दिया। जिले के जिस भी विद्यालय में रसोईया की रिक्ति स्थान है। उसे 30 दिसम्बर तक सभी विद्यालयों में चयन प्रकिया को पूर्ण कराते हुए अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करे का निर्देश दिया। प्रखंड स्तर पर स्टीयरिंग-सह-मॉनेटरिंग कमिटि की प्रति माह बैठक सुनिश्चित कराने की बात कहीं। वित्तीय वर्ष 2022-23 पूरक पोषाहार की समीक्षा के क्रम उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन मिलने वाले मेनू के आधार पर बच्चों को आहार देने तथा अंडा एवं फल सभी विद्यालयों में बच्चों नियम रूप से उपलब्ध कराने की बात कहीं। साथ ही प्रत्येक दिन बच्चों को मिलने वाले मेनू की शिकायतों हेतु एक टोल फ्री न0 एवं एक विभागीय मोबाइल न0 जारी करते हुए सभी विद्यालयों में दीवाल लेखन कराने का निर्देश दिया। ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा क्रम में उन्होंने बिना कारण बताये लम्बे समय से अनुपस्थित रहने वालें शिक्षकों पर उसके विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में रिक्ति पदों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए ससमय खाली पदों को भरने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिया। कक्षा 1 से 12 तक विद्यालय के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बी.ई.ओ., अकाउंटेंट, सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में एससी एसटी एक्ट के तहत हुई समिति की बैठक

**उपायुक्त** सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में एसटी एससी एक्ट के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं समिति के सदस्यों सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा प्रथम एफआईआर के अंतर्गत कुल 02 मामलों पर किए गए कार्रवाई के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरांत दो पीड़ितों को प्रथम किस्त की सहायता राशि भुगतान कराने हेतु स्वीकृति दी गई। बैठक में विधायक कोलेबिरा नमन विक्सल कोनगाड़ी, सांसद प्रतिनिधि, आईटीडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, गैर सरकारी सदस्य सहित अन्य मौजूद थे।

## नेहरू युवा केंद्र ने कोचेडेगा में आयोजित की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा प्रखंड सिमडेगा के कोचेडेगा गांव में मंगलवार को दो दिवसीय ग्राम समुह स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सर्वप्रथम प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम पंचायत कोचेडेगा की पंचायत समिति सदस्य भगवती देवी, मुखिया शिशिर टोप्पो, प्राचार्य जॉन तोपनो और संजय बा ने संयुक्त रूप से स्वामी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और फीता काटकर उद्घाटन किया। प्राचार्य ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में खेल का विशेष महत्व है और सिमडेगा जिला पुरे भारत में खेल की वजह से ही जाना जाता है। शिक्षा के साथ साथ खेल कूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना बहुत जरुरी है। तत्पश्चात हॉकी का उद्घाटन मैच कोचेडेगा और मांझीटोली के बीच खेला गया, जिसमें मांझीटोली 3-2 से आगे रहा। फुटबॉल का उद्घाटन मैच स्वामी विवेकानंद युवा क्लब कटुकोना और स्वामी विवेकानंद युवा क्लब लुकीबहार के बीच खेला गया जिसमें लुकीबहार 1-0 से आगे रहा। प्रतियोगिता राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुषमा प्रधान और पुनीता मिंज के देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नितेश साय, सौरव बड़ाईक, युवा मंडल अध्यक्ष प्रमोद किन्डो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज गैलरी

### उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक के एमडी एवं सीईओ की पुनर्नियुक्ति को आरबीआई की मंजूरी




**नयी दिल्ली।** उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक को श्री इत्तिरा डेविस को दो सालों के लिए प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में पुनर्नियुक्त करने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की अनुमति मिल गई है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में बताया कि वह 14 जनवरी, 2023 से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक ने जनवरी, 2025 तक उनकी पुनर्नियुक्ति के लिए रैगुलेटर की अनुमति मांगी थी। उनके नेतृत्व में बैंक ने पिछली कुछ तिमाहियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। बिजनेस वॉल्यूम (डिस्बर्समेंट और जमा, दोनों) में जबरदस्त वृद्धि के साथ कलेक्शंस में निरंतर सुधार हुआ, जिससे वित्तवर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 294 करोड़ रुपये का सर्वाधिक त्रैमासिक लाभ मिला। श्री डेविस उज्जीवन के साथ मार्च 2015 से काम कर रहे हैं। हेड ऑफ ट्रांज़िशन के रूप में अपने पहले महत्वपूर्ण दायित्व में उनकी भूमिका माईक्रो-फाईनेंस संगठन को एक स्मॉल फाईनेंस बैंक में बदलने की थी, जिसमें एक सफल आईपीओ के साथ पूंजी बाजारों का आकलन शामिल था।

### प्रॉफिट वाली कंपनी को बेच रही सरकार, खरीदने में अडानी-टाटा की दिलचस्पी



**नई दिल्ली।** केन्द्र की मोदी सरकार एक और कंपनी को बेचने की तैयारी में है। खबर है कि सरकार जनवरी 2023 के अंत तक राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) और उसकी सब्सिडियरी कंपनी के विनिवेश के लिए रुचि पत्र यानी ईओएल मंगवाने की योजना बना रही है। यह बात इकोनॉमिक्स टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार आरआईएनएल से अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक, 'टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील और अडानी ग्रुप ने दिसंबर की शुरूआत में प्री-बिड कंसल्टेशन के दौरान कंपनी में 'मजबूत दिलचस्पी' दिखाई थी।' पहचान न बताने की शर्त पर एक व्यक्ति ने कहा, "हमें रोड शो के दौरानआरआईएनएल के लिए बेहद ही पॉजिटिव फीडबैक मिला है। टाटा स्टील, अडानी ग्रुप और जेएसडब्ल्यू स्टील सहित सात कंपनियों ने बड़ी दिलचस्पी दिखाई है। आपको बता दें कि यह सरकारी कंपनी मुनाफे में है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 913 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। इस अवधि में इस टर्नओवर 28,215 करोड़ रुपये का है। कंपनी के पास करीबन 22,000 एकड़ की जमीन है। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड का एक प्लांट गंगावरम पोर्ट के पास है और यह पोर्ट अडानी ग्रुप के पास है। इसी वजह से अडानी और टाटा ग्रुप दोनों ने इसे खरीदने के लिए गहरी रुचि दिखाई है।

### बर्नार्ड अर्नाल्ट बना दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली।** ट्विटर को खरीदने के बाद से एलन मस्क के बुरे दिन चल रहे हैं। ट्विटर और उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों में लगातार गिरावट आई है। इसने अब एलन मस्क से दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज छीन लिया है। फोर्ब्स की दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट के अनुसार, अब वे दुनिया के सबसे अमीर शख्स नहीं हैं। उनकी जगह अब फ्रांस के दिग्गज कारोबारी बर्नार्ड अर्नाल्ट ने ले ली है। फोर्ब्स के अनुसार, बर्नार्ड अर्नाल्ट एंड फैमिली की संपत्ति 186.9 अरब डॉलर है। वहीं, दूसरे स्थान पर खिसके एलन मस्क की संपत्ति घटकर 181.3 अरब डॉलर रह गई है। दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में गौतम अडानी तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। उनकी संपत्ति 134.5 अरब डॉलर है। जिस तरह से एलन मस्क की संपत्ति में गिरावट आ रही है।

# बैंकों ने पिछले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक फंसे कर्ज बट्टे खाते में डाले : सीतारमण

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये के फंसे कर्ज (एनपीए) बट्टे खाते में डाले हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद को यह जानकारी दी। वित्तमंत्री ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में कहा कि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) या फंसे कर्ज को बट्टे खाते में डालते हुए उसे संबंधित बैंक के बही खाते से हटा दिया गया है। इसमें वे फंसे हुए कर्ज भी शामिल हैं जिसके एवज में चार साल पूरे होने पर पूर्ण प्रावधान किया गया है। सीतारमण ने कहा, बैंक आरबीआई के दिशानिर्देशों तथा अपने-अपने निदेशक मंडल की मंजूरी वाली नीति के अनुसार पूंजी का अनुकूलतम स्तर पर लाने लिए अपने अपने बही-खाते को दुरूस्त करने, कर लाभ प्राप्त करने और पूंजी के अनुकूलतम स्तर प्राप्त करने को लेकर नियमित तौर पर एनपीए को बट्टे खाते में डालते हैं। आरबीआई से मिली जानकारी के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते में डाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बट्टे खाते में कर्ज को डालने से कर्जदार को लाभ नहीं होता। वे पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे और बकाये की वसूली की प्रक्रिया जारी रहती है। बैंक उपलब्ध विभिन्न उपायों के माध्यम से बट्टे खाते में डाले गए राशि को वसूलने के लिये कार्रवाई जारी रखते हैं। इन उपायों में अदालतों या ऋण वसूली न्यायाधिकरणों में मुकदमा दायर करना, दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत मामले दर्ज करना और गैर- निष्पादित संपत्तियों की बिक्री आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान कुल 6,59,596 करोड़ रुपये की वसूली की है।



## सेंसेक्स में दो दिन की गिरावट थमी, 403 अंक चढ़ा

**मुंबई।** खुदरा मुद्रास्फीति के 11 माह में पहली बार छह प्रतिशत के स्तर से नीचे आने से उत्साहित स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी देखी गई और दोनों प्रमुख सूचकांक अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 402.73 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62,533.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 437.35 अंक तक उछाल दर्ज किया गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 110.85 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,608 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे। वहीं, नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

## बीएसई ने 148 दिन में अपने मंच पर एक करोड़ निवेशकों को जोड़ा

**नई दिल्ली।** प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई ने 148 दिन की अवधि में अपने मंच पर एक करोड़ पंजीकृत निवेशक खाते जोड़े हैं, जिसके साथ उसके पास ऐसे कुल खातों की संख्या 12 करोड़ हो गई है। बीएसई ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसने इस साल 18 जुलाई से 13 दिसंबर के बीच एक करोड़ निवेशकों के खाते जोड़े। बीएसई को 11 करोड़, 10 करोड़, नौ करोड़ और आठ करोड़ खातों के पड़ाव तक पहुंचने में इससे पहले क्रमशः 124 दिन, 91, 85 और 107 दिन का वक्त लगा था। एक्सचेंज ने कहा, "बीएसई ने 13 दिसंबर, 2022 को यूनिक क्लाइंट कोड (यूसीसी) के आधार पर 12 करोड़ पंजीकृत उपयोगकताओं के पड़ाव को पार कर लिया।" इन 12 करोड़ उपयोगकर्ताओं में से 42 प्रतिशत खाताधारक 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हैं, 23 प्रतिशत 20 से 30 वर्ष में और 11 प्रतिशत 40 से 50 आयु वर्ग के हैं। कुल 12 करोड़ निवेशकों में से 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ महाराष्ट्र निवेशकों के मामले में सबसे आगे रहा। इसके बाद गुजरात 10 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश नौ प्रतिशत और राजस्थान एवं तमिलनाडु प्रत्येक छह-छह प्रतिशत पर रहे। हालांकि एक्सचेंज ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने खाते सक्रिय हैं या सिर्फ म्यूचुअल फंड निवेश के लिए उपयोग किए जाते हैं। वर्ष 1875 में स्थापित बीएसई (पूर्व में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) छह माइक्रोसेकंड की गति के साथ दुनिया का सबसे तेज शेयर बाजार है।

## खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 11 महीने के निचले स्तर 5.88 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से देश में खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 11 महीने के निचले स्तर 5.88 फीसदी पर आ गई है। पिछले साल नवंबर महीने में यह 4.91 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। आंकड़ों के मुताबिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर नवंबर महीने में 11 महीने के निचले स्तर 5.88 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले अक्टूबर महीने में यह दर 6.77 फीसदी थी, जबकि दिसंबर, 2021 में खुदरा महंगाई दर 5.66 फीसदी रही थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक नवंबर महीने में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर घटकर 4.67 फीसदी पर आ गई है, जो पिछले महीने अक्टूबर में 7.01 फीसदी रही थी। खुदरा महंगाई दर जनवरी से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के छह 6 फीसदी की संतोषजनक सीमा से ऊपर बनी हुई थी, लेकिन अब यह घटकर 11 महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गई है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई दर दो फीसदी घट-बढ़ के साथ 4 फीसदी के दायरे में रखने की जिम्मेदारी दी गई है।

## जी-20 के वित्त और केंद्रीय बैंक के उप प्रमखों की बैठक बेंगलुरु में शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की जी-20 अध्यक्षता में वित्त एवं केंद्रीय बैंक के उप प्रमुखों की पहली तीन दिवसीय बैठक कर्नाटक के बेंगलुरु में शुरू हो गई है। जी-20 फाइनेंस ट्रैक की इस बैठक में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचा, अवसंरचना और स्थायी वित्त पर चर्चा होगी। जी-20 इंडिया ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। जी-20 इंडिया के मुताबिक यह बैठक वैश्विक व्यापक आर्थिक मुद्दों पर ध्यान देने के साथ, वित्त ट्रैक जी-20 के लिए सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक वास्तुकला को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण है। बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) संयुक्त रूप से कर रहे हैं। जी-20 वित्त और केंद्रीय बैंक के उप प्रमुखों की बैठक की सह अध्यक्षता आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव अजय सेठ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल डी पात्रा कर रहे हैं। जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक बेंगलुरु में अगले साल 23, 24 और 25 फरवरी को होगी। भारत ने जी-20 सदस्य राष्ट्रों और कई अन्य देशों के उनके समकक्षों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को इस बैठक में शामिल होने का न्योता दिया है।

**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार**

(1ST Call)

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-टेन्डर रिफरेंस संख्या- RCD/LATEHAR/2022-23/1179 दिनांक- 13.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | हामी (महुआडांड़-लोधफॉल पथ पर) - ओरसा- कुसमी-छत्तीसगढ़ सीमा तक (कुल लम्बाई-13.466 कि0मी0) पथ का पुर्ननिर्माण (पुल निर्माण सहित) कार्य । |
| 2क. | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | रू0 - 62,02,60,894.00 ( बासठ करोड़ दो लाख साठ हजार आठ सौ चौरानबे रूपये) मात्र |
| 2ख. | बिड सिक्यूरिटी - (रू0 में) | रू0-62,03,000.00 (बासठ लाख तीन हजार) मात्र |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 (अठारह) माह |
| 4. | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.12.2022 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 04.01.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमडल लातेहार, पिन कोड-829206 |
| 7. | ई-प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क संख्या | 06565-247907 |
| 8. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2403007 |

नोट : निविदा की प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,
लातेहार

PR 284881 (Road) 22-23 (D)

**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू,मेदिनीनगर**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई0- संख्या-DOPR/DE/ZP/Palamu-05/2022-23**

1. कार्य का नाम :-

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0 आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम+पंचायत-तेतराई में तेतराई हाट में शेड निर्माण एवं उन्नयन। | पांकी | 12.215 | 25000.00 | 2500.00 | 3 माह मात्र | 01/2022-23/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 2 | G/134 बटालियन केन्द्र रिजर्व पुलिस बल मनातू के परिसर में सौर उर्जा अधारित पेयजलापूर्ति योजना। | मनातू | 8.954 | 18000.00 | 1250.00 | 3 माह मात्र | 02/2022-23/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 3 | मसुरिया पुलिस पिकेट के पास सार्वजनिक स्थल पर सौर उर्जा अधारित पेयजलापूर्ति योजना। | मनातू | 8.954 | 18000.00 | 1250.00 | 3 माह मात्र | 03/2022-23/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 4 | ग्राम-छतरपुर में बहुदेशीय भवन का मरम्मति कार्य। | छतरपुर | 24.961 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 04/2022-23/ DOPR/DE/ZP/Palamu |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 15.12.2022
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-22.12.2022 up to 5.00 PM बजे तक
4. जिला अभियंता, जिला परिषद् कार्यालय मेदिनीनगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:- 23.12.2022 अपराह्न 3.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :-24.12.2022 अपराह्न 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :-जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 -9955924364
8. निविदा शुल्कः- किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, पलामू

PR 284956 Palamu(22-23).D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/19/2022-23**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 02.01.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 03.01.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 03.01.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kasmar), Panchyat- Taal Under Block Panki, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Teldiha), Panchyat - Udaypura Under Block Tarhsi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tandwa), Panchyat - Nawgarh Under Block Tarhsi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Chhaknadih-1), Panchyat- Selari Under Block Tarhsi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Gurha), Panchyat- Gurha Under Block Tarhsi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Gurturi Kat Tola), Panchyat- Manjhauli-02 Under Block Tarhsi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Lalgara Belaie), Panchyat- Pathak Pagar Under Block Tarhsi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 8. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tariya-1), Panchyat- Tariya Under Block Tarhsi, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 9. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Fulang), Panchyat- Jamundih Under Block Nilambar-Pitambar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 10. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kundari-1), Panchyat- Kundari Under Block Nilambar-Pitambar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 11. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kuraien Patra-1), Panchyat- Kuraien Patra Under Block Nilambar-Pitambar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 12. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Bariyatu), Panchyat- Chora Under Block Nilambar-Pitambar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 13. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Lesliganj-2), Panchyat- Lesliganj Under Block Nilambar-Pitambar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 14. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Chak), Panchyat- Naudiha Under Block Nilambar-Pitambar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 15. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Oriya Kala-1), Panchyat- Oriya Kala Under Block Nilambar-Pitambar, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 16. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Rabda-6), Panchyat- Rabda Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 17. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kankari-5), Panchyat- Kankari Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 18. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Kankari-3), Panchyat- Kankari Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 19. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Semra-4), Panchyat- Semra Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 20. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Chando-5), Panchyat- Chando Under Block Chainpur, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 21. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Naudiha-1), Panchyat- Naudiha Under Block Ramgarh, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 22. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Naudiha-2), Panchyat- Naudiha Under Block Ramgarh, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 23. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Naudiha-3), Panchyat- Naudiha Under Block Ramgarh, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 24 | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Tumbagara), Panchyat - Rabda Under Block Satbarwa, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 25. | Construction of Aaganbari Kendra With 1 H.P D.C Solar Motor Pump Set Jalminar (Aaganbari Name- Khamdih), Panchyat- Bari Under Block Satbarwa, Palamu. | 1656200.00 | 33500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 26. | E/R of D Type Quarter No.-D-02 at Nawatoli, Daltonganj, Palamu. | 246200.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 27. | E/R of the Shed and Miscellaneous Work at Civil S.D.O Office Campus, at Daltonganj, Palamu. | 246700.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 28. | Installation of Steel Name Plate in Devnagari Lippi and Miscellaneous Work in Civil S.D.O Sadar Office Campus, Daltonganj, Palamu. | 245600.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |

नोट:-

1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण-पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0- प0नि0वि0 / विविध-06-33 / 2007(अंश-1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security* उपलब्ध करायें।
3. *2000 Liter Capacity Tank Over Head (Syntex, 3 Layers) allowed.*
4. ***Supply Pipe (Astral, Ashirwad, Supreme, Prince, finolex, ISI approved) allowed.***
5. ***Solar Submersible D.C Water Motor Pump Specification :-***

***(i) Prefer by indigenous of PMSM/BLDC/SRM (Brushless) Solar Pump only 1HP***
***(ii) Only water cooled motor will be allowed.***
***(iii) Motor of only Solartive & Grundfos Company will be acceptable.***
***(iv) In solar panel capability 900 WP will be minimum.***
***(v) MNRE Circular No. F.No. 41/3/2018-SPV Division Dated 17.07.2019*** के उपरान्त ***MNRE Test Report*** देना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 284951 (Building) 22-23 (D)

# ग्लोबल मार्केट से तेजी के संकेत एशियाई बाजारों का मिला-जुला रुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिलते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के ठीक पहले अमेरिकी शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिलाजुला रुख नजर आ रहा है। हालांकि यूरोपीय बाजार पिछले कारोबारी सत्र में कमजोरी के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान डाओ जोंस 528.58 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की छलांग लगाकर 34,005.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने भी 1.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,990.56 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। जबकि नैस्डेक 139.12 अंक यानी 1.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 11,143.74 अंत के स्तर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी शेयर बाजार के सभी 11 सेक्टर मुनाफा कमाकर हरे निशान में बंद हुए। खासकर एनर्जी सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा मजबूती दिखाई दी। माना जा रहा है कि अमेरिका में महंगाई की दर के आंकड़ों में इस बार गिरावट आ सकती है। महंगाई दर के पिछले महीने आए आंकड़े 7.7 प्रतिशत के स्तर पर थे। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार महंगाई दर के आंकड़े घट कर 7.3 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच सकते हैं। आपको बता दें कि नवंबर के दौरान अमेरिका में कोर महंगाई दर भी 6.3 प्रतिशत से घटकर 6.1 प्रतिशत हो गई है। माना जा रहा है कि कोर सेक्टर की महंगाई दर में आई गिरावट महंगाई में ओवरऑल गिरावट के रूप में भी नजर आ सकती है।

सम्पादक की कलम से...

# आधी-आबादी को मिले सम्मान

**झारखंड में अभी कुछ दिनों के अन्दर कांग्रेस नेतृत्व ने दो बड़े फैसले लिए हैं। छह वर्षों के बाद प्रदेश कमिटी की घोषणा की गयी है और इससे पहले जिलाध्यक्षों की घोषणा हुई थी। प्रदेश कार्यसमिति में गौर करें तो पूरी कमिटी में महज 18 महिलाओं को जगह मिली है जबकि एक भी जिला में अध्यक्ष बनने के काबिल महिला कांग्रेस पार्टी को नहीं मिली। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर हो या प्रदेश स्तर पर हमेशा आधी आबादी को सम्मान देने का दंभ भरती है। याद करें यूपी विधानसभा चुनाव का समय जब पार्टी की तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा था कि संगठन से लेकर सरकार में महिलाओं को 40 प्रतिशत भागीदारी मिलेगी। उन्होंने यहां तक कहा था कि सरकार बनी तो सरकारी पदों में भी 40 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जायेगा। लेकिन जब महिलाओं को सम्मान देने की बात आती है तो सबसे ज्यादा हासिये पर कांग्रेस पार्टी में आधी आबादी को ही रखा जाता है। पूरी कमिटी में महज 18 महिलाओं को जगह मिली है जबकि एक भी जिला में अध्यक्ष बनने के काबिल महिला कांग्रेस पार्टी को नहीं मिली। पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी ने जो प्रदेश कमिटी की घोषणा की है उसमें 11 उपाध्यक्ष, 35 महासचिव, 82 सचिव और 33 लोगों को कार्यकारिणी समिति में रखा गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष में एक भी महिला को जगह नहीं मिली है। महासचिव पद पर तीन महिलाओं को जगह दी गयी है। कांग्रेस के 18 विधायक हैं। अलग राज्य बनने के बाद इनके सर्वाधिक विधायक वर्त्तमान विधानसभा में हैं, जिनमें 5 महिला विधायक हैं लेकिन एक को छोड़कर अन्य महिला विधायकों को प्रदेश कमिटी में जगह नहीं मिली है। जबकि आमतौर पर यह देखा गया है कि कार्यकारिणी समिति में विधायकों और पूर्व विधायकों को जगह दी जाती है। झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनी थी तो उस समय यह तय हुआ था कि चार विधायकों पर एक मंत्री पद दिया जायेगा। इसी फोमुर्ले पर कांग्रेस को 4 मंत्रिपद मिले। उस समय कांग्रेस में 4 महिला विधायक थी लेकिन हेमंत मंत्रिमंडल में कांग्रेस ने एक भी महिला विधायक को मंत्रिपद नहीं दिया। लगातार यह मांग उठती रही मगर कांग्रेस नेतृत्व चुप्पी साधे रही। बाद में कांग्रेस में एक महिला विधायक और हुई। उस समय कहा यह जा रहा था कि कांग्रेस पार्टी सरकार में आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देगी। ऐसा नहीं हुआ। जाहिर है कि आधी आबादी को 40 प्रतिशत भागीदारी देने की बात कांग्रेस पार्टी की सिर्फ एक छलावा है। कम से कम झारखंड में तो ऐसा नहीं दिख रहा है। यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को देना चाहिए। आधी आबादी को सम्मान देने की बात तो की जाती है लेकिन ऐन मौके पर यह चुप्पी आम आदमी की समझ से बाहर है। आखिर कथनी और करनी की स्पष्टता होनी ही चाहिए। कारण झारखंड में महिला कांग्रेसी की कोई कमी नहीं हैं। आधी आबादी को सम्मान देकर ही इस राज्य में कांग्रेस अपनी खोई जमीन को वापस ला सकती है। ऐसे में इस महत्वपूर्ण विषय पर सोचने की जरूरत है। कारण अभी कांग्रेस झारखंड में अच्छी स्थिति में नजर नहीं आ रही है।**

## आज का इतिहास

**1910** : डॉ. राममनोहर लोहिया का उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में जन्म।
**1931** : भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांतिकारी भगत सिंह और उनके साथियों राजगुरु तथा सुखदेव को फांसी दी गई।
**1956** : पाकिस्तान दुनिया का पहला इस्लामिक गणतंत्र बना।
**1890** : रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने।
**1893** : चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म।
**1568** : फ्रांसीसी युद्धों के दूसरे चरण को समाप्त करने के लिए लॉन्गजुमाऊ की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये गए थे।
**1994** : रॉबर्ट एफ केनेडी, जूनियर ने एमिली ब्लैक को तलाक दिया।
**2007** : ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन ने विश्वकप का सबसे तेज शतक बनाया।
**2008** : पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता युसुफ रजा गिलानी को पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री चुना गया।
**2008** : भूटान में पहला आम चुनाव हुआ। जिसमें जिग्मे थिनले के नेतृत्व वाली भूटान पीस एंड प्रॉस्पेरिटी पार्टी को चुनाव में 47 में से 45 सीटें मिली।
**2011** : केन्या ने अफ्रीका कार्बन एक्सचेंज खोला।
**2013** : पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हुये आत्मघाती हमले में 17 सैनिक मारे गये।
**1880** : स्वतंत्रता सेनानी बसंती देवी का जन्म।
**1888** : इंग्लैंड में दुनिया की सबसे पुरानी पेशेवर एसोसिएशन फुटबॉल लीग द फुटबॉल लीग, की स्थापना।
**1917** : रूस की नयी सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।
**1942** : सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया।
**1969** : इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन।
**1977** : इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया।
**1958** : सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया।
**1979** : इजरायल की संसद ने मिस्त्र के साथ शांति संधि को मान्यता दी।

# फीफा कप को किसने जोड़ा मजहब से

कतर में चल रहे फीफा विश्व कप में लगातार उलटफेर हो रहे हैं। यह ही एक ऐसा खेल है जिसमें अच्छी क्वालिटी के खेलों का रोमांच बढ़ता है जब नतीजे अप्रत्याशित आते हैं। कमजोर समझी जाने वाली टीमें भी बड़ी शक्तिशाली टीमों को परास्त कर देते हैं। पर चालू फीफा कप को इसलिए भी याद रखा जाएगा कि लगातार इस विश्व कप की इस्लामीकरण करने की कोशिश ही होती रही। यह जब आरंभ हुआ तो इस बात को जरूरत से ज्यादा महिमामंडित किया गया कि इसका आयोजन एक इस्लामिक देश कर रहा है। फिर नॉकआउट राउंड में स्पेन को हराने के बाद पहली बार क्वार्टर-फाइनल में पहुंची मोरक्को टीम के खिलाड़ियों ने फिलिस्तीनी झंडे के साथ जीत का जश्न मनाया। मैच में मोरक्को ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हराया था। मोरक्को की स्पेन पर जीत पर हमारे यहां भी बहुत से लोग इस तरह से खुश हो रहे थे मानो कि उनका मुल्क मोरक्को ही हो, पर यहाँ फिलिस्तीनी या पाकिस्तानी झंडे के साथ जश्न नहीं मनाया जा रहा था। देखिये, खेल और खिलाड़ी देश की सीमाओं से परे हैं। मोहम्मद अली, दादा ध्यान चंद, सचिन तेंदुलकर या रोज फेडरर को किसी देश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता। ये सही माने में विश्व नागरिक हैं। पर किसी खिलाड़ी या टीम को उसके मजहब के कारण पसंद करना या उसे चीयर करना समझ से परे है। इस बार यह बार-बार हुआ। सारी दुनिया ने इस बार फीफा कप के इस्लामीकरण करने की कोशिशों को तब भी देखा था जब सऊदी अरब को अर्जेंटीना की टीम पर ऐतिहासिक जीत मिली थी। सऊदी अरब की जीत पर हमारे देश के कुछ खास उत्साही लोग भी इतरा रहे थे। जैसे कि हम पहले कह चुके हैं कि आप श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किसी भी खिलाड़ी या टीम को चीयर कीजिये। इसमें कतई गलत नहीं है। पर कतर, सऊदी अरब तथा मोरक्को के हक में इसलिए खुश होना कि ये इस्लामिक देश हैं,कतई सही नहीं माना जा सकता। यानी आप खेल भावना को समझ ही नहीं सके। आपको ब्राजील, फ्रांस,सेनेगल,स्पेन हॉलैंड जैसी टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में कुछ भी विशेष दिखाई नहीं दिया। आप अर्जेंटीना के मेसी की ड्रिबलिंग या फ्रांस के चमत्कारी फारवर्ड कायलियन एमबापे से प्रभावित नहीं हुए। भारत के करोड़ों फुटबॉल प्रेमी परंपरागत रूप से ब्राजील और अर्जेंटीना की टीमों के कलात्मक खेल को पसंद करते हैं। कुछ साल पहले तक तो भारत में सिर्फ ब्राजील की टीम को ही चीयर किया जाता था। भारत में ब्राजील के पेले और अजेर्टीना के सुपर स्टार डिएगो माराडोना को करोड़ों खेल प्रेमी अपना नायक मानते हैं। ये जब भी भारत आए तो इनका गर्मजोशी से स्वागत हुआ। मुझे याद है पेले 2015 में दिल्ली में सुब्रतो कप के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि थे। पेले ने फाइनल मैच का पूरा आनंद लिया था। उन्हें देखने के लिए अंबेडकर स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। उन्होंने फाइनल मैच के बाद एक खुली जीप पर सारे स्टेडियम का चक्कर लगाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया था। पेले ने वहां पर मौजूद दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा था, 'मैं सुब्रतो कप में हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। मुझे भारत के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों से मिलकर बहुत अच्छा लगा।' वे उम्रदराज होने पर भी बिल्कुल फिट लग रहे थे। उस यादगार दिन अंबेडकर स्टेडियम में पेले को देखने के लिए हजारों फुटबॉल प्रेमी पहुंचे थे। उन्हें चाहने वाले उन्हें इसलिए नहीं पसंद कर रहे थे क्योंकि वे किसी खास देश या धर्म से संबंध रखते हैं। यह ही होना भी चाहिए। लेकिन, फीफा कप के दौरान तो सारी दुनिया कुछ अलग ही मंजर देख रही है। फीफा आयोजन समिति भी निकम्मी साबित हो रही है कि वह मूक दर्शक बनी हुई है। उसकी तरफ से तब भी कोई आपत्ति दर्ज नहीं हुई थी जब कतर में कठमुल्ला जाकिर नाईक भी पहुंच गया था। उसका लक्ष्य सिर्फ अन्य धर्म के लोगों को इस्लाम में धर्मांतरण करवाना रहता है। वे इस्लाम से इतर सभी धर्मों का लगातार अपमान करता है, नीचा दिखाता है और खिल्ली उड़ाता रहता है। वह भारत से भागा हुआ अपराधी है। उस पर भारत में तमाम गंभीर आरोपों में केस चल रहे हैं। एक बार वह भारत आया तो फिर जीवन भर जेल की सलाखों के पीछे ही रहेगा। फीफा आयोजन समिति को कायदे से कतर सरकार को कसना चाहिए था कि उसने इतने बड़े आयोजन से पहले आखिरकार इस बदनाम जाकिर नाईक को अपने देश में आमंत्रित किया ही क्यों ? इसका उद्देश्य क्या था ? बहरहाल, भारत में जो लोग फीफा कप के एक अलग चश्मा पहनकर देख रहे हैं उन्हें कभी वक्त मिले तो वे यह जान लें कि दुनिया के इस्लामिक राष्ट्रों में कितना आपसी प्रेम है। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद भयंकर हाहाकार मचा हुआ है। वहां से ज्यादातर स्थानीय अफगानी नागरिक भी अपना देश छोड़कर कहीं और जाकर बसना चाह रहे हैं। उन्हें अफगानिस्तान में अब अपने बीबी बच्चों के साथ एक मिनट भी रहना सुरक्षित और सही नहीं लग रहा है। अफगानिस्तान में सरेआम कत्लेआम चालू है। पर अफगानिस्तान के मुसलमानों को इस्लामिक देश अपने यहां शरण देने के लिए तैयार तक नहीं हैं। दुनिया के इस्लामिक देशों के अपने को नेता मानने वाले पाकिस्तान, सऊदी अरब तथा तुर्की जैसे देश पूरी तरह चुप हैं। पाकिस्तान का काला चेहरा खुलकर सामने आ रहा है। उसने अपनी अफगानिस्तान से लगने वाली सरहदों पर भरपूर सेना को तैनात कर दिया है। पाकिस्तान कह रहा है कि हमारे यहां तो पहले से ही लाखों अफगानिस्तान के शरणार्थी हैं। हम अब और नहीं लेंगे। तो फिर पाकिस्तान अपने को सारी दुनिया के मुसलमानों का रहनुमा क्यों मानता है। फिर उसने तख्तापलट में तालिबानियों का सहयोग क्यों किया ? अफगानिस्तान संकट के बहाने पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को समझना आसान होगा। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के हक के लिए सारी दुनिया के मुसलमानों का आये दिन खुलकर आह्वान करता है। वह संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम अन्य मंचों पर भारत को घेरने की कोशिशों में भी नाकाम रहता है। पर पाकिस्तान यह तो बताएं कि वह क्यों नहीं अफगानिस्तान के मुसलमानों को अपने यहां शरण देता ? क्या कुछ हजार मुसलमान और आने से पाकिस्तान नष्ट हो जायेगा ? 57 इस्लामिक देशों का संगठन इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) भी पूरी तरह नकारा ही साबित हुआ है। ये संकट में भी एक-दूसरे के लिए खड़े नहीं होते हैं। रोहिंग्या मुसलमानों को शरण देने का ही मसला ले लें। म्यांमार के सबसे करीबी पड़ोसी बांग्लादेश ने भी रोहिंग्या मुसलमानों को लेने से मना कर दिया था। सीरिया या इराक में मुस्लिमों द्वारा मुस्लिमों को मारने का कभी भी विरोध नहीं किया जाता। ओआईसी के सदस्यों में भी तनातनी रहती ही है। ईरान-सऊदी अरब एक-दूसरे के जानी-दुश्मन हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश में छत्तीस का आंकड़ा तो सबको पता ही है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी एक-दूसरे के शत्रु हैं। इसके बावजूद भारत के सहारनपुर से दरभंगा में रहने वाले कुछ लोगों को कतर, सऊदी अरब और मोरक्को में अपना अक्स नजर आता है। **(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

> फीफा आयोजन समिति को कायदे से कतर सरकार को कसना चाहिए था कि उसने इतने बड़े आयोजन से पहले आखिरकार इस बदनाम जाकिर नाईक को अपने देश में आमंत्रित किया ही क्यों ? इसका उद्देश्य क्या था ? बहरहाल, भारत में जो लोग फीफा कप के एक अलग चश्मा पहनकर देख रहे हैं उन्हें कभी वक्त मिले तो वे यह जान लें कि दुनिया के इस्लामिक राष्ट्रों में कितना आपसी प्रेम है। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद भयंकर हाहाकार मचा हुआ है।

**■ आर.के. सिन्हा**

## तमाशा

बाबा आपके बचपन में तो आज की तरह स्मार्टफोन, मल्टीप्लेक्स थियेटर तो नहीं हुआ करते थे। फिर आपका मनोरंजन कैसे होता था? बिटिया ने पूछा। पिता ने उसकी ओर देखा और कहा, बिटिया इंसान बड़ा जुगाड़ू होता है। वह दौर नहीं देखता। मन का मौज देखता है। ज्यादातर घर के बाहर वाले खेल हुआ करते थे। कभी गिल्ली-डंडा तो कभी लंगड़ी टांग, कभी कंचे तो कभी छुपन छुपाई का खेल, खेल लिया करते थे। बड़ा मजा आता था। उछलते-कूदते, धूम मचाते बदन को थका देते थे। कभी बदन पर चर्बी नहीं जमती थी। सच कहें तो हम अपने जमाने में खिलौनों से खेलते थे। अब खिलौना हमसे खेलने लगा है। वह कैसे बाबा? बिटिया की भोली-भाली उत्सुकता देख बाबा हँस पड़े। बोले, यह जो मोबाइल देख रही हो, एक खिलौना ही तो है। इसे हमने बनाया, लेकिन आज यह हमें बना रहा है। हम इसके गुलाम हो गये हैं। हमारे समय में यह नहीं था। हम बड़े खुश थे। अपनी मर्जी के मालिक। बिटिया ने कहा, यह तो ठीक है। उस समय मल्टीप्लेक्स नहीं थे। उसका क्या? बिटिया हमारे जमाने में मदारी और जमूरे का खेल हुआ करता था। सड़क के बीचोंबीच मदारी जमूरे के साथ शुरू हो जाता था। हाथ से डमरु बजाता और कहता, डुग डुग-डुग डुग-डुग डुग-डुग डुग-डुग डुग...मेहरबान कदरदान साहिबान...कुर्सी का खेल देखिये, खेल की धार देखिये। मुँह से टपकती लार देखिये, उस पर वक़्त की मार देखिये। जमूरा हाज़िर है मेहरबान, बच्चे-बूढ़े, कमसिन और जवान। 'घडी' देखते रहिये साहिबान...जमूरा अब खेल दिखायेगा! आन 'हथेली' पे रखेगा साहिबान। दांव पे अपना मान लगा देगा आपको खुश करने के लिए,जमूरा अपनी जान लगा देगा ! नाच-नाच कर मनोरंजन करेगा, आपकी हँसी न छूटी, तो अपनी उंगली से, आपके दाँतों में मंजन करेगा। तो बजाओ ताली। डुग-डुग डुग-डुग डुग-डुग डुग। पिता ने हाव-भाव के साथ मदारी-जमूरे का तमाशा सुनाया। लेकिन बाबा अब तो ऐसे तमाशे दिखायी नहीं देते। ऐसा क्यों? बिटिया ने पूछा। देखो बिटिया! जमूरा तो ठहरा एक जानवर। हमारी तरह उसका भी मान-सम्मान है। हमारी तरह वह भी सांस लेता है। हमारी तरह उसको भी दर्द होता है। आजकल जानवरों के लिए कई कानून बन गए हैं। अब जानवर की इज्जत इंसानों से ज्यादा होने लगी है। इसीलिए जानवरों पर जुल्म ढाना अपराध माना गया है। पिता ने बिटिया को समझाया। तो क्या बाबा हमारी पीढ़ी मदारी-जमूरे का तमाशा कभी नहीं देख पायेगी? बिटिया ने निराश होते हुए पूछा। निराश मत हो बिटिया! कौन कहता है मदारी-जमूरे का तमाशा खत्म हो गया? अब तो यह तमाशा बड़े धड़ल्ले से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। अंतर केवल इतना है कि अब जानवर नहीं इंसान करता है। यकीन न हो तो शाम को कोई भी समाचार चैनल खोलकर बैठ जाओ। तरह-तरह के जमूरे अपने मदारियों के इशारे पर उछल-कूद करते हुए नजर आयेंगे। आज भी मदारी की डुगडुग पर जमूरे तमाशा दिखाने के लिए जान हथेली पर लिए तैयार रहते हैं। तुमने देखा नहीं उस दिन किस तरह एक जमूरे ने दूसरे जमूरे पर चिल्ला-चिल्लाकर दुनिया से छुट्टी कर दी थी। बिटिया यहाँ तो सिर्फ तमाशा ही तमाशा है। अभी तो मोल भाव होगा ! एक अदद कुर्सी के लिए कई तशरीफों का टकराना होगा। यहाँ हर कोई तमाशबीन है। इसलिए हर हाल में मदारी के इशारे पर जमूरे को नाचना होगा। जब तक ताली बजेगी तब तक मदारी का डुग-डुग चलता रहेगा।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## कुछ खट्टा कुछ मीठा

कौन जीता? कौन हारा? कौन गया मारा? सभी 'कुछ कुछ' जीते और सभी 'कुछ कुछ' हारे! सभी 'एक्जिट पोल' यानी मतदान बाद सर्वे 'लगभग' जीते और सभी मतदान बाद सर्वे 'लगभग' हारे! अगर हमारे शब्दकोश में 'लगभग' और 'कुछ कुछ' शब्द न हों, तो हमारा काम न चले! एक बोले कि 'ठेकेदार' हारे। दूसरे बोले कि 'अहंकार' हारा। तीसरा बोला कि 'रिवाज' जीता! कुछ विश्लेषकों के अनुसार, कहीं जीता 'विकास', कहीं जीती 'रेवड़ी' और कहीं जीती 'पुरानी पेंशन योजना'! जिन्होंने बंद की पेंशन, वही कहने लगे कि हम देंगे पुरानी पेंशन! कैसी गजब की राजनीतिक कलाबाजी और क्या गजब का 'पेंशन का अर्थशास्त्र'! एक ने कहिन कि हम दिल्ली जीतन, दूसरे कहिन कि हम भी दिल्ली 'जीतन'! पहला 'जीतन' बोला कि सर्वाधिक सीट हम 'जीतन', तो हारा हुआ बोला कि वोट फीसद में सर्वाधिक फीसद हम ही 'जीतन'! प्रवक्ताओं की चुनौती कि अपनी हार को जीत कैसे सिद्ध करें और दूसरे की जीत को हार कैसे बताएं और कुछ नहीं तो हार को अपनी 'नैतिक जीत' कैसे जताएं! कभी 'हारे को हरिनाम' हुआ करता था और मन को समझा लिया जाता था, लेकिन आज हारा हुआ भी अपने को येन-केन जीता हुआ दिखाता है! क्या कर सकते हैं आप? इन दिनों दलों के दिल इतने छोटे हो गये हैं कि उनके प्रवक्ता अपने रकीब की जीत पर दिल खोल कर बधाई तक नहीं दे पाते! एक विश्लेषक ने बताया कि इन चुनावों का एक ही सबक है कि 'कांग्रेस' को कम न समझना और 'आप' को भी कम न समझना! सच! 'जहां काम आवै सुई कहा करे तलवार!'

**■ सुधीश पचौरी**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

वनमें अपने आश्रम में उन्होंने धर्म, वायु, इन्द्र तथा दोनों अश्विनीकुमारोंसे पाँच क्षेत्र पुत्रोंको पाँच पाण्डवोंके रूपमें उत्पन्न कराया। धर्म, वायु तथा इन्द्रसे उत्पन्न हुए युधिष्ठिर, भीमसेन तथा अर्जुन- ये कुन्तीपुत्र कहे गये हैं। इसी तरह नकुल तथा सहदेव-ये दोनों माद्रीके पुत्र हुए ॥ 35-36 ॥

एक दिन महाराज पाण्डु एकान्तमें माद्रीका आलिंगन करके पूर्वशापके कारण मृत्युको प्राप्त हो गये। तत्पश्चात मुनियोंने उनका दाह-संस्कार किया और माद्री सती होकर पतिके साथ प्रज्वलित अग्निमें प्रविष्ट हो गयी और पुत्रोंसे युक्त कुन्ती वहीं स्थित रह गयी। तत्पश्चात मुनिलोग पतिविहीन उस दुःखित शूरसेन पुत्री कुन्तीको उसके पुत्रोंसहित हस्तिनापुर ले आये और उसे भीष्म तथा महात्मा विदुरको सौंप दिया। यह सुनकर मैं उन पाण्डुपुत्रोंके कारण सुख- दुःखसे पीड़ित हो गया। पाण्डुके ये पुत्र हैं-ऐसा सोचकर भीष्म, मतिमान विदुर तथा धृतराष्ट्र प्रेमपूर्वक उनका पालन-पोषण करने लगे ॥ 37-41 ॥

धृतराष्ट्रके दुर्योधन आदि जो क्रूर हृदयवाले पुत्र थे, वे एक समूह बनाकर उनका घोर विरोध करने लगे। तत्पश्चात द्रोणाचार्य वहाँ आये और भीष्मने उनका सम्मान किया। उन्होंने पुत्रोंको धनुर्विद्याकी शिक्षा देनेके लिये उन्हें उसी पुरमें रख लिया ॥ 42-43 ॥

कुन्तीने उत्पन्न होते ही जब कर्णका परित्याग कर दिया तब अधिरथ नामक सूतने नदीमें बहते हुए उस कर्णको पाया और उसका पालन-पोषण किया। सर्वश्रेष्ठ वीर होनेके कारण कर्ण दुर्योधनका प्रिय हो गया। बादमें भीम तथा दुर्योधन आदिमें परस्पर विरोध भाव उत्पन्न हो गया ॥ 44-45 ॥

बालक तब धृतराष्ट्रने अपने पुत्रों तथा उन पाण्डवोंके परस्पर संकटका विचार करके तथा उनके विरोध-भावको समाप्त करनेके उद्देश्यसे वारणावत नगरमें महात्मा पाण्डवोंको बसानेका निश्चय किया ॥ 46-47 ॥

द्रोहके कारण दुर्योधनने अपने मित्र पुरोचनको वहाँ भेजकर दिव्य लाक्षागृहका निर्माण करा दिया ॥ 48 ॥

हे मुनिश्रेष्ठ! तत्पश्चात कुन्तीसहित उन पाण्डवोंके उस लाक्षागृहमें दग्ध हो जानेका समाचार सुनकर उनके प्रति पौत्र-भाव होनेके कारण मैं दुःखके सागरमें डूब गया और उस निर्जन वनमें उन्हें दिन- रात खोजता हुआ अति शोकसन्तप्त रहता था। तभी मैंने दुःखके कारण अत्यन्त दुर्बल उन पाण्डवोंको एकचक्रा नगरीमें देखा। उन पाण्डवोंको देखकर मेरे मनमें अत्यधिक प्रसन्नता हुई और मैंने उन्हें तुरंत महाराज द्रुपदके नगरमें भेज दिया ॥ 49-51 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# फुटपाथ की दुकानें स्थायी हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी,घड़ा पट्टी,लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

**■ आदर्श कुमार, मेदिनीनगर।**

# गुलामी के दरवाजे पर दस्तक देता वर्तमान

देश के अधिकांश नागरिकों की राष्ट्रवादी सोच अभी तक पुष्ट नहीं हो सकी है। गुलामी की मानसिकता, स्वार्थ सिध्द का लक्ष्य और व्यक्तिगत चाहत के समुच्चय से बना त्रिशूल मां भारती की छाती को निरंतर जख्म दे रहा है। अतीत की वास्तविक उपलब्धियों को नजरंदाज करने वाले नागरिकों ने जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा के आधार पर ही हाल में सम्पन्न हुए निर्वाचन में मतदान किया है। तुलनात्मक अध्ययन को हाशिये पर छोड़कर प्रत्याशी से व्यक्तिगत संबंधों को तौला गया, व्यक्तिगत हित देखे गये और भविष्य के लाभ की संभावनायें तलाशी गईं। राष्ट्र, राज्य और समाज की कीमत पर स्वार्थपूर्ति स्वीकारने वालों ने अपने वोट से प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया। उनका चुना गया प्रतिनिधि अपनी पार्टी के प्रत्येक आदेश पर हाथ उठाने का ही काम करेगा। उसे पार्टी की नीतियों, रीतियों और प्रस्तावों पर केवल और केवल सहमति प्रगट करने वाली कठपुतली ही बनना पडेगा। ऐसे में छोटे-मोटे व्यक्तिगत हितों को पूरा करने के अलावा उसके हाथ में क्षेत्र का भाग्य बदलना कदापि नहीं होगा, राज्य या देश की किस्मत लिखना तो दूर की बात है। राजनैतिक पार्टियों की सोच उसकी कथनी-करनी की समानता के मापदण्ड से तौली जाती है। राष्ट्रवादी सोच का ढकोसला करने वाले दल कभी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के टुकडे-टुकडे गैंग के साथ खडे हो जाते हैं तो कभी खालिस्तान का झंडा लेकर हिमाचल में उत्पात मचाने वालों पर कार्यवाही होने पर जबाबी प्रतिक्रिया व्यक्ति करते है। कहीं एक परिवार का गुलाम बनकर लाभ लेने की मानसिकता मुस्कुराती है तो कहीं जातिवाद का जहर कुछ लोगों में खून बनकर दौडने लगता है। संकुचित मानसिकता में डूबे लोगों की सोच व्यक्तिगत हितों को दायरे से बाहर निकल ही नहीं रही है। जब नागरिकों को स्वाधीनता देने वाला संविधान ही नहीं रहेगा, सभी धर्मो को सम्मान देने की स्थिति ही नहीं रहेगी, एक वर्ग विशेष के अपने नियम-कानून थोपे जायेंगे तब लोगों के पास जीवन की रक्षा हेतु केवल चाटुकारिता, पराधीनता और सत्ता को स्वीकारोक्ति देने का एकमात्र मार्ग ही शेष बचेगा। स्वाधीनता के बाद से निरंतर लम्बे समय तक एक वर्ग विशेष के तुष्टीकरण के बाद पुष्टीकरण तक पहुंचाने वालों ने गणतंत्र की जडों में मा ही पिलाया है। उन्होंने गोरों के रिमोड पर चलते हुए दूरगामी नीतियां निर्धारित की और देश को एक धर्म विशेष के हाथों में सौपने के सपने को साकार करने वाला संविधान थोप दिया, तब देश का आम आवाम सोता रहा। आपातकाल में एक धर्म विशेष के अनुयायियों को ही नसबंदी के माध्यम से सीमित किया गया, तब भी देश का आम आवाम सोता रहा। उसके पहले जब सोमनाथ पर बाह्य आक्रान्ताओं ने आक्रमण किया, तब भी देश का आम आवाम सोता रहा। जब विदेशी आक्रमणकारियों से सैनिक जूझ रहे थे, तब भी देश का आम आवाम सोता रहा और आज जब कुछ राज्यों के चुनावों के परिणाम सामने हैं तो लगता है कि कुछ जगह आज भी देश का आम आवाम सो रहा है। देश का वो सोते रहने वाला आम आवाम शायद देश को एक बार फिर टुकडों में विभक्त होते देखना चाहता है, पुनः गुलामी के बंधन में तडफता देखने की चाहता है या फिर चाहता है धार्मिक कानूनों की बंदिशे। सत्ताधारी पार्टी के सकारात्मक कार्यों को भी प्रश्नवाची चिन्हों से रंगने वाला विपक्ष वास्तव में विपक्ष नहीं होता बल्कि सत्ता हासिल करने की इच्छा से कार्य करता है। सत्य का विपक्ष असत्य ही हो सकता है और जो असत्य का पक्षधर हो उसे स्वार्थी विपक्ष कहना अतिशयोक्ति न होगी। मुफ्तखोरी की आदतें डालने वाली पार्टियां निश्चय ही अपनी निकम्मी जनता के पेट में मेहनतकश लोगों का खून डालकर उन्हें संतुष्ट करना चाहतीं हैं। मौन रहकर जुल्म को सहने के कारण ही गुलामी की जंजीरें हमारे गले में बांध दी जातीं हैं। सुभाष, आजाद, बिस्मिल जैसों को फांसी दिलने वालों की पार्टियों में आज भी आधुनिक जयचन्दों की फौज भर्ती हो रही है।

**■ डा. रवीन्द्र अरजरिया**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# पैनडेमिक सिचुएशन से उबारने के विशेषज्ञ बनें, बनेगा बढ़िया कॅरियर



जिस तरीके से कोविड-19 ने विश्व भर में विस्तार पाया है, कम से कम उस स्तर पर किसी बीमारी का तीव्र विस्तार ना हो सके। जाहिर तौर पर इस स्थिति को पहचानने और महामारी के भिन्न लक्षणों का स्तर, कोई एपिडेमियोलॉजिस्ट ही समझ सकता है।

कोविड-19 ने जिस प्रकार से समूची दुनिया को हिला कर रख दिया है। इससे लोग एक बार फिर सोचने को मजबूर हो गए हैं कि क्या हमारे पास महामारी से संबंधित ढेर सारे विशेषज्ञ होने चाहिए, जो ऐसी स्थिति आने पर अपने ज्ञान और अपने जज्बे से हमें इस मुसीबत में फंसने से बचा लें। खुदा न खास्ता अगर मुसीबत में कोई फँस भी जाता है, तो जिस तरीके से कोविड-19 ने विश्व भर में विस्तार पाया है, कम से कम उस स्तर पर किसी बीमारी का तीव्र विस्तार ना हो सके। जाहिर तौर पर इस स्थिति को पहचानने और महामारी के भिन्न लक्षणों का स्तर, कोई एपिडेमियोलॉजिस्ट ही समझ सकता है।

ऐसे में आपके सामने एपिडेमियोलॉजिस्ट बनने हेतु कॅरियर में अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए क्या योग्यता होनी चाहिए। वास्तव में देखें तो दुनिया भर में पब्लिक हेल्थ से बढ़कर कोई दूसरी चीज नहीं है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है कि 'पहला सुख, निरोगी काया'। कल्पना कीजिए कि किस स्तर का डर फैल जाता है, अगर स्वास्थ्य पर संकट आ जाए। बात और भी गंभीर हो जाती है अगर कोई एक बीमारी समूचे विश्व पर एक महामारी की शक्ल में आये। ऐसे में कुछ भी कहना शेष नहीं रह जाता, क्योंकि तब स्थिति कहीं ज्यादा गंभीर हो जाती है। इसलिए आवश्यक है कि ऐसी किसी बीमारी की रोकथाम के फुलप्रूफ इंतजाम होने चाहिए। ऐसे में एपिडेमियोलॉजिस्ट का प्रोफाइल यहां बेहद कामयाब दिखता है। इसमें किसी बीमारी की पहचान और वह कितनी तेजी से फैल सकती है और उसे प्रभावी ढंग से कैसे रोक सकते हैं, यह कार्य अपने रिसर्च के द्वारा एक एपिडेमियोलॉजिस्ट ही कर सकता है। एपिडेमियोलॉजिस्ट में मुख्यतः दो भाग हैं, जिसमें एक रिसर्च फील्ड से संबंधित है तो दूसरा क्लीनिकल फील्ड से संबंधित है।

वस्तुतः यह पूरी तरह से प्रोफेशनल होते हैं जो महामारी जैसे रोगों में लोगों की प्रतिक्रिया से लेकर, जेनेटिक बीमारी और बायो टेररिज्म तक पर कार्य करते हैं। इसके लिए आपके पास एक मास्टर डिग्री होना चाहिए।

हमारे देश की बात करें तो इसके लिए 12वीं पास स्टूडेंट, जिसने फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी ली हुई है। वह बीएससी अथवा दूसरे अंडर ग्रेजुएट कोर्स में अपना दाखिला करा सकता है और ऐसे ही जब आप ग्रेजुएशन करने जाएंगे तो यह जान लें कि किसी भी यूनिवर्सिटी से कम से कम 55 फीसदी मार्क आपकी ग्रेजुएशन में होना चाहिए।

इसके पश्चात एपिडेमियोलॉजिस्ट के संबंध में प्रचलित तमाम कोर्सेज में आप पार्टिसिपेट कर सकते हैं। इसमें बैचलर आफ साइंस, पब्लिक हेल्थ में बैचलर डिग्री और मास्टर डिग्री। इसके बाद मास्टर ऑफ साइंस एपिडेमियोलॉजिस्ट में आता है। तत्पश्चात पीजी डिप्लोमा और अंत में आप एपिडेमियोलॉजिस्ट से पीएचडी कर सकते हैं। अथवा पब्लिक हेल्थ से पीएचडी कर सकते हैं। स्कूल की बात करें तो दिल्ली का जवाहरलाल नेहरू, मुंबई स्थित होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट मौजूद है। ऐसे ही चेन्नई में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ एपिडेमियोलॉजी स्थापित है। इसके अलावा आईआईटी के विभिन्न संस्थान इसकी ट्रेनिंग देते हैं। जैसे आईआईटी गांधीनगर, टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज मुंबई, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, तमिलनाडु, राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, पटना, जिसके नाम से भी जाना जाता है।

❖ **मिथिलेश कुमार सिंह**

# आईएएस व आईपीएस बनने के लिए कितनी देर पढ़ना जरूरी?



सिविल सेवा परीक्षा देश की सबसे कठिन परीक्षा है। हर साल हजारों उम्मीदवार परीक्षा को पास करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसके लिए केवल तैयारी की आवश्यकता नहीं होती है। इस परीक्षा के लिए तैयारी के साथ-साथ सही रणनीति की भी जरूरत होती है। संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) हर साल IAS, IPS, IRS और कई सरकारी विभागों के ग्रेड ए व बी पदों पर भरतियां करता है। सिविल सेवा परीक्षा देश की सबसे कठिन परीक्षा है। इसके लिए केवल तैयारी की आवश्यकता नहीं होती है। इस परीक्षा के लिए तैयारी के साथ-साथ सही रणनीति की भी जरूरत होती है। एक अच्छी रणनीति परीक्षा में आपकी सफलता निश्चित कर सकती है। UPSC सिविल सेवा परीक्षा में 3 चरण होते हैंः प्रारंभिक परीक्षा (उद्देश्य), मुख्य परीक्षा (लिखित) और साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण)। हर साल, हजारों उम्मीदवार परीक्षा को पास करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। अगर आप नौकरी करते हैं तो ऐसे में दिनभर की थकान की वजह से एक साथ 5 से 6 घंटे पढ़ पाना मुश्किल होता है। ऐसे में यूपीएससी की तैयारी के लिए पढ़ाई को दो हिस्सों में बांट लें। आप सुबह 2 से 3 घंटे पढ़ाई करें और बाकी पढ़ाई शाम को पूरी करें।

**पढ़ाई के बीच ब्रेक लेना जरूरी :** पढ़ाई के बीच में ब्रेक लेना जरूरी होता है। फिर 25 मिनट की पढ़ाई के बाद आपको पांच मिनट का ब्रेक लेना चाहिए। इससे आपको थकान नहीं होगी और ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। वीकेंड पर आप 8 से 10 घंटे तक पढ़ सकते हैं।

**ऑफिस और पर्सनल टाइम के बीच बैलेंस :** अगर आप यूपीएससी की तैयारी करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको नौकरी छोड़ने की जरूरत नहीं है। आपको बस अपने ऑफिस और पर्सनल टाइम के बीच बैलेंस बनाना होगा। इससे आप नौकरी के साथ यूपीएससी की अच्छी तैयारी कर सकेंगे।

**9 से 10 महीने का प्लान बनाएं :** यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा की तैयारी के लिए आपको कम से कम 9 से 10 महीने का प्लान बनाना होगा। इस दौरान आप अपने मुख्य विषयों जैसे इतिहास, राजनीति और अर्थशास्त्र को मजबूत करने पर ध्यान दें। पहले की छह महीनों के लिए प्रीलिम्स और मेंस दोनों परीक्षाओं को ध्यान में रखकर पढ़ाई करें।

**पैटर्न का अध्ययन करें :** उम्मीदवारों को पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को जरूर देखना चाहिए। यह प्रश्नों के प्रकार को निर्धारित करने में मदद करता है, और तैयारी के लिए उपयुक्त स्टडी मटेरियल चुनने में मदद करता है। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण से पाठ्यक्रम को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलती है और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है जिनसे अधिक प्रश्न पूछे गए हैं। उम्मीदवारों के लिए अभ्यास परीक्षण काम में आते हैं। ये परीक्षण न केवल मुख्य परीक्षा की तैयारी में सभी उम्मीदवारों की मदद करते हैं, बल्कि टाइम मैनेजमेंट सीखने में भी मदद करते हैं। दैनिक आधार पर लिखने का अभ्यास करें। एक अखबार या पाठ्यक्रम के एक विषय से एक संपादकीय उठाएं, और उस पर एक प्रश्न फ्रेम करें और उसका उत्तर लिखें।

❖ **प्रिया मिश्रा**

# बेरोजगारी व कर्जमुक्ति के लिए करें गणपति के इन मंत्रों का जाप

भगवान गणेश की आराधना से हम सभी संकटो से मुक्ति पा सकते है। गणपति की शीघ्र कृपा पाने के लिए आप गणेश जी के चमत्कारिक मंत्रों जप कर सकते है। बेरोजगारी की समस्या हो या कर्ज का बढ़ता बोझ, भगवान गणेश आपकी सभी मुश्किलें दूर कर देते हैं। अगर शादी-विवाह में किसी प्रकार की अड़चन आ रही है तो भी श्री गणेश की पूजा से आप अपनी समस्या को दूर कर सकते हैं। भगवान श्री गणेश प्रथम पूजनीय देवता हैं। किसी भी शुभ कार्य या पूजा पाठ में गणेश जी की पूजा सबसे पहले की जाती है। गणपति को विघ्न हर्ता कहा जाता है क्योकि यह हर तरह की परेशानियों और विघ्नों को दूर करने वाले है। इनकी पूजा से विद्या, बुद्धि, आरोग्य, और सुख, समृद्धि की प्राप्ति होती है। भगवान गणेश के कुछ विशेष मंत्रों के जप से आप जीवन में आने वाली सभी परेशानियों को दूर कर सकते हैं।



**'ॐ गं गणपतये नमः'**

यह मंत्र आपको जीवन में आने वाली सभी विपत्तियों को सामना करने को साहस प्रदान करेगा। इस मंत्र का 108 बार जप करने से आपको किसी भी परीक्षा में सफलता मिलती है। बुद्धि तेज होती है। इस मन्त्र का जप करने के बाद गणपति को खीलों का भोग लगाएं साथ ही लड्डू का भोग लगाना ना भूलें।

**गं क्षिप्रप्रसादनाय नमः**

यह मंत्र गणेंश जी का अत्यंत हितकारी मंत्र है। इस मंत्र के द्वारा आप सुख समृद्धि का आशीर्वाद गणपति से प्राप्त कर सकते हैं। इस मंत्र के द्वारा आप आत्मबल भी बढ़ा सकते हैं।

**ॐ गं नमः**

अगर आप नौकरी और व्यवसाय की परेशानी से जूझ रहें हैं तो इस मंत्र के जप से आप अपनी इन समस्याओं से छुटकारा प्राप्त कर सकते हैं। इस मंत्र से बेरोजगारी की समस्या से मुक्ति मिलेगी। अगर आप पैसों की तंगी से परेशान हैं तो यह मंत्र आपके लिये कारगर हो सकता है। यह आपको लक्ष्मी जी की कृपा भी प्रदान करेगा।

**ओम श्रीं गं सौभ्याय गणपतये वर वरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा**

यदि आपके विवाह में किसी तरह की अड़चन आ रही है तो आप इस मंत्र द्वारा मनचाहा जीवनसाथी प्राप्त का सकते है। अगर आप कर्ज से मुक्ति चाहते है तो भी यह मन्त्र आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा। गणेश जी के 11 मंत्रों में से किसी भी एक मंत्र से अगर आप गणेश जी की पूजा करेंगे तो आपको मनचाहा वर मिलेगा।

**ॐ गीः गूं गणपतये नमः स्वाहा**

इस मंत्र की सहायता से आप श्री गणेश की कृपा शीघ्र प्राप्त कर सकते हैं। शांत मन से इस मंत्र का जाप करें आपको हर तरह के संकटो से मुक्ति मिलेगी और आप सभी सुखों को प्राप्त करेंगे। इस मंत्र से घर में आ रही निगेटिव एनर्जी भी दूर होगी साथ ही स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी दूर होंगी।

**'ॐ गं गणपतये नमः'**

यह गणेश जी का बीज मन्त्र है। इस मन्त्र का जाप सभी मनोकामनाओं को पूरा करने वाला है। आर्थिक प्रगति व समृद्धि के लिए भी यह मंत्र लाभदायक है।

**ॐ गीः गूं गणपतये नमः स्वाहा**


इस मंत्र की सहायता से आप श्री गणेश की कृपा शीघ्र प्राप्त कर सकते हैं। शांत मन से इस मंत्र का जप करें आपको हर तरह के संकटो से मुक्ति मिलेगी और आप सभी सुखों को प्राप्त करेंगे। इस मंत्र से घर में आ रही निगेटिव एनर्जी भी दूर होगी साथ ही स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी दूर होंगी।

**'ॐ गं गणपतये नमः'**

यह गणेश जी का बीज मन्त्र है। इस मन्त्र का जप सभी मनोकामनाओं को पूरा करने वाला है। आर्थिक प्रगति व समृद्धि के लिए भी यह मंत्र लाभदायक है।

❖ **सूर्या मिश्रा**

# शोधकर्ताओं ने कॉपर आधारित कम लागत वाले जल शोधन उपकरण का विकास किया




डिवाइस संग्रहीत पेयजल की गुणवत्ता में सुधार के लिए तांबे के सतह-से-आयतन अनुपात पर आधारित है। यह सूक्ष्मजीवविज्ञानी संदूषण के खिलाफ कुशल है और खनिजों के साथ पानी की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

पिछले कुछ दशकों से शुद्ध पेयजल की मांग लगातार बढ़ रही है। तकनीकी प्रगति के साथ, कई वाणिज्यिक जल शोधक बाजार में आ गए हैं। हालाँकि, पानी को शुद्ध करने के प्रयास में, इनमें से अधिकांश हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक ओलिगो-डायनामिक खनिजों को भी खत्म कर देते हैं। पानी के भंडारण के लिए प्लास्टिक के कंटेनरों का व्यापक उपयोग, जिसमें जीवाणुरोधी और शुद्धिकरण गुण नहीं होते हैं, ने समस्या को और बढ़ा दिया है।

कॉपर के ऑलिगो-डायनामिक गुण, रोगाणुरोधी, एंटीऑक्सिडेंट, क्षारीय / पीएच संतुलन, और उच्च विद्युत और तापीय चालकता इसे जल शोधन के लिए सबसे अच्छा उम्मीदवार बनाते हैं। सीएसआईआर-सेंट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स ऑर्गनाइजेशन (सीएसआईआर-सीएसआईओ) और सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट फॉर माइक्रोबियल टेक्नोलॉजी (सीएसआईआर-आईएमटेक) के शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक रोगाणुरोधी जल शुद्धिकरण उपकरण विकसित किया है जो किसी भी चौड़े मुंह वाले पानी में आसानी से फिट हो जाता है। बोतल। डिवाइस संग्रहीत पेयजल की गुणवत्ता में सुधार के लिए तांबे के सतह-से-आयतन अनुपात पर आधारित है। यह सूक्ष्मजीवविज्ञानी संदूषण के खिलाफ कुशल है और खनिजों के साथ पानी की गुणवत्ता को बढ़ाता है। कॉपर आयनिक डिवाइस का नया डिजाइन इसे यात्रियों, ऑफिस जाने वालों, बच्चों, अभियानों, घरों, आउटडोर, ऑन-साइट कर्मियों, हाइकर्स आदि के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है।

इसका एक सरल और मजबूत संचालन है; बैटरी की जरूरत नहीं है; एक सरल असेंबली है जिसे अल्प निर्माण लागत पर बढ़ाया जा सकता है; पोर्टेबल; पुनः उपयोग किया जा सकता है; पर्यावरण के अनुकूल; रासायनिक प्रतिरोधी; और सौंदर्यपूर्ण रूप से प्रसन्न। डिवाइस ग्राम (-) और ग्राम (+) बैक्टीरिया के खिलाफ सक्रिय है। उपकरण का परीक्षण हल्ड, क्र-10500(2012) मानकों के अनुसार एस. ऑरियस, विब्रियो हैजा, साल्मोनेला टाइफी, पी. एरुगिनोसा, और ई. कोलाई के विरुद्ध किया गया था। इस उपकरण का उपयोग करके 2 घंटे से कम पानी के भंडारण में कोई माइक्रोबियल वृद्धि नहीं पाई गई। शोधकर्ताओं का कहना है कि सक्रिय तांबे की रिहाई <2.0 पीपीएम है, जो पीने के पानी में तांबे की अनुमेय सीमा के भीतर है।

उन्होंने यह भी नोट किया है कि तांबे के उपकरण के हस्तक्षेप के बाद भौतिक पैरामीटर (पीएच, ईसी, टीडीएस और लवणता) अनुमेय सीमा के भीतर रहते हैं, जो इसे सार्वजनिक उपयोग के लिए उत्तरदायी बनाता है। एंटीमाइक्रोबियल कॉपर डिवाइस संपर्क-हत्या तंत्र के माध्यम से रोगाणुओं के संचरण को कम करता है और इसलिए प्रतिरक्षा बढ़ाता है।

डॉ. नीलम कुमारी बताती हैं, विकसित तांबे का उपकरण समय के साथ तांबे के आयन छोड़ता है। जारी तांबा कीटाणुओं के साथ संपर्क करता है और संपर्क के दौरान जीवाणु झिल्ली क्षति के माध्यम से रोगजनकों के प्रसार को रोकता है, इस प्रकार सूक्ष्म रूप से सुरक्षित पेयजल की पेशकश करता है।

अनुसंधान दल में डॉ. श्रीनिवासन कृष्णमूर्ति, प्रधान वैज्ञानिक (सीएसआईआर-आईएमटेक); डॉ. नीलम कुमारी, प्रधान वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीएसआईओ; प्राची अरोड़ा (सीएसआईओ); और सुमन तिवारी (सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला)। अध्ययन के निष्कर्ष जर्नल ऑफ वाटर प्रोसेस इंजीनियरिंग में प्रकाशित हुए हैं।

# सिटिंग जॉब में इन टिप्स को अपनाकर रहें हेल्दी

ऑफिस में रहते हुए हम बार-बार चाय या कॉफी का सेवन अवश्य करते हैं। इससे यकीनन काफी अच्छा लगता है। लेकिन बार-बार चाय या कॉफी का सेवन करना अच्छा नहीं माना जाता है। कैफीन की अधिकता के कारण बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है। सिटिंग जॉब को लोग एक बेहद ही आराम की नौकरी मानते हैं। लेकिन जिन लोगों को दिनभर बैठकर कंप्यूटर के सामने अपना काम करना होता है। उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का अक्सर सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों में ना केवल मोटापे की समस्या देखी जाती है। बल्कि उन्हें गर्दन में दर्द, आंखों की परेशानी व अन्य कई परेशानियों को भी झेलना पड़ता है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि आप खुद को अधिक हेल्दी बनाए रखने के लिए नौकरी छोड़ देंगे। बस जरूरत है कि आप थोड़ा स्मार्ट तरीके से अपने काम व हेल्थ को मैनेज करें।



**अपनाएं एक्टिव लाइफस्टाइल :** चूंकि आप अपने दिनभर का समय बैठकर बिताते हैं। जिसके कारण आप फिजिकली रूप से एक्टिव नहीं होते हैं। इसलिए अगर आप खुद को हेल्दी रखना चाहते हैं तो कोशिश करें कि आप एक एक्टिव लाइफस्टाइल अपनाएं। सुबह थोड़ा जल्दी उठकर वर्कआउट करें और ऑफिस में भी सीढ़ियों का इस्तेमाल अधिक से अधिक करने का प्रयास करें।

**पानी का रखें साथ :** शरीर के लिए पानी किसी अमृत से कम नहीं है। यह ना केवल आपको ओवरईटिंग करने के रोकता है, बल्कि वेट मेंटेन करने से शरीर की कार्यप्रणाली को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है। ऐसे में आप कोशिश करें कि आप अपनी वर्कटेबल पर पानी अवश्य रखें और हर थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीएं।

**बैग में रखें स्नैक्स भी :** जब बात ऑफिस की होती है तो हम सभी अपने बैग में केवल लंच पैक करके ही रखते हैं। लेकिन बीच-बीच में जब काफी भूख लगती हैं तो हम अनहेल्दी स्नैकिंग करने लग जाते हैं, जो आपकी हेल्थ को प्रभावित करता है। इसलिए आप कोशिश करें कि आप लंच के साथ-साथ अपने बैग में कुछ हेल्दी स्नैक्स भी रखें। इससे आपको हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**चाय को करें स्विच :** ऑफिस में रहते हुए हम बार-बार चाय या कॉफी का सेवन अवश्य करते हैं। इससे यकीनन काफी अच्छा लगता है। लेकिन बार-बार चाय या कॉफी का सेवन करना अच्छा नहीं माना जाता है। कैफीन की अधिकता के कारण बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है। इतना ही नहीं, इससे ओवर ऑल हेल्थ पर विपरीत असर पड़ता है। ऐसे में आप कोशिश करें कि आप अपनी रेग्युलर दूध वाली चाय को ग्रीन टी पर स्विच करें।

❖ **मिताली जैन**

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्च बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृष राशि :** आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन राशि :** नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क राशि :** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी।

**सिंह राशि :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। क्रोध से बचें। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार से दूर रहना भी पड़ सकता है।

**कन्या राशि :** परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला राशि :** बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु राशि :** शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिल सकता है। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मकर राशि :** व्यर्थ की परेशानियों से चिंतित रहेंगे। कारोबार में वृद्धि हो सकती है, परन्तु कुछ कठिनाइयां अभी बनी रहेंगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ राशि :** नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। माता-पिता का सानिध्य मिल सकता है।

**मीन राशि :** आत्मविश्वास बहुत रहेगा। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### जी-7 देशों ने भारत की जी-20 अध्यक्षता का किया समर्थन


**वाशिंगटन (एजेंसी)।** जी-7 के सदस्य देशों ने भारत की जी-20 अध्यक्षता का समर्थन किया है और न्यायसंगत दुनिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। जी-7 देशों के नेताओं ने जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि वे सभी के लिए बेहतर एवं सतत भविष्य का समर्थन करते हैं। जी-7 देशों के नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि जर्मनी की अध्यक्षता में जी-7 देशों ने अपने अन्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर हमारे समय की प्रमुख प्रणालीगत चुनौतियों और तत्काल संकट से मिलकर निपटने का अपना संकल्प दिखाया है। हमारी प्रतिबद्धताओं और कदमों ने एक न्यायसंगत दुनिया की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। बयान में कहा गया है कि जी-7, जी-20 में भारत की अध्यक्षता का समर्थन करता है। इसमें कहा गया कि जी-7 एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और सतत भविष्य के पुनर्निर्माण के लिए मजबूती से, एकजुट होकर और पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका जी-7 के सदस्य देश हैं।

### धन शोधन मामले में नवाब मलिक को झटका

**मुंबई (एजेंसी)।** बम्बई उच्च न्यायालय ने एक जमीन के सौदे से जुड़े धन शोधन के मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की जमानत अर्जी पर तत्काल सुनवाई करने से मंगलवार को इंकार कर दिया। इस सौदे में भगोड़ा गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम तथा उसके गुर्गे भी शामिल हैं। पूर्व मंत्री नवाब मलिक (62) की जमानत अर्जी विशेष अदालत ने 30 नवंबर को खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की एकल पीठ ने तत्काल सुनवाई के मलिक के आग्रह को खारिज कर दिया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दो सप्ताह में इस अर्जी पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले की सुनवाई छह जनवरी तक स्थगित कर दी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कार्णिक ने मलिक के अधिवक्ता अमित देसाई से कहा कि सबसे पहले वह यह बतायें कि मामले में अविलंब सुनवाई की क्यों आवश्यकता है। इसके बाद देसाई ने अदालत को राकांपा के वरिष्ठ नेता के चिकित्सीय स्थिति के बारे में अवगत कराया। अधिवक्ता ने कहा कि मलिक का केवल एक गुर्दा काम कर रहा है और उसके अविलंब प्रतिरोपण की आवश्यकता है। उन्होंने अदालत को बताया कि पूर्व मंत्री के परिजन प्रतिरोपण की प्रक्रिया की शुरू करना चाहते हैं, जिसके लिये जांच और विशेषज्ञों के साथ बैठक की आवश्यकता होगी। न्यायाधीश ने इसके बाद देसाई से पूछा कि किस उपचार की जरूरत है, उससे संबंधित दस्तावेज अदालत में जमा करायें।

# हमारे जवानों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों का किया सामना : राजनाथ सिंह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय और चीनी बलों के बीच हुई झड़प को लेकर मंगलवार को लोकसभा में बयान देते हुए कहा कि हमारे वीर जवान सीमा पर मुस्तैद हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे जवानों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों का सामना किया और वहां से खदेड़ दिया। उन्होंने संसद में बयान देते हुए कहा कि हमारे जवानों में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है और न ही कोई शहीद हुआ है। उन्होंने कहा भारतीय सेना के जवान बहादुरी से देश सेवा में डटे हुए हैं। रक्षा मंत्री ने बताया कि पीएलए सैनिकों ने हाथापाई की और भारतीय सेना ने उसका माकूल जवाब भी दिया। वहीं, झड़प के बाद दोनों देशों ने फ्लैग मीटिंग की। बता दें कि भारतीय सेना ने सोमवार को बताया था कि भारतीय और चीनी सैनिकों की तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट एक स्थान पर नौ दिसम्बर को झड़प हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल हो गये। पूर्वी लद्दाख में दोनों पक्षों के बीच 30 महीने से अधिक समय से जारी सीमा गतिरोध के बीच पिछले शुक्रवार को संवेदनशील सेक्टर में एलएसी पर यांग्त्से के पास झड़प हुई। कांग्रेस के कई सांसदों ने चीन के साथ लगती सीमा पर हालात को लेकर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग करते हुए मंगलवार को कार्यस्थगन प्रस्ताव के नोटिस दिये थे। पार्टी सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में नोटिस देकर मांग की है कि प्रश्नकाल, शून्यकाल और अन्य विधायी कार्यों को रोककर इस विषय पर चर्चा करायी जाये, जबकि कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला और सैयद नासिर हुसैन ने राज्यसभा में इसी प्रक्रार के नोटिस दिये।



### तवांग में घायल छह जवानों को किया गया एयरलिफ्ट

**अरूणाचल** प्रदेश के तवांग में नौ दिसम्बर को चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साथ हुई झड़प के दौरान घायल हुए भारतीय सेना के छह जवानों को एयरलिफ्ट कर गुवाहाटी के वशिष्ठ स्थित सेना के 151 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि घायल जवानों को नौ दिसम्बर की दोपहर तवांग से एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए गुवाहाटी लाया गया। बता दें कि भारतीय और चीनी सैनिक के बीच नौ दिसम्बर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर झड़प हुई थी। प्राप्त रिपोर्ट में इस दौरान दोनों देशों के जवान घायल हुए थे। पीएलए के सैनिकों ने नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में एलएसी को पार किया। इस दौरान भारतीय सैनिकों ने दृढ़ता और दृढ़ तरीके से उनका मुकाबला किया। इस आमने-सामने की लड़ाई में दोनों पक्षों के कुछ कर्मियों को मामूली चोटें आयीं। इसके बाद दोनों पक्ष तुरंत पीछे हट गए।

संसद में खूब बरसे गृह मंत्री अमित शाह, बोले -

# नेहरू के प्यार के चलते यूएनएससी में कुर्बान हो गयी भारत की सीट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग का मुद्दा संसद में जमकर गूंजा। एक ओर जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मामले की जानकारी दी। वहीं, विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इसे लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाये कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कारण ही भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएनएससी में सीट गंवा दी थी। साथ ही उन्होंने कांग्रेस को राजीव गांधी फाउंडेशन में चीनी दूतावास की राशी को लेकर भी घेरा। गृहमंत्री शाह ने मंगलवार को नेहरू सरकार पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता छोड़ने के आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि नेहरू के प्रेम के कारण ही भारत की यूएनएससी की स्थायी सदस्यता कुर्बान हो गयी। जिस वक्त गलवान में हमारे जवान चीनियों से भिड़ रहे थे उस वक्त चीनी दूतावास के अधिकारियों को कौन रात्रिभोज दे रहा था। इसका शोध हुआ क्या। उनकी सरकार में चीन ने पूरे अरुणाचल पर दावा किया।

### राजीव गांधी फाउंडेशन से जुड़े सवाल से बचने के आरोप



**शाह** ने कांग्रेस पर राजीव गांधी फाउंडेशन से जुड़े सवाल पर चर्चा से बचने के आरोप लगाये। संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान शाह ने कहा कि आरजीएफ को चीनी दूतावास से एक करोड़ रुपये से ज्यादा मिले हैं और 50 लाख रुपये नाइक से मिले। उन्होंने आरोप लगाये कि जब कांग्रेस ने दावा किया कि दूतावास से मिली रकम भारत और चीन के संबंधों पर रिसर्च के लिए थी। शाह ने कहा कि देश जानना चाहता है कि क्या 1962 के युद्ध के दौरान भारत ने जो जमीन गंवायी है उसे रिसर्च में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने सूची देखी और सवाल नंबर 5 को देखने के बाद मैं कांग्रेस की चिंता को समझ गया। वह प्रश्न राजीव गांधी फाउंडेशन के फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेग्युलेशन एक्ट लाइसेंस रद्द होने को लेकर था...। अगर उन्होंने मुझे अनुमति दी होती, तो मैं संसद में जवाब देता कि राजीव गांधी फाउंडेशन को 2005-2007 के बीच चीनी दूतावास से 1.35 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है, जो एफसीआरए के तहत उचित नहीं है। नियमों के अनुसार, गृह मंत्रालय ने रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया। शाह ने कहा कि चीन ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर सवाल उठाये थे। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि भाजपा सरकार जमीन पर घुसपैठ नहीं होने देगी। हम एक इंच जमीन भी नहीं देंगे। सैनिकों की तरफ से दिखाई गई बहादुरी तारीफ के काबिल है, उन्होंने हमारे जमीन को बचाया।

ऐसी शादी किसी की ना हो

# दूल्हे के मां-पिता समेत 22 की मौत



### शमशान में पांच दिन से रोज जल रहीं चिताएं

**इस** हादसे के बाद प्रत्येक मृतक के परिजनों को सात लाख रुपये और घायलों के परिजनों को एक लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा सीएम की ओर से की गयी हैं। भूगरां गांव में स्थित शमशान में पांच दिन से आग ठंडी नहीं हुई है। हर कुछ देर में किसी न किसी का शव जलाने के लिए लाया जा रहा है।

**जोधपुर/राजस्थान (एजेंसी)।** जोधपुर में मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले सप्ताह गुरुवार से लेकर मंगलवार सुबह तक 22 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गयी। दूल्हे का पूरा परिवार खत्म होने के कगार पर है। सोमवार शाम दूल्हे की मां साथ छोड़ गयी और मंगलवार सुबह पिता भी हमेशा के लिए चले गये। माता पिता की सिर्फ यही इच्छा थी कि बेटा दूल्हा बने और घर बहू आए...। बेटा दूल्हा बना भी लेकिन अब अस्पताल में सांसों की लड़ाई लड़ रहा है। दो साल से घर आने का इंतजार कर रही बहू का इंतजार और ज्यादा लंबा होता जा रहा है। दरअसल, जोधपुर के शेरगढ़ थाना इलाके में स्थित भूंगरा गांव में पिछले सप्ताह गुरुवार को दोपहर में बारात रवाना होने से ठीक पहले एक साथ पांच सिलेंडर धमाके हुए। उस समय वहां पर करीब सौ से ज्यादा लोग थे। हादसे में दो साल के बच्चे समेत सत्तर साल के बुजुर्ग तक साठ लोग झुलस गये। इनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से अब तक 22 की मौत हो चुकी है। गुरुवार रात से अब तक मौतों का सिलसिला जारी है।

**दूल्हे के मां-पिता और बहन भांजी सबकी मौत :** शेरगढ़ पुलिस ने बताया कि दूल्हे सुरेंद्र सिंह के पिता सगत सिंह की मंगलवार सुबह मौत हो गयी। दूल्हे की मां जस्सू कंवर बीती रात दम तोड़ चुकी थी। उसके अलावा मंगलवार सुबह पांच साल के आईदान सिंह, सुगन कंवर और दिलिप सिंह की भी जान चली गयी। पुलिस का कहना है कि अभी भी तीस से ज्यादा लोग ऐसे हैं जो बेहद गंभीर हैं।

## सरकार ने प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ऐड पर आठ साल में खर्च किये 6399 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार द्वारा प्रिंट और इलेक्ट्रानिक माध्यमों से विज्ञापनों पर पिछले करीब आठ साल में 6399.6 करोड़ रुपए खर्च किए गए। लोकसभा में एम सेल्वराज के प्रश्न के लिखित उत्तर में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा मंगलवार को पेश किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सदस्य ने पूछा था कि साल 2014 से प्रत्येक मंत्रालय द्वारा प्रिंट और इलेक्ट्रानिक माध्यम से विज्ञापनों पर वहन किए गए खर्च का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है। मंत्री द्वारा पेश किये गए आंकड़ों के अनुसार, साल 2014-15 से सात दिसंबर 2022 तक प्रिंट मीडिया के माध्यम से विज्ञापनों पर 3138.81 करोड़ रुपए खर्च किए गए जबकि इस अवधि में इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से विज्ञापन पर 3260.79 करोड़ रुपए खर्च हुए। सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार केंद्रीय संचार ब्यूरो के माध्यम से साल 2014-15 में प्रिंट मीडिया पर विज्ञापन में 424.84 करोड़ रुपए और इलेक्ट्रानिक मीडिया पर विज्ञापन में 473.67 करोड़ रुपए, वर्ष 2015-16 में प्रिंट मीडिया पर 508.22 करोड़ रुपए और इलेक्ट्रानिक मीडिया पर 531.60 करोड़ रुपए खर्च किए गए।



### पटेरिया के बयान को कांग्रेस ने माना अनुशासनहीनता

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए बयान को पार्टी संगठन ने अनुशासनहीनता मानते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी उपाध्यक्ष और प्रदेश संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर की ओर से आज जारी नोटिस में श्री पटेरिया को संबोधित करते हुए कहा गया है कि उनके द्वारा पन्ना जिले के पवई में प्रधानमंत्री श्री मोदी को लेकर दिया बयान घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

## पूर्व मंत्री पटेरिया गिरफ्तार, अदालत में किया जायेगा पेश

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में उकसावे वाला बयान देने के मामले में पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को गिरफ्तार कर लिया गया है और अब अदालत में पेश किया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया कि कांग्रेस नेता राजा पटेरिया को दमोह के हटा से गिरफ्तार किया गया है। उन्हें आज पवई कोर्ट में पेश किया जाएगा। पूर्व में लगाई गई धाराओं में धारा 115 और 117 और बढ़ाई गई है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को भी जम कर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं रही, इटालियन कांग्रेस हो गई है, जिस पर मुसोलिनी का फासीवाद हावी हो गया है। कांग्रेस को राजा पटेरिया पर कार्रवाई करनी चाहिए।







# सऊदी रेगिस्तान में खुदाई शुरू, जमीन पर दिखाई देने लगा द लाइन शहर

- सऊदी अरब के रेगिस्तान में बनने लगा विशालकाय द लाइन शहर
- नयी सैटेलाइट तस्वीरों में हुआ खुलासा, साइट पर दिखा भारी निर्माण
- 170 किमी लंबी और 200 मीटर चौड़ी होगी फ्यूचरिस्टिक मेगासिटी

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब में एक 'फ्यूचरिस्टिक मेगासिटी' का निर्माण किया जा रहा है। यह शहर किसी अजूबे से कम नहीं होगा। खाड़ी देश के रेगिस्तान में बसाया जा रहा यह शहर अब आकार लेने लगा है। नयी सैटेलाइट तस्वीरें इसकी तस्दीक करती हैं। 982,70,80,00,000 डॉलर के इस शहर में हर वह सुविधा मौजूद होगी जिसका सपना इंसान देख सकता है। लगभग 170 किमी लंबा यह शहर 50 लाख लोगों का घर होगा। शहर को 'द लाइन' नाम दिया गया है जो दो लंबी और ऊंची समांतर इमारतों के बीच बसा होगा। आनेवाले दिनों में इसे लेकर उत्सुकता और ज्यादा बढ़ सकती है, क्योंकि अब शहर का ढांचा जमीन पर दिखाई देने लगा है।



द लाइन की दोनों इमारतें करीब 1,600 फीट ऊंची होंगी और सऊदी रेगिस्तान में एक-दूसरे के समांतर खड़ी होंगी। इसका निर्माण पूरा होने में 50 साल का वक्त लगेगा। इस प्रोजेक्ट को 'अर्थ स्क्रैपर' कहा जा रहा है, जिसकी शुरुआत अक्टूबर में हुई थी। पहले भी ड्रोन फुटेज में साइट पर भारी मशीनरी और निर्माण गतिविधियों को देखा गया था। चांग गुआंग सैटेलाइट टेक्नोलॉजी की तस्वीर में द लाइन के लिए रेत में हो रही खुदाई को पीले रंग की पट्टी में देखा जा सकता है। तस्वीर में भारी मशीनरी और बड़ी संख्या में मजदूरों को रेड डॉट से दर्शाया गया है। इस शहर के निर्माण में सऊदी का 500 अरब डॉलर का प्राइवेट इन्वेस्टमेंट फंड भी खर्च हो रहा है। यह शहर जॉर्डन और मिस्त्र की सीमा पर स्थित होगा और 2030 तक निवासियों और व्यवसायों का स्वागत करना शुरू कर देगा। हालांकि, बिल्डरों और शहरी योजनाकारों का कहना है कि इसे पूरा होने में करीब 50 साल लग सकते हैं।

## न्यूज गैलरी

### पूर्व सांसद महेश पोद्दार एवं समाजसेवी देवकीनंदन नारसरिया को किया गया सम्मानित



रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल मारवाड़ी सम्मेलन अधिवेशन के स्वागताध्यक्ष पूर्व सांसद महेश पोद्दार के आवास पर जाकर उन्हें पुष्प गुच्छ, संकल्प स्मारिका एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए आशीर्वाद लिया और समाज के व्यापक हित में द्रुतगति से कार्य करने का संकल्प दोहराया। साथ ही समाज के वरिष्ठ समाजसेवी परम आदरणीय श्री देवकीनंदन नारसरिया को को भी पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शिष्टमंडल में प्रांतीय महामंत्री रविशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल मारू, प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ, संयुक्त महामंत्री सुभाष पटवारी, कार्यालय प्रभारी मनीष लोधा, आकाश अग्रवाल, आदि मौजूद थे।

### प्रांतीय अध्यक्ष दो दिवसीय दौरे पर देवघर रवाना हुए

रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सरावगी, प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा, मंगलवार 13 दिसंबर से दो दिवसीय संगठनात्मिक दौरे पर देवघर रवाना हुए, जाने के क्रम में जैनामोड़ शाखा,बेरमो शाखा,गिरिडीह शाखा,के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन विस्तार, समाज सुधार, जनसेवा तथा अन्य बातों पर चर्चा करेंगे। तत्पश्चात देवघर के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं से मिलकर संगठन की मजबूती पर पहल करेंगे। संगठनात्मक दौरा में प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अशोक जैन संथाल परगना प्रमंडलीय उपाध्यक्ष शिवजी सर्राफ गिरिडीह जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन जिला उपाध्यक्ष बेरमो शाखा ओम प्रकाश खेतान विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। देवघर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद प्रसाद डालमिया का अभिनंदन एवं सम्मान के उपरांत प्रांत के कार्यालय मंत्री अनिल अग्रवाल की पुत्री के विवाह में शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बिजली बिल देने का निर्देश

इटकी। बिजली आपूर्ति प्रशाखा कार्यालय में मंगलवार को विलिंग से संबधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ऊर्जा मित्र एजेंसियों को विभाग द्वारा कई निर्देश जारी किए गए। ऊर्जा मित्रों को उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर मीटर रीडिंग के आधार पर बिजली बिल नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं 18 दिसंबर तक 60 प्रतिशत से अधिक विपत्र को निर्गत करने के काम को पूरा करने की सलाह दी गई। वहीं जिन उपभोक्तओं का 5000 से अधिक बिजली बिल बकाया हो वैसे बकाएदारों की सूची तैयार कर विभाग को सौंपने का निर्देश दिया गया है। इस काम में कोताही बरतने वाले ऊर्जा मित्रों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कार्यक्रम में जेई राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, सहायक विद्युत अभियता प्रशांत कुमार सिंह, नौशाद, पवन कुमार अभिषेक कुमार आदि बिजलीकर्मी शामिल थे।

### लोगों के बीच कंबल का किया वितरण

रांची। गुरुनानक सेवक जत्था की ओर से अभावग्रस्त परिवार के सदस्यों और फुटपाथ पर गुजर-बसर करने वालों के बीच कंबल का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने रांची रेलवे स्टेशन,बस अड्डा,रिम्स समेत शहर के अन्य इलाके में जाकर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल और जरूरत के सामान भेंट किए। कमेटी की ओर से मानवता की सेवा का यह क्रम कई वर्ष से चलाया जा रहा है। मौके पर सूरज झंडई, नरेश पपनेजा, करण अरोड़ा, अमन सचदेवा, विनीत खत्री, रॉनित मुंजाल, इनिष काठपाल, पीयूष मिड्ढा, रौनक ग्रोवर, पीयूष थरेजा, छोटू सिंह, कशिश नागपाल, तनय काठपाल, आकाश थरेजा, अमन डावरा, भूपिंदर सिंह आदि थे।

## भू-राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को भू-राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची, अनुमण्डल पदाधिकारी बुंडू, उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, जिला के सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार के विभिन्न एजेंसियों एवं अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति, लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, लंबित प्रमाण पत्र के मामले, अवैध जमाबंदी, विभिन्न एजेंसियों को जंगल झार भूमि से संबंधित अनापत्ति एवं एफआरए एवं विभिन्न स्तर के राजस्व पदाधिकारियों के



न्यायालयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में सबसे पहले उपायुक्त द्वारा भारत सरकार तथा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने भूमि हस्तांतरण हेतु प्राप्त अधियाचना की अंचलवार अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए भूमि चिन्हितीकरण के बाद प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया। थाना भवनों के लिए भूमि अधियाचना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि भविष्य को देखते हुए थाना भवनों के लिए भूमि अधियाचना की गयी, आनेवाले दिनों में विधि-व्यवस्था के लिए ये बेहद महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि जिन थाना भवनों के लिए भूमि चिन्हित की जानी है उसे पूरा कर जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजें। जिले में नेशनल हाईवे के चल रहे प्रोजेक्ट और कांटाटोली फ्लाई ओवर निर्माण में भू-अर्जन और भुगतान की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गयी। पलमा-गुमला सेक्शन अंतर्गत सरकारी एवं अधिग्रहित जमीन के म्यूटेशन की प्रक्रिया

> ◀◀ थाना भवनों के लिए भूमि अधियाचना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि भविष्य को देखते हुए थाना भवनों के लिए भूमि अधियाचना की गयी, आनेवाले दिनों में विधि-व्यवस्था के लिए ये बेहद महत्वपूर्ण है।

को आगे बढ़ाने का निदेश उपायुक्त द्वारा संबंधित अंचलधिकारी को दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन/म्यूटेशन आदि की भी अंचलवार समीक्षा की गयी। म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का निर्धारित समय में निपटारा करने का निदेश दिया।

# मुरी स्टेशन पर महिला यात्री का सुरक्षित प्रसव ट्रेन में करवाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रांची रेल मंडल यात्रियों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है।मंगलवार को मंडल के चिकित्सकों द्वारा एक महिला यात्री की सहायता करते हुए ट्रेन संख्या 03597 (रांची - आसनसोल मेमू पैसेंजर) में मुरी स्टेशन पर सुरक्षित प्रसव कराया गया। महिला यात्री शीला देवी, पति रामदेव महतो ट्रेन संख्या 03597 (राँची - आसनसोल मेमू पैसेंजर) में राँची से चास रोड स्टेशन तक यात्रा कर रहीं थी। मुरी स्टेशन से पहले उन्हें तेज प्रसव पीड़ा होने लगी और चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता महसूस हुई, अन्य यात्रियों की मदद से उन्होंने इसकी सूचना ट्रेन के टिकट निरीक्षक को दी तथा टिकट निरीक्षक एवं स्टेशन मास्टर मुरी के माध्यम से यह सूचना अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ जे कच्छप को दी गयी। खबर मिलते ही मण्डल के चिकित्सक ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपनी टीम के साथ ट्रेन संख्या 03597 के मुरी आगमन से पूर्व प्लेटफार्म पर आ गए तथा ट्रेन में आगमन के पश्चात महिला यात्री की जांच की एवं परिस्थिनुसार महिला यात्री का प्रसव ट्रेन में करने का निर्णय लिया एवम अपनी टीम तथा रेल सुरक्षा बल की मेरी सहेली टीम के साथ मिलकर उस महिला यात्री का सुरक्षित प्रसव ट्रेन में कराया गया। महिला ने एक स्वस्थ्य बालक को जन्म दिया। चिकित्सक ने निरीक्षण कर बताया कि मां और बच्चा दोनों सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** मंगलवार को रांची रेल मंडल कार्यालय के सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, राँची की चतुर्थ त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राजभाषा विभाग ने मंडल पर सभी विभागों द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों का विवरण तथा दैनिक कार्यों में राजभाषा के प्रयोग को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दशार्या। मंडल रेल प्रबंधक सह अध्यक्ष, मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति प्रदीप गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हर्ष का विषय है की हमारा राजभाषा विभाग काफी सक्रिय है और हिन्दी के प्रचार प्रसार में लगा है। राजभाषा गतिविधियों को और भी रोचक बनाने की जरूरत है जिससे अहिंदी भाषी लोग भी प्रोत्साहित हो सके। हिंदी एक बहुत ही सरल एवं सुंदर भाषा है अतः इसे समझना और कार्य करना बहुत आसान है। बैठक में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह मुख्य परियोजना प्रबन्धक (गति शक्ति) सतीश कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत ही प्रसन्नता का विषय है की हमारे रांची मण्डल की पत्रिका का प्रकाशन किया गया है` साथ ही हिन्दी में सभी कार्यों को सुचारु एवं निर्बाध ढंग से करने



की सलाह दी। इस मौके पर राजभाषा विभाग, रांची मण्डल की पत्रिका कोयल के 12वें अंक तथा समाचार पत्रिका रेल दर्पण के 17वें अंक का लोकार्पण मंडल रेल प्रबंधक सह अध्यक्ष, मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति प्रदीप गुप्ता द्वारा किया गया। मण्डल के कार्मिक विभाग ने विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों को हिन्दी भाषा में एक पावर पॉइंट प्रेसेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों के लिए हिन्दी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सभी अधिकारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार बेहरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) कुलदीप कुमार, मण्डल परिचालन प्रबन्धक श्रेया सिंह एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार के सहयोग से क्लाइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म लॉन्च

# इंटेलीकैप और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन ने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इंटेलीकैप और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन (टीआरआईएफ) ने झारखंड सरकार के सहयोग से एक क्लाइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया। मंगलवार को होटल बीएनआर चाणक्या में आयोजित कार्यशाला में मनेगा आयुक्त झारखंड बी राजेश्वरी, उद्योग विभाग के निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह, खूंटी के उपायुक्त शशि रंजन, ट्रांसफोर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन के एमडी अनिश कुमार, इंटेलकैप के एमडी संतोष सिंह की उपस्थिति में इस कार्यक्रम को लॉन्च किया गया। इंटेलीकैप और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन (टीआरआईएफ) ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए क्लालइमेट एक्शमन प्लेटफॉर्म का विकास किया है। यह प्लेटफॉर्म राज्य के




छोटे किसानों को कृषि और संबद्ध सेक्टरों के लिये क्लाइमेट/कार्बन फाइनेंस का फायदा उठाने के लिये सक्षम बनाने और एक क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के माध्येम से उनमें तकनीकी कौशल विकसित करने के लिये है। यह प्लेटफॉर्म छोटे किसानों को जलवायु के मामले में स्मार्ट कृषि और एग्रो-फॉरेस्ट्री के लिये सहयोग एवं प्रशिक्षण प्रदान करेगा। मौके पर मनरेगा आयुक्त बी राजेश्वरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन झारखंड समेत देशभर के लिए चिंता विषय बन गया है। जलवायु परिवर्तन का असर अब दिखने लगा है। आम जन जीवन के साथ खेती भी प्रभावित हो रही है। केंद्र और राज्य सरकार ऐसे कई कार्यक्रम चला रही है, जिसे पर्यावरण को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा और जलवायु परिवर्तन की दिशा में एक बेहतर काम करेगा। उद्योग निदेशक जितेंद्र सिंह ने कहा कि उद्योग जगत पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया जा र है, ताकि पर्यावरण का नुकसान नहीं हो। नेचुरल गैस, तेल आदि का इस्तेमाल से प्रदूषण कर किया जा सकता है। इस दिशा में सरकार और उद्योग जगत कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में खूंटी उपायुक्त, और इंटेलीकैप और टीआरआईएफ के पदाधिकारिरयों ने भी अपने विचार रखे। ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन में फार्म प्रॉस्पेरिटी के डायरेक्टार अशोक कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार के सहयोग से यह क्लामइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म से छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी और जलवायु परिवर्तन पर योजना बनाने तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये जरूरी कदम उठाने में राज्यि सरकार की सक्रिय भूमिका को सहयोग मिलेगा।

# एचईसी मुख्यालय के सामने अधिकारियों ने गन्ने का जूस निकाल जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एचईसी अधिकारियों का आंदोलन 41वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। बकाए वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर पिछले 40 दिनों से आंदोलनरत एचईसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मंगलवार को एचईसी मुख्यालय के सामने गन्ने का जूस निकालकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर एचईसी के अधिकारियों ने कहा कि आज कंपनी की जो हालत है, उसके लिए भारी उद्योग मंत्रालय और केंद्र सरकार बराबर के जिम्मेदार हैं। एचईसी को भ्रष्ट प्रबंधन ने गन्ने की तरह निचोड़ कर बचे अवशेष जैसा कर दिया है। एचईसी के अधिकारियों ने कहा कि पिछले दो-तीन साल में कई बार मंत्रालय के द्वारा इस कंपनी की समीक्षा की गई, अनेक बार कंपनी के भविष्य की रूपरेखा मंत्रालय को सौंपा गया। लेकिन सब योजनाएं फाइलों में ही धूल फांकती रहीं और धरातल




पर कुछ नहीं आ पाया। उन्होंने कहा कि कंपनी के आधुनिकीकरण के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी को जमीन हस्तांतरित किया गया। लेकिन मशीनों का आधुनिकीकरण तो कुछ हुआ नहीं और ना ही स्टैच्यूटरी बकाए का भुगतान हुआ, बल्कि कंपनी को गर्त में पहुंचा दिया गया। एचईसी के अधिकारी 41 दिनों से आंदोलनरत हैं, लेकिन अब तक सरकार और प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। अधिकारियों ने कहा कि हम सभी अपने हक और अधिकार की मांग कर रहे हैं।

## किसी भी परिस्थिति में मीडिया के माध्यम से बयानबाजी करना पार्टी हित में नहीं : अनुशासन समिति

**रांची ।** झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति की अति आवश्यक बैठक मंगलवार को कांग्रेस भवन, रांची में समिति के अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य अनादि ब्रह्म, कालीचरण मुंडा, शमशेर आलम, अमुल्य नीरज खलखो उपस्थित थे। बैठक के संदर्भ में जानकारी देते प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि बैठक में समिति के अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम पुतला दहन की निंदा की गई और उन्हें हिदायत दिया गया कि आगे ऐसे मामलों में जो भी संलिप्त पाये जाएंगे उनपर नियम प्रावधानों के अनुसार कारवाई की जाएगी। सभी समाचार पत्रों , इलेक्ट्रोनिक, सोशल मीडिया में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति, प्रदेश कमिटी के गठन के उपरांत जिन लोगों ने प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के विषय में अनर्गल बातें की है उस पर संज्ञान लेते हुए उपर विस्तृत चर्चा की गई और यह तय किया गया कि किसी भी परिस्थिति में मीडिया के माध्यम से बयानबाजी करना पार्टी हित में नहीं है।

## 22 से 24 दिसंबर तक प. बंगाल में होने वाले ईस्ट इण्डिया स्ट्रेंथलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए झारखण्ड टीम का चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आगामी 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पश्चिम बंगाल के मिदनापुर में होने वाले ईस्ट इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु झारखंड टीम का चयन किया गया है। टीम का चयन राजधानी के बिरसा चौक स्थित हेल्थ क्लब में आयोजित ट्रायल के द्वारा किया गया। चयनित टीम के महिला वर्ग में प्रतिभा हेमब्रम, अशीषण कच्छप, हेमा तिर्की और हेमा कुमारी शामिल हैं जबकि पुरुष वर्ग में रोहन कुमार ,शुभम कुमार साहू, नीतीश कुमार राणा, रत्नेश कुमार, दिनेश नायक और उमेश चंद्र उपाध्याय है। टीम के मुख्य कोच अशोक कुमार गुप्ता हैं। ट्रायल के दौरान झारखंड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अमिताभ मिश्रा, सह सचिव अयोध्या प्रसाद अकेला, कोषाध्यक्ष भरत लाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरकार की नाकामियों के कारण महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं : आरती कुजूर

**रांची ।** राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते हिंसा के मामलों पर भाजपा महिला मोर्चा ने गहरी चिंता व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह की मौजूदगी में महिला मोर्चा की बैठक में कई समसामयिक बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हाल के कुछ वर्षों में सरकार की नाकामियों के कारण महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा कई रचनात्मक कार्यों पर भी काम कर रही है जिस पर विस्तार से चर्चा की गई । उन्होंने बताया कि कुपोषण के खिलाफ जारी जंग में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं ऐसे में महिला मोर्चा इस दिशा में सहयोगात्मक कदम बढ़ाने जा रही है।

## पृष्ठ एक के शेष

**किसी भी भूमि पर अवैध खनन...**

समय के अनुसार सुधार नहीं हुई तो आलाधिकारियों पर कार्रवाई होगी। वहीं, समीक्षा के क्रम में गुमला, लोहरदगा सदर थाना, कुडू थाना की क्राइम रेटिंग ज्यादा देखी गयी जिसमें कुडू थानेदार को लाइन हाजिर का सीएम ने निर्देश दिया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहरदगा और गुमला जिला राज्य के ऐसे जिले हैं जहां पलायन और ह्यूमन ट्रैफिकिंग काफी ज्यादा है। पलायन पेट की भूख के कारण है जहां ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को गति देने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने ऐसी ही योजनाओं का एक पैकेज बनाया और यहां के लोगों द्वारा अपनायी जा सकनेवाली योजनाओं को यहां लागू कराने का कार्य किया। सीएम ने कहा कि अब योजनाओं की समीक्षा सिर्फ राज्य मुख्यालय स्तर तक ही नहीं, बल्कि आनेवाले समय में मंत्री या राज्यस्तर के पदाधिकारियों द्वारा नीचे स्तर पर भी जाकर की जायेगी। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा भंडरा-कैरो पथ में पुल निर्माण, कुडू प्रखंड में अधूरे पड़े अस्पताल, हाल सर्वे में गड़बड़ी, स्टेडियम में फ्लड लाइट की सुविधा, बकसीडीपा स्थित वन के पर्यटकीय विकास को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया।

**पुरूषों की सहभागिता जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों जिलों में जेएसएलपीएस, सेविका/सहायिका आदि के रूप में महिलाएं कार्य कर रही हैं, लेकिन पुरूषों की भागादीरी कम है। पुरूषों की सहभाकिता बढ़ाने की आवश्यकता है। यह जनजातीय बहुल क्षेत्र है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते क्राइम पर चिंता व्यक्त की। समीक्षा बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद धीरज प्रसाद साहू, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन सचिव अमिताभ कौशल, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के सचिव के. श्रीनिवासन, डॉ. मनीष रंजन, ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार, आदिवासी कल्याण आयुक्त मुकेश कुमार, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अमोल वेणुकान्त होमकर, पुलिस उप महानिरीक्षक अनीश गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, लोहरदगा जिला उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, गुमला जिला उपायुक्त सुशांत गौरव, लोहरदगा जिला पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, गुमला जिला पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा जिला उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, समेत दोनो जिलों के जिलास्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अचंल अधिकारी उपस्थित थे।

**आदिवासियों के डीएनए में डर...**

शिक्षा के लिए पूरा खर्च आपको प्रदान करेगी। आप सरकार की योजनाओं से जुड़े और अपने साथ राज्य का भी भविष्य संवारने में सहयोग करें।

**विकसित जिला बनेगा लोहरदगा : धीरज प्रसाद साहू**

राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार अच्छा कार्य कर रही है। यहां विकास हो रहा है। लोहरदगा का रोडमैप बना है, लोहरदगा विकसित जिला बनेगा। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आप सभी श्रम विभाग मे निबंधन जरूर कराइये उससे बहुत लाभ मिलेगा। सबको पेंशन, कन्यादान योजना, पढ़ाई के लिए साइकिल, मजदूर को निशुल्क चिकित्सा लाभ मिलेगा। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंधु तिर्की, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक जिग्गा सुसारन होरो, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत और झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद समेत हजारों लोगों की भीड़ मौजूद थी।

**गोला गोलीकांड में रामगढ़ विधायक...**

150-200 संख्या में ग्रामीण धरना पर बैठे थे। इस दौरान ग्रामीण उग्र हो गये थे। पुलिस को आत्मरक्षा और बचाव को लेकर फायरिंग करनी पड़ी थी। इस घटना में कुछ लोगों की मौत और दो से तीन दर्जन लोग घायल भी हो गये थे। सुरक्षा में बतौर मजिस्ट्रेट तैनात सीओ, बीडीओ और थानेदार सहित अन्य जवानों को भी चोट आयी थी। गोली कांड को लेकर रजरप्पा और गोला थाना कांड में चार अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इनमें गोला थाना में कांड संख्या 65/2016, रजरप्पा थाना कांड संख्या 81/2016, गोला थाना कांड संख्या 64/2016 शामिल है।

**अस्पताल में भर्ती पूजा...**

का पालन सीआईपी में कराने का निर्देश ईडी ने दिया है।

**पूजा सिंघल पर भी नजर :** निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर भी ईडी की नजर है। अंदेशा है कि रिम्स के पेईंग वार्ड में रहने के दौरान वह फोन का इस्तेमाल कर सकती हैं, साथ ही अवांछनीय तरीके से कुछ लोग भी उनसे मिलने आ सकते हैं। ऐसे में रिम्स निदेशक को कहा गया है कि वह उनकी गतिविधियों की मॉनिटरिंग करायें। साथ ही डीजीपी को भी इस मामले में पत्र भेजा गया है।

**71.1 बिलियन डॉलर...**

बिलियन डॉलर है। रक्षा बजट के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है, लेकिन चीन का रक्षा बजट भारत के साढ़े 3 गुना से भी ज्यादा है।

**भारत और चीन की थल सेना की स्थिति :** थल सेना के मामले में भारत के पास कुल 3,544,000 जवान हैं। इसमें 14,44,000 एक्टिव और 21,00,000 रिजर्व जवान हैं। ग्लोबल फायर पावर की रिपोर्ट के अनुसार चीन की सेना में कुल 2,693,000 जवान हैं, जिसमें 21,83,000 एक्टिव और 5,10,000 रिजर्व सैनिक हैं। दोनों देशों के बीच हथियारों की तुलना करें, तो भारत के पास 4292 टैंक हैं, जबकि चीन के 3501 टैंक हैं। चीन के पास 33,000 बख्तरबंद गाड़ियां हैं, जबकि भारत के पास 8,686 गाड़ियां हैं। चीन के पास 3800 स्वचालित आर्टिलरी है, जबकि भारत के पास महज 235 स्वचालित आर्टिलरी है। इसी तरह भारत के पास 4060 फील्ड आर्टिलरी है, जबकि चीन के पास 3600 है। भारत के पास केवल 266 रॉकेट प्रोजेक्टर हैं, जबकि चीन के पास 2650 रॉकेट प्रोजेक्टर हैं।

**भारत या चीन का एयरफोर्स है मजबूत?**

भारत व चीन की एयरफोर्स की तुलना करें तो चीन हमसे आगे दिखायी देता है। भारत के पास 538 कॉम्बैट एयरक्राफ्ट हैं, जबकि चीन के पास 1,232 हैं। इसी तरह भारत के पास 172 डेडिकेटेड अटैक एयरक्राफ्ट हैं, जबकि चीन के पास इस तरह के 371 एयरक्राफ्ट हैं। भारत के पास 77 स्पेशल मिशन प्लेन हैं, जबकि चीन के पास 111 हैं। भारत के पास 722 हेलीकॉप्टर है जबकि चीन के पास 911 हेलीकॉप्टर हैं। भारत के पास 23 हेलोज हैं, जबकि चीन के पास 281 हैं।

**किसकी नौसेना ताकतवर?**

भारत और चीन की नौसेना की तुलना करें तो भारत के पास केवल एक एयरक्राफ्ट कैरियर है, जबकि चीन के पास दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। इसी तरह भारत के पास 16 सबमरीन हैं जबकि चीन के पास 74 हैं। भारत के पास 10 एयरक्राफ्ट डिस्ट्रॉयर हैं, वहीं चीन के पास 36 हैं। भारत के पास तीन माइन वारफेयर हैं, जबकि चीन के पास 29 हैं। इसी तरह भारत के पास 139 कोस्टल पैट्रोल हैं जबकि चीन के पास 220 हैं।

**कितने परमाणु हथियार?**

भारत के पास कितने परमाणु हथियार हैं, इसका कोई सार्वजनिक डाटा नहीं है। आर्म्ड फोर्सेज डॉट ईयू की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास अनुमानित 150 न्यूक्लियर हथियार हैं। चीन के पास 280 से ज्यादा न्यूक्लियर हथियार हैं। कई रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि चीन के पास इससे ज्यादा परमाणु हथियार हो सकते हैं। मालूम हो कि चीन अब तक 45 बार परमाणु परीक्षण कर चुका है।

**तवांग में अचानक घुस आये तीन...**

साजिशों को नाकाम किया। अरुणाचल-पूर्व के भाजपा सांसद तपीर गाव का इस बारे में कहना है कि नौ दिसम्बर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीन की सेना पीपुल लिबरेशन आर्मी और भारतीय सेना के बीच झड़प हुई और इसमें हमारे सैनिक घायल हुए हैं, पीपुल लिबरेशन आर्मी के भी घायल हुए हैं। सीमा पर तैनात भारतीय जवान एक इंच भी नहीं हिले। अब स्थिति ठीक है। यह जो भी हुआ वह निंदनीय है। कुछ पूर्व सेना अफसरों का कहना है कि इस बार चीन की सेना ने उपयुक्त समय देखकर पूर्व नियोजित हमला किया था। टीन द्वारा यह घटना उत्तराखंड की पहाड़ियों में औली में भारत-अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास आपरेशन युद्धाभ्यास पर आपत्ति जताने के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें दावा किया गया कि यह 1993 और 1996 के सीमा समझौतों का उल्लंघन है।

**जेपीएससी का मार्क्स स्टेटमेंट...**

नहीं होने से आगामी परीक्षा की तैयारी करने में अभ्यर्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई अगले हफ्ते निर्धारित की है। बता दें कि कई तरह के विवादों और रिजल्ट में कई संशोधनों के बाद कुछ महीने पहले जेपीएससी ने सिविल सर्विस परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी किया था।

